लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 16 | अंकः 75 | मूल्यः ₹3.00/- | पेज : 12 | शुक्रवार | 27 दिसंबर, 2024




# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह नहीं रहे। गुरुवार रात दिल्ली के एम्स में उनका निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। गुरुवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें रात 8 :06 बजे एम्स के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका। रात 9 :51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### देश के सबसे ज्यादा शिक्षित नेता रहे मनमोहन सिंह

मनमोहन सिंह देश के ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जो सबसे ज्यादा शिक्षित थे। प्रखर अर्थशास्त्री थे और प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले अल्पसंख्यक भी थे। जब 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में देश में उदारीकरण का दौर शुरू हुआ, तब वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ही थे। इसके बाद उन्होंने 2004 से 2014 तक केंद्र में यूपीए की सरकार का नेतृत्व किया। वे 10 साल प्रधानमंत्री रहे। बराक ओबामा जैसे तत्कालीन विश्व नेता आर्थिक मामलों पर मनमोहन सिंह की समझ के कायल रहे।

### कांग्रेस ने रैली रद्द की

इससे पहले, पूर्व प्रधानमंत्री की तबीयत बिगड़ने की जानकारी सामने आने पर कांग्रेस ने कर्नाटक में होने वाली अपनी रैली को रद्द कर दिया। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी कर्नाटक से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। प्रियंका गांधी भी एम्स पहुंच गईं। प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हमारे राष्ट्र के प्रति आपकी सेवा के लिए धन्यवाद। देश में आपके द्वारा लाई गई आर्थिक क्रांति और प्रगतिशील बदलावों के लिए आपको हमेशा याद किया जाएगा।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की शिक्षा

उन्होंने 1948 में पंजाब विश्वविद्यालय से मैट्रिक की शिक्षा पूरी की। उसके बाद उन्होंने अपनी आगे की शिक्षा ब्रिटेन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1957 में उन्होंने अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी से ऑनर्स की डिग्री हासिल की। इसके बाद 1962 में उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नूफिल्ड कॉलेज से अर्थशास्त्र में डी. फिल किया। उन्होंने अपनी पुस्तक भारत में निर्यात और आत्मनिर्भरता और विकास की संभावनाएं में भारत में निर्यात आधारित व्यापार नीति की आलोचना की थी।

### सलमान खुर्शीद ने निधन के बाद शोक जताया

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन की सबसे पहले खबर कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने ट्वीट कर दी। 92 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को गुरुवार रात 8:06 बजे एम्स के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका।

### भूपेश बघेल ने मनमोहन सिंह किया याद

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर सिंह के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में मनमोहन सिंह के योगदान को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे।

### दिल्ली एम्स ने जारी किया बयान

मनमोहन सिंह देश के ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जो सबसे ज्यादा शिक्षित थे। प्रखर अर्थशास्त्री थे और प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले अल्पसंख्यक भी थे। जब 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में देश में उदारीकरण का दौर शुरू हुआ, तब वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ही थे। इसके बाद उन्होंने 2004 से 2014 तक केंद्र में यूपीए की सरकार का नेतृत्व किया। वे 10 साल प्रधानमंत्री रहे। बराक ओबामा जैसे तत्कालीन विश्व नेता आर्थिक मामलों पर मनमोहन सिंह की समझ के कायल रहे।

### पीएम मोदी ने जताया शोक

पीएम मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा- भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक, डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक व्यक्त करता है। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।

# दिल्ली में चुनाव की घोषणा से पहले आप-कांग्रेस में रार

## 'आप' ने 24 घंटे में माकन पर कार्रवाई करने की मांग की, सीएम आतिशी ने कांग्रेस को दिया अल्टीमेटम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच तनातनी बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से अजय माकन पर कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि कांग्रेस के बयानों से यह स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस ने भाजपा के साथ समझौता कर लिया है। कल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल देशद्रोही हैं। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहती हूं कि क्या उन्होंने कभी किसी भाजपा नेता पर यही आरोप लगाए हैं? नहीं। लेकिन आज कांग्रेस अरविंद केजरीवाल पर देशद्रोही होने का आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने कल मेरे और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। क्यों? क्या कांग्रेस ने कभी किसी भाजपा नेता के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज कराई है?




### भाजपा ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया

महिला सम्मान योजना को लेकर भाजपा की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को हिरासत में लिया है। भाजपा महिला मोर्चा की दिल्ली अध्यक्ष ऋचा पांडे का आरोप है कि केजरीवाल ने पंजाब में भी महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए देने का वादा किया था, लेकिन नहीं दिया। दिल्ली में ऐसा ही वादा कर जनता को ठगा जा रहा है। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष योगिता सिंह ने कहा- आम आदमी पार्टी फर्जी तरीके से लोगों का रजिस्ट्रेशन करवा रही है। इसके माध्यम से उनका पर्सनल डाटा भी कलेक्ट करने की कोशिश विधानसभा चुनाव से पहले की जा रही है। हम लोग इसकी शिकायत पुलिस में भी करेंगे।

### अजय माकन पर हो कार्रवाई: सीएम आतिशी

सीएम आतिशी ने कहा, हमें विश्वसनीय स्रोतों से पता चला है कि कांग्रेस उम्मीदवारों का चुनावी खर्च भाजपा से आ रहा है। भाजपा कांग्रेस उम्मीदवारों को फंड दे रही है। हमने सुना है कि संदीप दीक्षित को भाजपा से फंड मिल रहा है। अगर कांग्रेस को लगता है कि हम (आम आदमी पार्टी) देशद्रोही हैं, तो उन्होंने हमारे साथ गठबंधन करके लोकसभा चुनाव क्यों लड़ा? यह स्पष्ट है कि कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के साथ आप को हराने और दिल्ली में भाजपा को जिताने के लिए कुछ आपसी समझौता किया है। अगर कांग्रेस और भाजपा के बीच कोई समझौता नहीं हुआ है, तो उन्हें 24 घंटे के भीतर अजय माकन के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

### माकन ने केजरीवाल को फर्जीवाल कहा था

कांग्रेस नेता अजय माकन ने 25 दिसंबर को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को देश का फ्रॉड किंग यानी सबसे बड़ा धोखेबाज बताया। माकन ने कहा कि अगर केजरीवाल को एक शब्द में परिभाषित करना हो, तो वो शब्द 'फर्जीवाल' होगा। माकन ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन में आना कांग्रेस की भूल थी, जिसे अब सुधारा जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि यह उनकी निजी राय है। माकन कांग्रेस की तरफ से आप और भाजपा के खिलाफ 12 पॉइंट का व्हाइट पेपर रिलीज करने के दौरान ये बातें कही।

### केजरीवाल पर एफआईआर चाहती है कांग्रेस

कांग्रेस को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं में भारी नाराजगी है। आप सूत्रों के हवाले से खबर है कि इंडी गठबंधन से कांग्रेस को बाहर कराने के लिए आम आदमी पार्टी दूसरी पार्टियों से बातचीत करेगी। आप का कहना है कि कांग्रेस भाजपा के साथ मिलकर काम कर रही है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर की मांग व कांग्रेस के नेताओं के बयानों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं में नाराजगी है।

### 24 घंटे में अजय माकन पर हो कार्रवाई: आप

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कांग्रेस हर संभव कोशिश कर रही है। भाजपा कांग्रेस का फंडिंग कर रही है। अजय माकन भाजपा का स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। अजय माकन ने अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही कहा, पार्टी 24 घंटे में उनके खिलाफ कार्रवाई करे। कार्रवाई नहीं हुई तो हम कांग्रेस को इंडी गठबंधन से अलग करने की मांग करेंगे।

### प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष ने केजरीवाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत की

प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षय लाकड़ा ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी से जुड़े अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने संसद मार्ग थाने में शिकायत की है। अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर दिल्ली की जनता को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि आप के विधायक और एमसीडी पार्षदों की ओर से कथित तौर पर व्यक्तिगत डेटा मतदाता पहचान पत्र और फोन नंबर एकत्रित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में ओटीपी सत्यापन का उपयोग किया जा रहा है, जिससे जनता का विश्वास तोड़ा गया है। वहीं दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई योजना लागू नहीं की गई है। लाकड़ा ने आरोप लगाया कि यह कदम धोखाधड़ी और जालसाजी का स्पष्ट उदाहरण है, जिससे जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया।

### महिलाओं को गुमराह कर रही आप: देवेन्द्र यादव

उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को राजनीतिक छलावा करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना के नाम पर महिलाओं को गुमराह कर फार्म भरवाए जा रहे हैं, जबकि दिल्ली सरकार के बाल विकास विभाग की ओर से जारी नोटिस ने स्पष्ट किया गया है कि यह कोई सरकारी योजना नहीं है। देवेंद्र ने कहा कि केजरीवाल ने चुनावी लाभ के लिए महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देने का झूठा वादा किया है। इसके तहत आप कार्यकर्ताओं ने झुग्गी-झोपड़ी में फार्म भरवाकर महिलाओं की जानकारी इकट्ठा की। इन फर्जी योजनाओं के जरिये आप साइबर अपराध और बैंकिंग धोखाधड़ी को बढ़ावा दे रही है। इस तरह की जानकारी साझा करने से महिलाओं को गंभीर वित्तीय नुकसान हो सकता है। आप ने 2022 में पंजाब और 2024 में दिल्ली में महिलाओं को 1000 रुपये मासिक देने का वादा किया था, जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया। महिलाओं को आर्थिक सहयोग देने के नाम पर केवल झूठे वादे किए गए, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ।

**तबादले की आस लगाए बैठे बेसिक शिक्षकों को डर**

# कहीं गुजर न जाए तबादलों का ये भी मौसम

**जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के पारस्परिक तबादलों की आस में बैठे बेसिक शिक्षकों का धैर्य जवाब देने लगा हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता की वजह से घर जाने की बाट जोह रहे शिक्षकों को डर सता रहा है कि कहीं इस बरस भी तबादलों का ये मौसम यूं ही न गुजर जाए। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से पिछले समर वेकेशन में पारस्परिक स्थानांतरण नहीं हो सका था। जिससे परिषदीय शिक्षक व शिक्षकायें काफी मायूस है। परिषदीय शिक्षकों का मानना है कि अगर शासनादेश जल्द जारी नहीं होता है तो इस विंटर वेकेशन में भी पारस्परिक स्थानांतरण नहीं हो पाएगा और फिर से लंबा इंतजार करना पड़ेगा। प्रशासनिक ढील से खफा शिक्षक संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ट्रांसफर ऑर्डर जारी नहीं किए गए तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### साल में सिर्फ दो बार गर्मी और सर्दी में ट्रांसफर का नियम

अंतः जनपदीय परस्पर स्थानांतरण के लिए शिक्षकों का एक शिक्षा सत्र में दो बाद तबादला किया जा सकता है। ये ट्रांसफर या तो ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हो सकेंगे या फिर सर्दी के मौसम में छुट्टियों के समय। कक्षा के संचालित रहते हुए किसी भी सूरत में तबादले नहीं किए जा सकेंगे। शिक्षक निर्धारित तिथियों के मध्य ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### इनकी भी सुनिए

- बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने पारस्परिक तबादले का प्रस्ताव 10 दिसंबर को ही शासन में भेज दिया था, लेकिन शासन स्तर पर अधिकारी के उदासीनता के चलते अभी तक पारस्परिक स्थानांतरण के लिए कोई आदेश जारी नहीं हुआ।
- प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला उपाध्यक्ष रवीश मिश्रा ने बताया कि अपने ही जिले में शिक्षकों को 90 से 100 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे आए दिन शिक्षकों के साथ तमाम दुर्घटनाएं हो रही हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि समय से पारस्परिक स्थानांतरण आदेश जारी करें, जिससे शिक्षकों का तबादला हो सके।
- प्राथमिक शिक्षक संघ के बस्ती जिला के कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव व विवेककांत पाण्डेय जिला संगठन मंत्री का कहना है कि, जब शासनादेश में स्पष्ट है कि ठंडी और गर्मी के अवकाश में पारस्परिक तबादले होने हैं। उसके बावजूद भी गर्मी के छुट्टी में अधिकारियों के उदासीनता के चलते पारस्परिक स्थानांतरण नहीं हो सका था। इस बार भी अभी तक आदेश जारी न होने से शिक्षक मायूस है।

### वेबसाइट पर डालनी होगी संपूर्ण जानकारी

एनसीईआरटी की ओर से विकसित वेबसाइट पर अंतः जनपदीय तबादले के लिए आवेदन से पहले शिक्षकों को अपना संपूर्ण विवरण डालना होगा। ताकि अन्य शिक्षक भी इसे देख सकें और एक-दूसरे के विवरण के आधार पर तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकें। अंतः जनपदीय ट्रांसफर के दौरान स्थानांतरित होने वाले शिक्षकों को हर हाल में 7 दिन के अंदर विद्यालय में अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण करना होगा।

### प्राथमिक विद्यालय में विषय मैपिंग का झंझट नहीं

चूंकि कक्षा एक से पांच तक के लिए तैनात बसिक शिक्षकों में सब्जेक्ट मेपिंग का झंझट नहीं है, इसलिए इन शिक्षकों के तबादलों के मध्य भाषा जैसे विज्ञान, गणित आदि की बाध्यता नहीं होगी। जबकि इसके उलट उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चों के लिए विषयवार शिक्षकों की तैनाती की जाती है। ऐसे में यदि समान जिले में दूर दराज तैनात कोई शिक्षक अदला बदली कर तबादला कराना चाहें तो उनके लिए समान विषय के शिक्षक का होना अनिवार्य है। यानि गणित का टीचर गणित वाले से ही रिप्लेस किया जा सकेगा और विज्ञान का शिक्षक विज्ञान वाले से।

### समान पद पर समान पद वाले शिक्षक का ही तबादला

अंतः जनपदीय तबादले की शर्त ये भी है कि समान पद पर समान शिक्षक का ही तबादला हो सकेगा। यदि कोई प्रधानाचार्य पद पर तैनात है तो उसी पद पर तैनात दूसरा शिक्षक भी इच्छुक होगा तभी तबादला संभव है। इसके साथ ही कागजी कार्रवाई में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। ऑनलाइन आवेदन करते वक्त यदि कोई कमी छूट गई तो उसे सुधारा नहीं जा सकेगा।

### जिन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई उनका तबादला नहीं

यदि किसी शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई चल रही है तो अंतः जनपदीय स्थानांतरण की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई समाप्त होने पर ही उस शिक्षक का तबादला या कार्यमुक्त या कार्य ग्रहण कराया जा सकेगा।

# ललितपुर की एक मुस्लिम महिला शहनाज बानो ने अपने बच्चों के साथ हिंदू धर्म अपनाया

## धर्म परिवर्तन के लिए शहनाज ने एक हलफनामा प्रस्तुत किया, जिसमें तीन गवाह भी थे


- जिला मजिस्ट्रेट ने इस हलफनामे की समीक्षा की और फिर उसे राज्यपाल के पास भेज दिया
- राज्यपाल ने इसे बिना किसी आपत्ति के मंजूरी दे दी और इसे वापस जनपद में भेज दिया

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

ललितपुर जिले की एक मुस्लिम महिला शहनाज बानो ने अपने बच्चों के साथ हिंदू धर्म अपना लिया है। इस धर्म परिवर्तन के लिए शहनाज ने एक हलफनामा प्रस्तुत किया, जिसमें तीन गवाह भी थे। जिला मजिस्ट्रेट ने इस हलफनामे की समीक्षा की और फिर उसे राज्यपाल के पास भेज दिया। राज्यपाल ने इसे बिना किसी आपत्ति के मंजूरी दे दी और इसे वापस जनपद में भेज दिया। शहनाज ने इस कदम को सामाजिक स्वीकृति और महिलाओं के लिए सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### शहनाज बानो का नाम संजना रखा गया

शहनाज बानो ने अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ धर्म परिवर्तन किया है। उन्होंने अपनी बेटी मंशा, आफरीन, आलिया और बेटे जनैद का भी धर्म परिवर्तन कराया है। अब शहनाज बानो का नाम संजना रख लिया गया है, और उनके बच्चों के नाम भी बदलकर नए हिंदू नाम रखे गए हैं। उनकी बेटी आफरीन का नाम अब आस्था सिंह, मंशा का नाम मान्या, आलिया का नाम आलिया सिंह, और उनके बेटे जनैद का नाम शिवा सिंह रखा गया है।



### पूरी तरह से एक स्वैच्छिक निर्णय है

शहनाज बानो ने इस कदम को पूरी तरह से अपनी इच्छा के तहत लिया है। उनका मानना है कि धर्म परिवर्तन के बाद उन्हें और उनके परिवार को एक नया जीवन और सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में महिलाओं को जो समाज में स्थान और अधिकार मिलते हैं, वह मुस्लिम समाज में नहीं हैं। यही कारण है कि उन्होंने और उनके परिवार ने इस धर्म को अपनाया, ताकि उन्हें समाज में बेहतर स्थान मिल सके। शहनाज ने इस निर्णय को समाज के लिए एक उदाहरण बताया और कहा कि धर्म परिवर्तन का अधिकार हर व्यक्ति को है और यह पूरी तरह से एक स्वैच्छिक निर्णय है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का फिजिकल शुरू, पहले दिन 6000 का होगा परीक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के बाद जारी कटऑफ सूची में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। प्रदेश के सभी 75 जिलों की पुलिस लाइन में परीक्षा के पहले दिन करीब 6000 अभ्यर्थी दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्ण ने बताया कि सभी जिलों में गठित बोर्ड द्वारा शारीरिक मानक परीक्षा और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। बता दें कि अगस्त माह में आयोजित लिखित परीक्षा के बाद जारी कट ऑफ सूची में चयनित करीब 1,74,316 अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षा और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए चरणबद्ध तरीके से बुलाया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तैयारी

## विभाग में कार्यरत वे कर्मचारी जो 50 साल या उससे अधिक उम्र के हैं उनकी स्क्रीनिंग करवाई जाएगी

- स्क्रीनिंग में लापरवाह या दागी कर्मचारी पाए गए तो उन्हें लेकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर कमेटी द्वारा फैसला लिया जा सकेगा
- स्क्रीनिंग उन कर्मचारियों की होनी है जो लिपिक और आशुलिपिक कैडर में कार्यरत हैं

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

स्वास्थ्य विभाग के 50 साल या इससे अधिक उम्र वाले कर्मचारियों के दिल-दिमाग को परेशान करने वाली एक खबर आई है। कामकाज सही न पाए जाने पर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों के लिए बहुत जरूरी खबर सामने आ रही है। इस विभाग में कार्यरत वे कर्मचारी जो 50 साल या उससे अधिक उम्र के है उनकी स्क्रीनिंग करवाई जाएगी। डिसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित कर दी गई है।



स्क्रीनिंग में लापरवाह या दागी और दोषी कर्मचारी पाए गए तो उन्हें लेकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर कमेटी द्वारा फैसला लिया जा सकेगा। स्क्रीनिंग उन कर्मचारियों की होनी है जो लिपिक और आशुलिपिक कैडर में कार्यरत हैं। इसके लिए शासन द्वारा आदेश भी दे दिया गया है।

### विभागाध्यक्ष से कर्मचारियों को लेकर फीडबैक माँगा गया है

लिपिक और आशुलिपिक के संबंध में विभागाध्यक्षों से 15 बिंदुओं पर निदेशक प्रशासन ने रिपोर्ट की मांग की है जिसमें कर्मचारी की तैनाती का वर्ष से लेकर सेवाकाल, शिकायत होने न होने की जानकारी, जांच रिपोर्ट और सजा पर आख्या संबंधी रिपोर्ट मांगी गई है। इतना ही नहीं, विभागाध्यक्ष से कर्मचारियों को लेकर फीडबैक की मांग भी विशेष रूप से की गई है। मंडल स्तर पर इस पूरी लिस्ट को तैयार करने का आदेश है और फिर इसको अपर निदेशक को एक हफ्ते में रिपोर्ट देनी होगी। वहीं जब रिपोर्ट स्क्रीन कर ली जाएगी तो 15 दिन के भीतर तीन सदस्यीय कमेटी के सामने प्रस्ततु भी कर दिया जाएगा। जिसके आधार कर्मचारियों के रखने न रखने को लेकर निर्णय लिए जा सकेंगे।

### 31 मार्च 2024 को 50 साल की आयु पूरी कर चुके कर्मचारियों की कार्यक्षमता आंकी जाएगी

निदेशक प्रशासन शिव सहाय अवस्थी द्वारा सभी विभागाध्यक्षों के साथ ही अपर निदेशक स्वास्थ्य से लेकर महानिदेशक को पत्र भेजा गया है जिसमें जानकारी दी गई है कि शासन ने 26 अक्टूबर 1985 व छह फरवरी 1989 को अलग-अलग आदेश दिए जिसमें मूल नियम-56 में यह व्यवस्था बताई गई है कि 50 साल से ज्यादा आयु के किसी भी कर्मचारी को बिना कारण तीन महीने की नोटिस या तीन महीने का वेतन का भुगतान कर अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जा सकती है। यह नियम वित्तीय हस्तपुस्तिका के खंड दो, भाग दो से चार तक मूल नियम-56 में दर्ज है। इसी नियम के अंतर्गत स्क्रीनिंग होगी जिसमें 31 मार्च 2024 को 50 साल की आयु पूरी कर चुके कर्मचारियों की कार्यक्षमता आंकी जाएगी और तय मानक पर न उतरे पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने को लेकर विचार किया जा सकेगा।

# भैसौंधा गांव में समाजसेवी संस्था ने वितरित किए कम्बल



**जन एक्सप्रेस । शिवरामपुर, चित्रकूट**

महावीर फाउंडेशन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा सदर तहसील क्षेत्र के भैसौंधा ग्राम पंचायत में वृद्धा, विधवा व दिव्यांग लोगों को निःशुल्क कम्बल का वितरण किया गया। महावीर फाउंडेशन ट्रस्ट के फाउंडर डॉ रामनरेश ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा ऐसे कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरीब एवं असहाय लोगों की मदद के लिए लिए किए जाते है। बढ़ती ठंड के मौसम को देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया गया है। जिससे ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की कुछ मदद हो सके। बताया कि जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम पूरे ठंड के सीजन तक जारी रहेगा। इस मौके पर डॉ वीरेंद्र एन सिंह, विक्रम सिंह, आनंद विक्रम, लवलेश चंद्र, शिवम, दयाराम, शाहिद परवेज, रामकुमार कश्यप, सतपाल प्रधान, शिवांश, अंकुर, डॉ रामचंद्र, अनुपम शुक्ला, मनोज, संजय, विनय द्विवेदी, बच्चाराम यादव, विश्वेंद्र प्रताप, संदीप, कुलदीप, लवकुश, जीतू आदि मौजूद रहे।

# 50 लाख के गांजे के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस एसओजी टीम को मिली सफलता, एसपी ने किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम को संयुक्त रूप से बड़ी कामयाबी मिली है। जिसमें दोनों टीमों ने अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 50 लाख रुपए की कीमत का अवैध गांजा बरामद किया गया है। जिसे डिमांड के हिसाब से तस्कर सप्लाई करते थे, यह एक डीसीएम में कृषि यंत्रों के सहारे ढककर ले जा रहे थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया।मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी व एसओजी प्रभारी और सर्विलांस टीम को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड स्थित विजय विक्रम पैलेस पेट्रोल पंप के आगे एक डीसीएम में हार्वेस्टर के टैंक में अवैध तरीके से गांजा रखा हुआ है। जिसे जालौन के साथ-साथ अलग-अलग इलाकों में सप्लाई के लिए लाया गया है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम मौके पर पहुंच गई। जहां जांच की गई तो डीसीएम में रखे कृषि यंत्र के टैंक में अवैध गांजा रखा हुआ था। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इस दौरान डीसीएम गाड़ी में सवार मध्य प्रदेश के अनूपपुर जनपद के थाना पुष्पराजगढ़ के रहने वाले गणेश प्रसाद राठौर पुत्र दिलदार राठौर, मध्य प्रदेश के ही छतरपुर जनपद के महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमा महाराजपुर के रहने वाले प्रमोद सैन पुत्र सुखलाल व मनोज रैकवार पुत्र स्वर्गीय घनश्याम दास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तीनों लोगों ने बताया कि वह डिमांड के अनुसार विभिन्न विभिन्न जनपदों में गांजा की सप्लाई करते थे और इसे दूसरे प्रांत लाते थे। फिलहाल तीनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया गया।

# डीएम ने किया बरुआ डैम में चल रहे कार्यों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई प्रखंड प्रथम कर्वी के कार्य क्षेत्र अंतर्गत बरुआ डैम पर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम ने कार्यों का जायजा लेकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जूनियर इंजीनियर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि बरुआ डैम पर स्वीकृत परियोजना (बाँध का पुनरुद्धार, गाइड वाल, रेन शूट, सीपेज ड्रेन आदि) के सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं। मात्र गाइड वाल एवं पैरापेट की पेंटिंग का कार्य शेष है, जो जल्द ही पूर्ण करा लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कराए जा रहे कार्यों की प्रथम दृष्ट्या गुणवत्ता सही पाई। साथ ही बरुवा डैम के टॉप पर सड़क नवीनीकरण के कार्य की भी गुणवत्ता सही पाई गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि इस परियोजना से सम्बन्धित कार्य को गुणवत्तापूर्ण शासन की मंशानुरूप कराया जाए। डीएम ने निरीक्षण के दौरान डैम में चार मिलियन घन मीटर पानी उपलब्ध पाया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि रबी फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पेंशनधारियों के बनाए जाएंगे आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**जन एक्सप्रेस । उरई**

समाज कल्याण विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र के 31,938 एवं शहरी क्षेत्र में 4,976 पेंशनधारी लाभार्थियों की सूची स्वास्थ्य विभाग को सौंपी है। इनका विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस योजना में पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा आयुष्मान योजना से पंजीकृत किसी भी अस्पताल में मिलती है। आयुष्मान भारत योजना के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आशीष कुमार झा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से सभी ब्लॉक के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के उन पेंशनधारी वृद्धजनों की सूची प्राप्त कर ली गई है, जो सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत विभाग से पेंशन की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अपने-अपने खातों में प्राप्त कर रहे हैं। इसमें शहरी क्षेत्र के 4,976 लाभार्थियों में से 2,422 महिलाएं एवं 2,554 पुरुष हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 31,938 लाभार्थियों में से 14,843 महिलाएं एवं 17,095 पुरुष हैं। पंचायत सहायक, सीएचओ एवं आयुष्मान मित्र के माध्यम से इन सभी को आयुष्मान योजना में पंजीकरण करते हुए उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है।

## प्रतिकूल प्रविष्टि, अस्थायी वेतन वृद्धि शीघ्र बहाल हो: विद्या सागर मिश्र



**जन एक्सप्रेस । उरई**

प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक स्टेशन रोड़ स्थित शिक्षक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्र ने कहा शिक्षको का शोषण बर्दाश्त नही होगा, चाहे कितना बड़ा आंदोलन करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षको को प्रतिकूल प्रविष्टि, स्थायी बेतन बृद्धि एवं अस्थाई बेतन बृद्धि न देकर शिक्षको का मानसिक शोषण किया जा रहा है। दो बर्ष बीत जाने पर उसका कोई हल नही हुआ है। यह समस्या शीघ्र हल नही हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की होगी। संगठन हमेशा शिक्षक हित में संघर्ष करता रहेगा। बैठक में जिलामंत्री नरेश निरजन ने कहा संगठन शिक्षक के हर दुख सुख के साथ है, आप सब संगठित रहे और संगठन की आबाज पर एकत्रित हो। बैठक में उपवन सिंह, सोम त्रिपाठी, युद्धबीर कन्थरिया, मनीष समाधिया, रामशरण निरजन, अरुण निरजन, लक्ष्मण सेंगर, अजय निरजन, प्रेमचंद निरजन, सुनील श्रीवास्तव, निर्दोष दुबेदि, ब्रजेन्द्र दूरबार, पंकज सिंह, प्रभाकांत कुलश्रेष्ठ, लालजी पाठक, संजय कुमार, योगेंद्र सिंह, महेंद्र वर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ सुंघाकर मजदूर महिलाओं से सोने के आभूषण ले गए टप्पेबाज

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोंच कोतवाली क्षेत्र के भेड़ में बुधवार को गांव के बाहर प्याज के खेत पर निदाई कर रही दो मजदूर महिलाओं को बाइक सवार दो टप्पेबाजों ने निशाना बना लिया। रास्ता पूंछने के बहाने नशीला पदार्थ सुंघाकर उनके कब्जे से पहने हुए सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिलाओं ने शिकायत पुलिस से कर न्याय की गुहार लगाई है।

कोंच कोतवाली के ग्राम भेंड़ निबासी महिला महादेवी अपनी रिश्ते में लगने वाली बहू शांति देवी के साथ बुधवार को गांव के बाहर किसान मनीराम के प्याज के खेत पर प्याज की निदाई की मजदूरी कर रही थी। बताया गया कि दोपहर बाद बाइक सबार दो युवक उनके पास पहुंचे और महिलाओं से बात करते हुए आगे जाने का रास्ता पूछने लगे। इसी बीच एक युवक ने उन महिलाओं को कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जिससे उनका सिर चकराने लगा और वह बेसुध हो गई। इसके बाद दोनों युवक महिलाओं के कान में पहने सोने के टॉप्स और बाला दोनो के उतार कर वहां से भाग गए। कुछ देर बाद किसान जब वहां पहुचा, तो महिलाओं जे उन्हें अपने साथ हुई घटना की सारी जानकारी दी। जिसके बाद शिकायत पुलिस से की गई। मामले में सीओ देवेंद्र पचौरी का कहना है कि आरोपितों ने महिलाओं को बहला फुसलाकर टॉप्स और बाला उन्ही से लिये है। घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है, जांच उपरांत मुकदमा दर्जकर लिया जाएगा।

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

# सैनिकों की तरह व्यापारियों को मिलना चाहिए सम्मान- कंसल

**जन एक्सप्रेस । उरई**



मुख्यालय के जेल रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संजीव सिपोलिया और प्रदीप द्विवेदी को जिला महामंत्री बनाया गया। वहीं रंजना अग्रवाल, बब्लू दुबे को जिला संगठन मंत्री व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभंजन गर्ग, बलवीर सोनी, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर पाण्डेय को बनाया गया। जिला शोशल मिडिया प्रभारी लवकुश त्रिपाठी और कुमारी मंजू रानी बर्मा विधिक सलाहकार प्रमुख बनाया गया। इसके अलावा केदार भारद्वाज, महेंद्र सेठ, गिरीश पालीवाल, अनिल बाबू लोहरी, प्रमोद मित्तल को जिला संरक्षक बनाया गया। इससे पहले कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल नें कहा कि व्यापारी देश की रेल की हड्डी है। उसके बिना सरकार नहीं चल सकती। कहा कि सैनिकों की तरह व्यापारियों को भी सम्मान मिलना चाहिए। महिला बिंग की प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल नें कहा कि आज महिलाएं अंतर्निर्भर हो चुकी हैं। वह भी आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर व्यापार कर रही है। उनको भी हर जगह मान सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता नें आये हुए लोगो आभर प्रकट करते हुए कहा कि व्यापारी ही सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स देता है। लेकिन आज भी जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष नें सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर व मनोनयन पत्र सौंपते हुए बधाई दी गई। इस मौके पर अरुण त्रिपाठी, प्रीति बंसल, अंकित त्रिपाठी, उदय करण प्रजापति, मनोज पोरवार, निशा राजपूत, उमेश शर्मा, संदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अमित सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# फतेह सिंह और जोरावर सिंह की स्मृति में हुआ शहीद दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



बैजनाथ भारद्वाज विद्यामंदिर इण्टर कॉलिज बेडीपुलिया में गुरुवार को गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों फतेहसिंह और जोरावर सिंह की स्मृति में शहीद दिवस का आयोजन वीर बाल दिवस के रूप में किया गया। जिसका शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया।

फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह को औरंगजेब के द्वारा इस्लाम धर्म न स्वीकार करने पर जीवित दीवार पर चुनवाए जाने की ऐतिहासिक घटना की स्मृति में शहीद दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्जित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों के व्यायाम योग के प्रदर्शन का अवलोकन किया। उन्होंने भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति स्व एपीजे अबुल कलाम आजाद की शिक्षा का स्मरण कराते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने चाहिए, किंतु यह सपने सोते हुए नहीं देखना चाहिए, बल्कि इन सपनों को देखने के बाद उन्हें पूरा किए बिना नींद नहीं आनी चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक व जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकान्त उपाध्याय ने फतेह सिंह व जोरावर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश और धर्म के लिए किये गए उनके अप्रतिम वलिदान का स्मरण किया। बाल मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी व खाद्य पदार्थों के भी स्टाल भी लगाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य राघवेंद्र पाण्डेय, आरएसएस के जिला प्रचारक लोकेन्द्र, केसीएनआईटी बांदा के? कुशल यादव, अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट स्टेशन पर स्थानीय प्रशासन और रेलवे मिलकर कर रहे सुविधाओं का प्रबन्ध

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान के बाद चित्रकूट आने के दृष्टिगत झांसी रेलवे मंडल स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर चित्रकूधामकर्वी रेलवे स्टेशन की सुविधाओं और महाकुंभ की तैयारियों को बेहतर करने में जुटा है।

झांसी मंडल के डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि आगामी महाकुंभ मेले के दृष्टिगत रेलवे के अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार के अफसरों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते आने वाली श्रद्धालुओं की संख्या को प्रबंधित करने की रूपरेखा तैयार कर चुके हैं। बताया कि महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु काफी लोग चित्रकूट भी आते है। जिसके लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चुने गए स्टेशनों की सुविधाओं को बेहतर करने का काम किया जा रहा है। महाकुंभ से सम्बन्धित जिले के स्टेशनों में अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाए गए है।

# डीएम ने नगरीय निकायों में प्रचलित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा की

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगरीय निकायों में प्रचलित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल की व्यवस्था दुरस्त रखे, किसी को भी पानी की समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि अगर कही भी कूड़ा जलता पाया गया तो सम्बंधित अधिकारी उत्तरदायी होगा, इसलिए कूड़ा न जलने पाए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान दिया जाए। सड़को पर गंदगी मिलने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो कार्य लंबित है उनको तत्काल पूर्ण कराये, अगर कार्य मे गड़बड़ी मिली तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में रूफटाफ हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए और राजस्व वसूली में तेजी लाये। उन्होने ईओ उरई को निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में मॉडल शौचालय बनाया जाए। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पंचायत माधौगढ़ द्वारा 15 वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर स्वीकृत निर्माण कार्यो को कराये जाने की अत्यंत धीमी गति तथा तहसील परिसर माधौगढ़ में जल-भराव की समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने में शिथिलता के लिए नोटिस निर्गत किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ जालौन एवं कालपी तथा ईओ नगर पंचायत कदौरा को निर्माण कार्यो की अत्यंत धीमी गति तथा सफाई व्यवस्था में उदासीनता हेतु चेतावनी निर्गत किये जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि रैन बसेरा में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए और साथ ही निरंतर अलाव जलाए जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला में गौवंशो को शीत लहर से बचाव हेतु त्रिपाल एवं अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त उप जिलाधिकारी मनोज कुमार, समस्त अधिशाषी अभियंता आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कृषि गोष्ठी का आयोजन कर बताया फार्मर रजिस्ट्री आईडी का महत्व

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रौली कल्याणपुर में गुरुवार को कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम तथा सब मिशन एग्रीकल्चर एक्टेंशन योजना के तहत विकासखण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस निवेश मेले एवं गोष्ठी में उप कृषि निदेशक राजकुमार ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, रबी फसलोंत्पान व फसल सुरक्षा के बारें में बताया। साथ ही उन्होंने सभी किसानों को अपनी जमीन का आधार लिंकेड फार्मर रजिस्ट्री कराने को कहा। बताया कि किसान अपना आधार कार्ड, खसरा-खतौनी व आधार लिंकेड मोबाइल नम्बर की सहायता से अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र, कृषि विभाग के तकनीकी सहायक व राजस्व विभाग के लेखपाल से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने किसानों को कृषि के लिए बुवाई, फसल सुरक्षा, कृषि निवेश व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी। नेडा परियोजना निदेशक एके श्रीवास्तव ने सोलर पम्प के अनुदान एवं प्रकिया के सम्बन्ध में जानकारी दी। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं व कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जानकारी दी। पूर्व कृषि रक्षा सहायक रमेश कुशवाहा ने किसानों को फसल कीट प्रबन्धन एवं कृषि सम्बन्धी तकनीकी की जानकारी दी।
इस मौके पर सहायक कृषि विकास अधिकारी शिवमिलन यादव, जेई विद्युत रजनीश मिश्रा, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार मनोज कुमार, एटीएम हीरा लाल, बीटीएम श्रीकांत चैरिहा, ग्राम प्रधान इन्द्रणी, प्रधान पति राम अनूप, किसान अजय, रामकृष्ण द्विवेदी, देवराज, कामता प्रसाद मिश्र, फूलचन्द्र करवरिया, बुद्धविलास आदि मौजूद रहे।

### टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फतेहपुर ने ललितपुर को हराया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 का दूसरा लीग मैच गुरुवार को ललितपुर और फतेहपुर के बीच खेला गया। जिसमें फतेहपुर की टीम ने ललितपुर की टीम को 30 रन से पराजित कर दिया। मैच में फतेहपुर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। फतेहपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट खो कर 164 रन बनाए। जिसमें अफसर खान के 37 और राहुल के 28 रन शामिल रहे। ललितपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिनव व अतीक ने दो-दो विकेट लिए। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ललितपुर की टीम ने 24 ओवर में 134 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई । जिसमें साकेत के 37 और अभिनव के 35 रन शामिल रहे। फतेहपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मनीष व पीयूष ने तीन-तीन विकेट लिए। फतेहपुर की टीम ने इस मुकाबले को 30 रन से जीत लिया। फतेहपुर के पीयूष को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अंपायर के रूप में ऋषि और शाहनवाज हुसैन रहे। इस मौक पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, रत्नेश द्विवेदी, अमरीश मिश्रा, हिमांशु, दीपक, रामचंद्र, विजय भारद्वाज, सौरभ नहर, लोकेश सिंह, आदेश आदि मौजूद रहे।

### ओवर ब्रिज के पास की जाए आवागमन की व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के व्यापारियों ने गुरुवार को ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग में लोगों के आवागमन के लिए स्थायी रूप से रास्ता देने की मांग की। इस दौरान कई व्यापारी संगठनों ने संयुक्त रूप से अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम को ज्ञापन सौंपा। सपा पदाधिकारियों और व्यापारियों ने अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम से मांग की कि ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग में बन रही बाउंड्रीवॉल के दोनों तरफ स्थायी रूप से रास्ता दिया जाए। साथ ही ओवर ब्रिज से नीचे आने जाने के लिए दोनों तरफ सीढ़ियां भी बनाई जाए। कहा कि यहां की बाजार मुख्यालय की प्रमुख बाजारों में शामिल है, बाउण्ड्री वाल बन जाने से लोगों को आने जाने में व व्यापारियों को व्यापार में भारी दिक्कतों का सामाना करना पड़ेगा। इसलिए यहां पैदल आवागमन के लिए स्थायी रास्ता बनाया जाए। जिससे नगर के लोग सुचारू रूप से आवागमन कर सकें और व्यापारियों का व्यापार बचा रहे। इस सम्बन्ध में सपा पदाधिकारियों व व्यापारियों ने अपर जिलाधिकारी को इस सम्बन्ध में ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, समाजवादी व्यापार सभा जिलाध्यक्ष पप्पू जायसवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व्यापार सभा हिमांशु गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अंकुर पटेल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील कक्का, व्यापारी पीडी गुप्ता, हीरालाल सोनी, गौरीशंकर सोनी, अतुल अग्रवाल, रामनरेश अग्रहरि, बऊवा सिंह, महेंद्र गुप्ता, गन्नू गुप्ता, सोमदेव गुप्ता, संदीप गुप्ता, मुकेश कुमार, बद्री गुप्ता, रामदयाल अग्रहरि, शुभम केशरवानी, रोहित कश्यप, बद्री प्रसाद, शुभांसु केशरवानी, रमन केशरवानी, ध्रुव कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवा नेता रोहिल अग्रवाल को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, बनाया गया राष्ट्रीय प्रभारी



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन ने चित्रकूट के युवा व्यापारी रोहिल अग्रवाल को राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया है। उनके मनोनयन पर क्षेत्रीय व्यापारियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रभारी रोहिल अग्रवाल ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा, नई दिल्ली के अध्यक्ष योगेश सिंघल, राज्य सचिव मनोज वर्मा व आईएएस रेखा वर्मा की मौजूदगी में पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसमें विद्युत विभाग वाराणसी के पूर्व एमडी पृथ्वीपाल सिंह को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी प्रकार लखनऊ के लोकेश अग्रवाल को सह प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा के साथ संगठन मजबूत करने और व्यापारी हितों को लेकर संघर्ष करने को कहा गया है। इस मौके पर बांदा के विपुल सोनी, कर्वी के राजन सोनी, पुष्पेन्द्र जायसवाल, मिसेज इंडिया रह चुकी बबिता सोनी समेत जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने आश्रय स्थल तथा रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** बीती रात को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के द्वारा आश्रय स्थल, तथा रेन बसेरों का औचक निरीक्षण करके ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ठहरे लोगों से मुलाकात करके संवाद स्थापित किया। एसडीएम ने ड्यूटी में मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये।
एसडीएम ने नगर के मोहल्ला आलमपुर में स्थित नगर पालिका परिषद कालपी द्वारा संचालित आश्रय स्थल शेल्टर होम का निरीक्षण किया। इस दौरान कमरों तथा हाल में स्थापित पलंग तथा बेड़ो एवं रजाई, कम्वल, बिस्तर आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। आश्रय स्थल में ठहरे लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने मौके पर मौजूद पालिका कर्मचारियों को रैन बसेरे में सर्दी से बचाव करने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिये। शेल्टर होम में ठहरे लोगों से संवाद स्थापित किया। इसी तारतम्य में कालपी नगर के मोहल्ला राजेपुरा में स्थित रैन बसेरा का भी अधिकारियों की टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया इस दौरान उप जिलाधिकारी ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिये। एसडीएम ने आश्रय स्थल तथा रैन बसेरा को जरुरत मंदों को ठहराव करा कर उपयुक्त सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कदौरा सहित विभिन्न स्थानों में के रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से कर्मचारी व्यवस्था बनाने में जुट गए हैं।



### हम नेहरू-गांधी की विचारधारा और बाबा...

कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक को संबोधित करते गुए कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि, हम नेहरू-गांधी विचारधारा और बाबासाहेब अंबेडकर के सम्मान के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा... पढ़ें पेज 12 पर...

# वीर बाल दिवस : सीएम योगी बोले, सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर हुए कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। ऐतिहासिक समागम एवं श्री सहज पाठ सेवा (श्री अमृतसर) द्वारा 11,000 सहज-पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएम योगी ने लोगों को संबोधित भी किया। सीएम ने कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। एक तरफ इनका गौरवशाली इतिहास है तो दूसरी तरफ सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो, चार-दस परिवार ही बचे हैं।

### कोई महसूस नहीं कर सकता इनका दद...

सीएम ने कहा कि 2019 में गुरुनानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री आवास पर शबद-कीर्तन कार्यक्रम हुआ था। उसके उपरांत 2020 से अनवरत वीर बाल दिवस का आयोजन मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। अब यह पूरे देश का आयोजन हो गया है। आज की तिथि पर गुरु गोबिंद सिंह के दो साहिबजादे (बाबा जोरावर सिंह-फतेह सिंह) वजीर खां के हाथों दीवार में चुने गए थे। चमकौर के युद्ध में दो बड़े साहिबजादे (बाबा अजीत सिंह-जुझार सिंह) शहादत को प्राप्त हुए। मां गुजरी इसे बहुत अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं कर पाईं। इन लोगों पर उस समय क्या बीता होगा, यह दर्द कोई महसूस नहीं कर सकता, फिर भी एक ही लक्ष्य था कि देश व धर्म पर आंच नहीं आने देंगे। इसके लिए गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों ने शहादत देकर देश व धर्म की रक्षा की पक्की नींव खड़ी की। जिस पर न केवल आज भी सिख पंथ, बल्कि पूरा देश गौरव की अनुभूति करता है।

### सिख पंथ की शुरुआत ही देश व धर्म के लिए हुई थी

सीएम ने कहा कि सिख पंथ की शुरुआत ही देश व धर्म के लिए हुए थी। गुरु नानक देव ने सबसे पहले बाबर के अत्याचार का विरोध किया था। लाहौर में गुरु अर्जुन देव का बलिदान जहांगीर के अत्याचार से बचाने के लिए था। गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश नहीं झुकने दिया, इसलिए आज कश्मीर भारत का हिस्सा और शीश बना हुआ है। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने अपनी आंखों के सामने अपने पुत्रों और पिता को बलिदान होते देखा।





### गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का भाव बनता है समृद्धि व खुशहाली का कारण

सीएम ने कहा कि गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंह महाराज, चार साहिबजादों से लेकर पंच प्यारों तक, सिख गुरुओं का इतिहास देश व धर्म के लिए शहादत का इतिहास है। यह केवल कौम का नहीं, देश का इतिहास है। यह भारतवासियों के लिए प्रेरणा है। जाति-पाति का भेदभाव समाप्त हो, इसके लिए गुरुनानक ने शबद-कीर्तन की प्रेरणा दी। मिल-बांटकर खाने के लिए जिस लंगर की शुरुआत की, उसका अनुसरण आज भी हर गुरुद्वारा कर रहा है। गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव ही समृद्धि व खुशहाली का कारण बनता है। भेद परिवार में नहीं, शत्रु-मित्र में होता है। इस भेद को पहचानने की आवश्यकता है।

### ऐतिहासिक परंपरा से जुड़े गुरुद्वारे का होना चाहिए सुंदरीकरण

सीएम ने कहा कि यह वर्ष गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी वर्ष है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर जी गुरु गोबिंद सिंह को लेकर यहां आए थे। सीएम ने कहा कि इस ऐतिहासिक परंपरा को मजबूती देने के लिए नगर निगम के साथ बैठकर सुंदरीकरण की विस्तृत कार्ययोजना बननी चाहिए। पैसा हम उपलब्ध कराएंगे, लेकिन एक-दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी न डालें। राज्य सरकार, नगर निगम, विकास प्राधिकरण की जमीन में हाईरॉइज बिल्डिंग या मॉल बनाकर दुकानदारों का पुनर्वास करें। ऐतिहासिक परंपरा से जुड़े गुरुद्वारे का सुंदरीकरण होना चाहिए।

### हर भारतवासी के लिए देश व राष्ट्र सर्वोपरि

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में आयोजित करने की घोषणा के समय कहा था कि राष्ट्रधर्म हर भारतवासी का धर्म है। भारतवासियों के लिए देश व राष्ट्र सर्वोपरि है। महाराजा रणजीत सिंह ने जितना सोना स्वर्ण मंदिर में दिया, उतना ही बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर को दिया। इसका शिखर व दरवाजे स्वर्णमंडित हुए। सिख योद्धाओं व क्रांतिकारियों ने देश के लिए बलिदान दिया। सीएम ने अपील की कि कोई भी ऐसा कार्य न होने दें, जो गुरु परंपरा की भावनाओं के विपरीत हो। उन्होंने विश्वास दिलाया कि गुरु परंपरा के गौरवशाली इतिहास के सम्मान की रक्षा के लिए डबल इंजन सरकार सदा खड़ी रहेगी।

### अत्याचार सुन सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है

सीएम ने कहा कि जब बांग्लादेश की घटना व पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। सिख गुरुओं के आदर्श हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा देंगे। उनका आशीर्वाद हमारी प्रेरणा है। उस प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे, तब किसी ननकाना साहिब के लिए आंदोलन-संघर्ष की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वह हमें स्वतस्फूर्त भाव से प्राप्त होगा। उस दुश्मन को पहचानें, जो इस कौम के पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश रच रहे हैं।

सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं सीएम ने कहा कि देश के इस जुझारू व समृद्ध कौम ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ व परिश्रम से मिसाल प्रस्तुत की है। कभी बड़ी संख्या में फौज में जाकर सिखों ने भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया, लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम व पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को ड्रग की चपेट में लाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। इन्हें पहचानने और उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। गुरु महाराज हमें मित्र-शत्रु पहचानने की ताकत दें।

## आदेश : देना होगा संपत्ति का ब्योरा वर्ना प्रमोशन तो रुकेगा ही, कार्रवाई भी होगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में राज्य कर्मियों को अपनी-अपनी संपत्ति का ब्योरा देना होगा। इसके बाद ही उन्हें प्रमोशन मिल सकेगा। शासन की ओर से साफ कर दिया गया है कि जो कर्मी ब्योरा नहीं देंगे, उनके प्रमोसन पर विचार नहीं होगा। सभी कर्मियों को अपना ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर देना होगा। शासन की तरफ से जारी पत्र में कहा गया कि 31 जनवरी तक राज्य कर्मियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा देना होगा। अन्यथा प्रमोशन पर विचार नहीं होगा। साथ ही संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण अनिवार्य रूप से 31 जनवरी तक दे दें।

### अनुशासन एवं अपील के तहत कार्रवाई होगी

मानव संपदा पोर्टल पर वर्ष 2024 की जानकारी एक जनवरी 2025 से अपडेट होने लगेगी। अधिकारियों और कार्यालयों को यह कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। जो कर्मी या अधिकारी इसे अपडेट नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## अभी और बिगड़ेगा मौसम का मिजाज, गरज-चमक के साथ बारिश... गिरेंगे ओले, सर्द हवा बढ़ाएंगी ठिठुरन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। प्रदेश के कई इलाकों में शुक्रवार और शनिवार को गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार है। शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के आगरा समेत विभिन्न जगहों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवा चलेंगी। मौसम विभाग की ओर से ओले गिरने की भी संभावना जताई जा रही है। 27-28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के असर से गरम-चमक के साथ बूंदाबांदी और कहीं-कहीं ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को बदले हुए मौसम के बीच पश्चिम में आगरा आदि में तेज सर्द हवाओं संग ओले गिरने की संभावना है।

### पारे में दो से चार डिग्री की कमी आएगी

प्रदेश में अगले दो दिन बादलों और सर्द हवाओं वजह से दिन के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की गिरावट आएगी। वहीं रात के पारे में भी दो से चार डिग्री की कमी देखने को मिलेगी। बारिश गुजर जाने के बाद अगले 48 घंटों में तापमान की बदली हुई स्थितियां फिर से पहले जैसी हो जाएंगी।

### ...और गिरेगा रात का पारा

राजधानी लखनऊ की बात करें तो अगले दो दिन में बूंदाबांदी, बादलों और हवा की मौजूदगी की वजह से दिन के तापमान के 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तक आ जाने के संकेत हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सुशासन के संवाहक और महान राष्ट्रवादी थे अटल जी : केशव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अटल जी का जीवन और कार्यकाल हम सबके लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। अटल जी महान राष्ट्रवादी विचारक, युग दृष्टा, प्रखर वक्ता व सुशासन के संवाहक थे। केशव प्रसाद मौर्य वाराणसी के भारतीय शिक्षा मंदिर विद्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अटल जी के स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित का नमन किया तथा उनके जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। अटल जी की कविताएं, उनकी जीवन गाथा, पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंनेजो आधारशिला रखी थी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसी आधार शिला पर देश का नव निर्माण हो रहा है। उन्होंने उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह वर्ष अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। सुशासन के लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है यह अटल जी ने करके दिखाया था, इसीलिए उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को ही लखनऊ स्थित दिलकुशा लॉन में अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य मेले के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में साइकिल वितरण, मोबाइल वितरण व विभिन्न प्रकार के इलाज से संबंधित कैंपों का अवलोकन भी किया।

### सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया अटल जी का जन्मदिवस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य 19 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2024 के मध्य सुशासन सप्ताह मनाये जाने के परिप्रेक्ष्य मे 24 दिसम्बर, को संस्थान के सभागार में एक दिवसीय 卐सुशासन卐 विषयक कार्यशाला का आयोजन संस्थान के प्रभारी अपर निदेशक बीडी चौधरी की अध्यक्षता में किया गया।कार्यशाला में संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।कार्यशाला के शुभारंभ से पूर्व अटल के चित्र पर अपर निदेशक संस्थान द्वारा माल्यार्पण करने के उपरान्त संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रद्धासुमन के रूप में पुष्प अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि प्रदान की गयी।

### अपना दल एस कार्यालय में मनाई गई महाराजा बिजली पासी की जयंती

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। अपना दल एस के कैंप कार्यालय पर महाराजा बिजली पासी जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव सत्यप्रकाश कुरील ने की। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह, राष्ट्रीय सचिव केके पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार पार्टी, प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजकुमार पाल, महिला मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा वर्मा, विधि मंच के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट प्रमोद पटेल, सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो पोल का एस्टीमेट बनने के बाद भी बांस बल्ली के सहारे चल रहा कनेक्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। माननीय कल्याण सिंह वार्ड के सरोसा भरोसा निवासी के दो पोल का एस्टीमेट बनने के बावजूद भी बांस बल्ली के सहारे चल रहा कनेक्शन संबंधित अधिकारी मौन। जानकारी अनुसार सरोसा गांव के टिकरा निवासी उपभोक्ता मीना देवी पत्नी मनोज यादव द्वारा नए बिजली कनेक्शन के लिए 14 मई 2024 को दो पोल एस्टीमेट का पैसा जमा किया था। जमा करने के बावजूद भी आज तक एस्टीमेट का कोई भी कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण उपभोक्ता का कनेक्शन बांस बल्ली के सहारे चल रहा है। उपभोक्ता ने यह भी बताया कि एस्टीमेट का पैसा जमा करने के बाद करीब एक दर्जन बार सरोसा उप खण्ड के चक्कर लगा चुका हूं, फिर भी अभी तक एस्टीमेट का कोई कार्य नहीं किया गया। विभागीय सूत्रों ने बताया कि सम्बंधित अधिकारियों द्वारा कई बार सम्बंधित ठेकेदार को एस्टीमेट का कार्य पूरा करने को कहा पर ठेकेदार अपनी मनमानी के चलते कोई कार्य नहीं किया।

### अटल जी एवं सुशासन-सिंधी संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में'' विषय पर सम्पन्न हुयी संगोष्ठी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आज दिनांक 26 दिसम्बर, 2024 को ''अटल जी एवं सुशासन-सिंधी संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन अकादमी कार्यालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री नानक चन्द लखमानी, पूर्व उपाध्यक्ष, उ0प्र0 सिंधी अकादमी, श्री दुनीचन्द, सिंधी विद्वान, श्री प्रकाश गोधवानी, डॉ0 अनिल चन्दानी तथा श्रीमती कनिका गुरूनानी द्वारा भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## डेढ़ दर्जन आईएएस अफसरों का प्रमोशन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

महाकुंभ मेला क्षेत्र के जिलाधिकारी विजय किरण आनंद समेत उत्तर प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारियों को प्रमोशन मिला है।2009 बैच के आईएएस अधिकारी अब सचिव स्तर के हो गए हैं।इनमें कई अधिकारी अलग अलग जिलों में डीएम के पद पर तैनात हैं।पदोन्नति के बाद उन्हें मंडलायुक्त या विभिन्न विभागों में सचिव की जिम्मेदारी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के नियुक्ति विभाग की ओर से आदेश के मुताबिक 2009 बैच के 36 आईएएस अधिकारियों की पोन्नति की फाइल राज्यपाल को भेजी गई थी, मंजूरी मिल गई है। इसके बाद इन अधिकारियों को सुपरटाइम वेतनमान 1 लाख 44 हजार 200 से 2 लाख 18 हजार 200 के ग्रेड में प्रमोट किया गया है।इस आदेश में नियुक्ति विभाग ने बताया है कि एक जनवरी 2025 से यह प्रोन्नति लागू होगी। प्रावधान किया गया है कि अगले दो साल के अंदर यह अधिकारी अनिवार्य मिड कैरियर प्रशिक्षण प्रोग्राम फेज चार में शामिल होकर प्रशिक्षण पूरा करेंगे।नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में इन अधिकारियों के नाम भी बताए गए हैं।इनमें सूर्यपाल गंगवार, डॉ. रुपेश कुमार, अनुज कुमार झा, माला श्रीवास्तव, डॉ. नितिन बंसल, मासूम अली सरवर, विजय किरण आनंद, भानु चंद्र गोस्वामी, प्रकाश बिन्दु, एस राजलिंगम, विवेक, भूपेंद्र एस चौधरी, वैभव श्रीवास्तव, अजीत कुमार, प्रमोद कुमार उपाध्याय, जगदीश, संगीता सिंह और इंद्र विक्रम सिंह शामिल हैं। यह अधिकारी 2009 बैच के आईएएस हैं। प्रमोशन पाने वाले इन 36 अधिकारियों के नाम उत्तर प्रदेश सरकार ने दो बार में एनाउंस किया है। इन्हें सुपरटाइम वेतन मान एक लाख 82 हजार 200 से 2 लाख 24 हजार 100 रुपये के ग्रेड में किया गया है।

## भगवान भक्त के वश में होते हैं : राघवाचार्य

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



भक्त और भगवान का सम्बन्ध बड़ा अद्भुत है। भगवान भक्त के वश में होते हैं। भक्त की भक्ति जब पराकाष्ठा को पार कर लेती है, तब परमेश्वर उसकी हर इच्छा को पूरा करने के लिए तत्पर होते हैं। ऐसी अवस्था में भक्त की इच्छाएं तनिक भी भौतिक और वैयक्तिक नहीं रह जाती, उसकी हर मांग सार्वभौमिक हितों के लिए समर्पित होती है। यह बात आज राजधानी लखनऊ के मोती महल लॉन में चल रही श्रीराम कथा के प्रथम दिवस अयोध्या धाम से आए प्रख्यात कथा मर्मज्ञ स्वामिश्री राघवाचार्य जी महाराज ने कही। वह श्रीराम कथा समिति लखनऊ द्वारा आयोजित सात दिवसीय कथा महोत्सव में हजारों की संख्या में उपस्थित नर-नारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राम कथा में नारद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवर्षि नारद जिसे मिल जाते हैं, उसको भगवान जरूर मिलते हैं। भारतीय संस्कृति की दान परंपरा की महत्ता पर उन्होंने प्रकाश डाला और कहा कि कथा के आयोजक की उपमा महादानी व्यक्ति के रूप में की गई है। जो आयोजक कथा कराता है वह उच्च स्तर का कथा का दान है, क्योंकि उसके माध्यम से हजारों ही नहीं लाखों व्यक्ति लाभान्वित होते हैं। स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने वेदों का माहात्म्य भी कथा जिज्ञासुओं को बताया और कहा कि वेदों का पाठन गुरमुख से करने का विधान है। पुराण, रामायण, रामचरितमानस, श्रीमद्भगवत गीता वेदों का ही विस्तार हैं। इन आर्ष ग्रंथों का पठन-पाठन सभी को करना चाहिए। उन्होंने ज्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और भगवती सीता के यशस्वी पुत्रों कुश और लव का जीवन वृतांत भी सुनाया और कहा कि कुश और लव ने श्रीराम जी को सीताजी का महान चरित्र पद्य शैली में सुनाया था। वह सीता कथा इतिहास में अमर हो गई। कथा व्यास राघवाचार्य जी महाराज ने कहा कि विदेह जनक के कुल में उत्पन्न नारियों में सीताजी का चरित्र सर्वश्रेष्ठ है और रामायण ग्रंथ उसका प्रत्यक्ष प्रतिपादन है। कथा संयोजक संजीव पाण्डेय व डॉक्टर सप्तर्षि मिश्र ने बताया कि कथा श्रवण के लिए हजारों की संख्या में नर-नारी मोती महल लॉन में पहुंच रहे हैं। कल अपराह्न 3ः00 बजे से कथा का श्रीगणेश होगा। आज के कथा समारोह के यजमान समाजसेवी अजय बाजपेयी, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, पूर्व मंत्री डॉ अशोक बाजपेई,शिव कुमार सिंह, सतीश अवस्थी, सुनील मिश्र , मनोज राय, मनोज त्रिपाठी डीजीसी क्रिमिनल,राजेश शर्मा,अखिलेश जायसवाल, जीतू यादव, कुलदीप नारायण मिश्र , अन्नू मिश्र पार्षद आदि उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



कल्याण, सृजन संस्था द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े भव्य आयोजन करके मनाया गया आज प्रयागराज की तपस्थली से पधारे वैष्णवाचार्य स्वामी श्री अप्रेमय प्रपन्नाचार्य जी महराज जी ने यदि चाहा शुख हरि के पुकारा बबुआ जैसे भजनों से भीड़ से भरे पांडाल को मदमस्त कर दिया महराज जी की मधुर वाणी से लोग मंत्रमुग्ध हो गए।आज सृजन संस्था द्वारा कलेंडर का विमोचन डॉक्टर विजय पंडित,मुरलीधर तिवारी, शिक्षाविद बालगोविंद तिवारी, आर के दीक्षित, विजय मिश्रा, संस्था के अध्यक्ष पंडित रामचंद्र पांडेय के कर कमलों द्वारा किया गया। कथा की मंत्रमुग्घता से श्रोता गण कहते हैं और समय तक कथा श्रवण कराए । यह महराज जी के रसभरी बाड़ी मधुरता से कही गई कथा का प्रभाव है। कथा का चौथा दिन था जिसमें आसपास के लोगों ने अपनी सहभागिता दी सृजन संस्था विगत 18 वर्षों से निरंतर धार्मिक कार्यों को लेकर चली आ रही है कमेटी के लोग बड़ी विनम्रता से सेवा भाव में लगे हुए हैं गिरजाशंकर मिश्र, विनोद पाठक, अरविंद पांडेय, बृजेश, वीरेंद्र उपाध्याय, नागेश मिश्रा, विजय लाल शुक्ला एकसूत्र में कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से अरुण दुबे, बी पी सिंह, राणा प्रताप, कन्हैया, विनोद, संदीप आदि उपस्थित रहकर कथा श्रवण किया। 78 वर्ष की आयु में भी संस्था के अध्यक्ष रामचंद्र पांडेय कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव पर एक सोहर गा कर लोगों को खूब तालियां बटोरी आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया सूत्र संचालन अरविंद दुबे ने किया। यह कथा दुर्गा माता मंदिर कल्याण पूर्व में सायंकाल 6 बजे से रात्रि के 9.30,बजे तक चल रही है।

## बिशप डॉ.आरसी शेत की अगुवाई में हुआ क्रिसमस का आयोजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन बुधवार 25 दिसम्बर को स्थानीय उत्सव गेस्ट हाउस में बिशप आर.सी.शेत की अगुआई में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मसीही गीत आया है यीशु आया है खासतौर से गाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आयुयायी उपस्थित रहे। बिशप आर.सी.शेत ने इस सेलिब्रेशन में संदेश दिया कि यीशु मसीह उद्धार करता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अनुयायियों द्वारा यीशु मसीह पर आधारित प्रेरक नाटिका का प्रदर्शन भी किया गया। इस बड़े दिन समारोह में पास्टर सुनील, पास्टर सुधांशु, डॉ. सुमन शेत, पास्टर मयंक डेविड, ब्रदर पप्पू, ब्रदर गंगा प्रसाद, पास्टर मनीष पीटर, पास्टर अभिषेक, ब्रदर बबलू, पास्टर राजेश, पास्टर अजय, पास्टर राकेश, पास्टर सुनील, पास्टर सुधांशु, पास्टर रामचंद्र, भाई राहुल, ब्रदर रंगीलाल, पास्टर दिनेश, ब्रदर राजा, ने यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला।

## दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले में 22875 लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के संयोजन में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले के दूसरे दिन समापन अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश महामंत्री संगठन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। समापन से पूर्व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल और दिव्यांग स्मार्ट मोबाइल वितरित किए और 100 से अधिक विभिन्न सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों द्वारा निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया। समापन अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने स्वास्थ्य मेले में निशुल्क सेवाएं दे रहे वरिष्ठ चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। स्वास्थ्य मेले में दूसरे दिन बुधवार को 14 100 पंजीकरण हुए जिनको विभिन्न प्रकार की निशुल्क जांच और परामर्श सहित 150 अल्ट्रासाउंड 387 आयुष्मान कार्ड 109 दिव्यांग कृत्रिम अंग, 165 इसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को प्राप्त हुआ।

## यूपी उपचुनाव : जिन सात सीटों पर हारी सपा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी से उन मतदान केंद्रों की मांगी सीसीटीवी फुटेज

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सपा ने आयोग से मतदान केंद्रों पर प्रत्याशियों की सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग जारी करने की मांग की है। सपा ने उन सात सीटों की डिटेल्स जारी करने की मांग की है, जहां वह हारी थी। ज्ञापन देने वालों में केके श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र सिंह और राधेश्याम सिंह शामिल थे। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कटेहरी, कुंदरकी, फूलपुर, मझवां, मीरापुर, खैर और गाजियाबाद सीटों की सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग जारी करने की मांग की। इन सभी सीटों पर 13 नवंबर 2024 को हुए उपचुनाव के लिए मतदान हुए थे। 23 नवंबर 2024 को इसके नतीजे घोषित किए गए थे। सपा इन सभी सीटों पर चुनाव हार गई थी। बयान में कहा गया कि सपा, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग दोहराती है। नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में सपा ने सिर्फ दो सीटें शीशमऊ (कानपुर) और करहल (मैनपुरी) जीती थीं।

### चुनाव के नियमों में बदलाव

बताते चलें कि केंद्र ने पिछले सप्ताह चुनाव के नियमों में बदलाव किया था। इसमें सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकना है। ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके।

# कोटेदार की डीएम से शिकायत राशन वितरण न करने का आरोप

## जांच करने गांव पहुंची सप्लाई इंस्पेक्टर की टीम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के भादर ब्लॉक के नरबहनपुर गांव में कोटेदार द्वारा ग्रामीणों को पिछले तीन महीने से राशन न देने के मामले में ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की थी।डीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सप्लाई इंस्पेक्टर को जांच के आदेश दिए।इसके बाद अमेठी तहसील की सप्लाई इंस्पेक्टर सुमन ने गांव का दौरा किया।और ग्रामीणों से पूछताछ की।इस संबंध में जब जन एक्सप्रेस टीम ने सप्लाई इंस्पेक्टर से बात की तो उन्होंने कहा कि रिपोर्ट डीएम को सौंप दी जाएगी।जिसके बाद कार्रवाई होगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन महीनों से उन्हें राशन नहीं मिल रहा है।शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।ग्रामीण पुष्पेंद्र कुमार पाल ने बताया कि पिछले महीने कोटेदार ने रसीद काटने के बावजूद राशन का वितरण नहीं किया।और इस महीने भी वही स्थिति है।उनका कहना है कि कोटेदार एक तारीख से बीस तारीख तक रसीद काटता है,लेकिन राशन का वितरण बीस से पच्चीस तारीख तक ही होता है।इसके बाद कोटेदार कहता है कि राशन खत्म हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि सप्लाई इंस्पेक्टर जांच के लिए गांव पहुंचीं।शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीण विशाल मिश्र ने भी बताया कि गांव के कुछ दबंगों के घर राशन बिना कोई परेशानी के पहुंच जाता है,लेकिन बाकी ग्रामीणों को राशन नहीं मिल रहा है।उनका आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें राशन मिले।और कोटेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।अब देखना यह है कि सप्लाई इंस्पेक्टर की रिपोर्ट के बाद डीएम इस मामले में क्या कदम उठाती हैं।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अधिक से अधिक लाभार्थी जोड़ों का कराये पंजीकरण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को निर्देश दिये है कि अपने अधीनस्थों के माध्यम से विकास खण्डों/ग्राम पंचायतों/नगर निकायों/वार्डों में आहूत बैठकों में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत माह जनवरी 2025 में शुभ लग्न की तिथि 16, 20 एवं 23 के पूर्व विभागीय वेबसाइट पर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी जोड़ो का ऑनलाइन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित तिथियों में लक्ष्य के सापेक्ष मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह सम्पन्न कराया जा सके।

# प्लास्टिक बैग में मिला युवती का शव, झाड़ियों में पड़ा था

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अयोध्या जिले के थाना इनायतनगर अंतर्गत पारा ताजपुर में कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पास झाड़ियों में अज्ञात युवती का शव मिला है। शव प्लास्टिक के बोरी में स्थानीय लोगों को दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और शिनाख्त का प्रयास कर रही है। युवती की हत्या कर शव बोरी में रखकर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।

सीओ का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना कैसे हुई स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के पारा ताजपुर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पास झाड़ियों में शौच करने गए लोगों को एक प्लास्टिक की बोरी दिखाई दी। इससे बहुत दुर्गंध आ रही थी। झाड़ियों के बीच में बोरी में कुछ पड़ा होने की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को प्लास्टिक की बोरी में युवती का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। संदिग्ध परिस्थितियों में बोरी में शव मिलने की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायत नगर देवेंद्र पांडेय और क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी का कहना है कि बोरी में मिली युवती 18-19 वर्ष की लग रही है। उसकी शिनाख्त कराई जा रही है। आसपास के गांव के लोगों से भी जानकारी ली जा रही है कि कोई युवती लापता तो नहीं थी। फिलहाल ग्रामीणों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरने के बाद शव मोर्चरी हाउस भेजवा दिया गया है। मोर्चरी हाउस में 72 घंटे तक शव को शिनाख्त के लिए रखवाया जाएगा। शिनाख्त न होने पर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस के गश्त पर उठे सवाल

# एक साथ तीन दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना लाखों का सामान और नगदी लेकर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के मुसाफिरखाना कस्बे में देर रात थाने से महज चंद कदम की दूरी पर चोरों ने एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाया।चोर हजारों रुपए की नगदी और लाखों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिकों ने पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।घटना मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गौरीगंज तिराहे का है।जहां देर रात चोरों ने ज्वेलरी,ऑटो पार्ट और किराने की दुकान को निशाना बनाया।चोरों ने तीनों दुकानों के दरवाजे को तोड़कर लाखों रुपए सामान और हजारों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया।थाने से महज चंद कदम की दूरी पर एक साथ हुई तीन वारदातों के बाद इलाके में पुलिस के गश्त पर सवाल उठने लगे। दुकान मालिको ने बताया कि शाम को वो सभी दुकान बंद करके अपने अपने घर चले गए।बृहस्पतिवार को सुबह जब अपनी दुकान पर पहुंचे तो मामले की जानकारी मिली कि दुकानों के दरवाजे और शटर टूटे हुए हैं। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।चोर लाखों रुपए का सामान और हजारों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए हैं।वहीं पूरे मामले को लेकर मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह ने कहा कि घटना संज्ञान में है।लेकिन अभी दुकान मालिको द्वारा तहरीर नहीं दी गई है।तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हरचन्दपुर विधान सभा क्षेत्र के खीरों ब्लाक में पी0डी0ए0 की जनपंचायत सम्पन्न

- भाजपा राज में किसान मज़दूर असहाय-इं0 वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




हरचन्दपुर विधानसभा क्षेत्र के खीरों ब्लाक में एक ब्लाक स्तरीय पी0डी0ए0 जनपंचायत का आयोजन समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया। पी0डी0ए0 जनपंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि अखिलेश यादव सरकार में खीरों में विकास एवं प्रगति के लिए कलुवाखेडा में विद्युत केन्द्र की स्थापना, हरीपुर में राजकीय महाविद्यालय एवं इण्टरमीडिएट कालेज एवं नये चिकित्सालयों का निर्माण कराया गया परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार में खीरों विकास खण्ड का विकास कार्य अवरूद्ध हो गया है थानों में दलालों का बोलबाला है बिचौलियों को भाजपा नेताओं का संरक्षण है। मनरेगा के मजदूरों का भुगतान ठप्प है। किसान मजदूर असहाय है। देश के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब का अपमान समाजवादी लोग सहन नहीं कर सकते। जिलाध्यक्ष नें कहा कि पी0डी0ए0 की मज़बूती से आत्म बल व इच्छाशक्ति मजबूत होती है इससे हम अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए और अधिक ताकत से संघर्ष कर सकते है। विधायक बछरावां श्याम सुंदर भारती नें कहा कि भाजपा सरकार दलितों का अपमान कर रही है और मनुस्मृति लागू करना चाहती है बाबा साहब नें 25 दिसम्बर 1927 को चौराहे पर मनुस्मृति को जलाया था। हरचंदपुर के विधायक राहुल लोधी नें कहा कि क्षेत्र के उन लोगों से होशियार रहने की जरूरत है जो लाइट के नाम पर झुनझुना पकड़ाते है स्वयं बिसलरी का पानी पीते है हम पी0डी0ए0 के लोगों को बाल्टी का पानी देते है। ऐसे लोगों को उनकी हैसियत वोट की चोट से बतानी है। सेन्ट्रलबार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव नें देश के गृहमंत्री अमित शाह को तड़ीपार बताते हुए बाबा साहब का अपमान करने के कारण उनकी बर्खास्तगी की मांग की। थाना खीरों की पुलिस के खिलाफ दलित युवक की पिटाई को लेकर हत्या का मुकदमा लिखे जाने की भी मांग की। जनपंचायत की अध्यक्षता जफर अहमद उर्फ मुन्ना खां एवं संचालन विधान सभा अध्यक्ष राकेश यादव नें किया कार्यक्रम में महाराजा बिजली पासी की जयंती भी बनायी गयी। कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर यादव, सुरेश पासी, अनुराग वर्मा संतराम यादव, हरिशंकर लोधी, महेश कुमार, विंदादीन कोरी आदि नें भी पी0डी0ए0 जनपंचायत को संबोधित कियाकार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय पं0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयन्ती समारोह के अवसर पर जनपद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय पं0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयन्ती समारोह के अवसर पर जनपद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया

जनपद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ भा0ज0पा0 जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा माँ शारदा व श्रद्धेय पं0 अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया इस अवसर पर भा0ज0पा0 जिलाध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा कि सुशासन दिवस भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे श्रद्धेय पं0 अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ा हुआ है। वाजपेयी जी का जन्म 25 दिसम्बर को हुआ था। उनकी जयंती को ही सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका लक्ष्य बेहतर प्रशासनिक कार्य प्रणाली और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

श्रद्धेय पं0 अटल बिहारी वाजपेयी अपनी वक्तृत्व कला के लिए प्रसिद्ध थे इसके साथ ही आदर्श राजनेता थे। उन्होंने कहा था कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यह है कि हमनें हमेशा राष्ट्र को राजनीति से ऊपर रखा है। अटल जी ने देश के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया, हमें अटल जी के जीवन से शिक्षा व प्रेरणा लेने की आवश्यकता है उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि बच्चें एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें व अपने लक्ष्य को प्राप्त करें, जब तक लक्ष्य नही बनायेंगे तब तक उसकी प्राप्ति सम्भव नहीं हैमैं प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ भारत रत्न श्रद्धेय पं0 अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समारोह सुशासन सप्ताह के अवसर पर जनपद रायबरेली में युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को धनराशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में अनुपम प्रथम गौरव सिंह द्वितीय एवं आकाश कुमार मौर्य तृतीय एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में विद्या प्रजापति प्रथम सौम्या मौर्या द्वितीय व प्रगति चौरसिया तृतीय इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में अंश कुमार प्रथम, संजीत कुमार मौर्य द्वितीय एवं अयुषी पाण्डेय तृतीय शामिल हैं इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, प्राचार्य इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय डॉ0 सुषमा देवी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बृजेश तिवारी, भा0ज0पा0 वरिष्ठ नेता राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण/कर्मचारीगण व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

# विकास खण्ड अमावां में प्रधानमंत्री आवास का हुआ लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




सुशासन सप्ताह के अवसर पर विकास खण्ड अमावां में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीणके अन्तर्गत 17 आवास लाभार्थियों का मा0 विधायक सदर अदिति सिंह द्वारा स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इन सभी लाभार्थियों कोयोजनान्तर्गत 03 किश्तों में मिलने वाली 120000 रू0 की धनराशि के सापेक्ष 40000 हजार रू0 की प्रथम किश्त उनके खातों में प्रेषित कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त सभी लाभार्थियों को मनरेगा योजना से 90 दिन की मजदूरी भी प्रदान की जायेगी। मा0 विधायक अदिति सिंह ने सभी आवास लाभार्थियों को घर मिलने पर शुभकामनाए दी और अपने उदबोधन में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया कि, समाज के सबसे कमजोर तबको, दिव्यांग, मुसहर, निराश्रित महिला एवं आपदा प्रभावित परिवारों को इतनी बड़ी संख्या में आवास प्रदान किये जा रहें है। खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप सिंह द्वारा बताया गया कि, इन 17 के अतिरिक्त 19 और लाभार्थियों का आवास स्वीकृत किया गया है। जिन्हें शासन से धनराशि प्राप्त होने पर धनराशि प्रेषित की जायेगी। इस दौरान समस्त ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, राजन सिंह सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता)कमलेश कुमार सहायक विकास अधिकारी (पं0), प्रदीप कुमार सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रचार-प्रसार एवं लाभार्थियों को आवास निर्माण के विषय में जानकारी के उद्देश्य से विकास खण्ड परिसर में मा0 विधायक सदर अदिति सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया मौके पर खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप सिंह समेत समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें आवास विहीन व कच्चे घर में रहने वाले लाभार्थियों को स्वयं का घर बनाने के लिए डी0बी0टी0 के माध्यम से उनके खाते में 120000 रू0 सरकार द्वारा दिये जाते है। इसके अलावा मनरेगा योजनान्तर्गत 90 दिन की मजदूरी के रूप में 21330 रू0 दिये जाते है। विकास खण्ड अमावां में योजना आरम्भ से अब तक कुल 3671 परिवारों का घर बनवाया जा चुका है। इस मौके पर सभी उपस्थित जनो को शीघ्र प्रारम्भ होने वाले आवास सर्वे के बारे में भी जानकारी दी गयी विकास खण्ड की ए0एन0एम0 व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस को सकुशल आयोजन के लिए मा0 विधायक सदर अदिति सिंह द्वारा किट प्रदान की गयी विकास खण्ड की 19 ए0एन0एम0 को जन आरोग्य समिति के खातों के माध्यम से यह किट उपलब्ध करायी गयी है। इसमें सभी 19 केन्द्रों के लिए कुर्सी, पर्दा, दरी, थर्मामीटर, बच्चों के वजन तौलने की मशीन, महिलाओं के वजन तौलने की मशीन एवं बी0ओ0 मशीन प्राप्त करायी गयी है इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र समरहदा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अच्छा काम करने के लिए मा0 विधायक सदर अदिति सिंह द्वारा बच्चे के बैठने के लिए व्यायम पहेली व फोम फ्लोर टाइल्स प्रदान की गयी।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा ने स्कूल का नाम किया रौशन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



महराजगंज स्थानीय क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में विद्यालय की छात्रा अनन्या सिंह का ऑल इण्डिया लॉ एंट्रेस टेस्ट (एआईएलईटी) व कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) परीक्षा 2025 में चयनित होने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रा को सम्मानित किया गया। छात्रा अनन्या सिंह पुत्री नागेंद्र सिंह सत्र 2024 की छात्रा रही जिसकी राष्ट्रीय स्तर की विधिक परीक्षा एआई एलईटी में 434 रैंक रही व क्लैट में 1396 रैंक रही।

छात्रा ने अपने अनुभवों को विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया व बताया कि सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करे तथा उसी के सापेक्ष अपनी रणनीति तय करे जिससे सफलता मिलनी निश्चय हो जाती है। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कमाना करते हुए कहा कि अनन्या हमारे विद्यालय की होनहार छात्रा रही है। इसकी इस उपलब्धि पर हम और हमारा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है।

# अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर विविध कार्यक्रम संपन्न

- छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया पुरस्कृत, अटल जी के सुशाशन एवं आदर्श हम सबके लिए

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए।बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा दिशा अनंत ने अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।उसके पश्चात सुशासन सप्ताह सप्ताह अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय मुसाफिरखाना में जनपद स्तरीय भाषण,काव्य पाठ,निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इस पावन अवसर के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय गौरीगंज में अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।और अटल के साथ कार्यकर्ता रहे वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन किया गया।राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत रत्न से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति रहे।और सुशासन के सशक्त सूत्रधार रहे।उनके दिखाएं आदर्श हम सब के लिए अमूल्य धरोहर हैं।राज्य मंत्री ने अटल बिहारी बाजपेयी की 100 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।उन्होंने कहा मोदी सरकार अटल के सुशासन के सपने को साकार कर रही है।उन्होंने अटल के समय में कार्य कर चुके कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र से सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन भी किया।भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा मां भारती के लाल अटल जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। राजनीति के अजातशत्रु थे।वक्ताओं ने उनके करिश्माई व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा अटल विश्व पटल पर चमकते हुए सितारे और आदर्शो की प्रतिमूर्ति रहे।इस दौरान वक्ताओं ने अटल की कविताओं का संस्मरण भी किया।इसके पहले मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया।और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि अटल की 100 वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई सड़कों पर जनप्रतिनिधियों ने पदयात्रा किया।पदयात्रा के उपरांत गांव में चौपाल भी लगाने का कार्य किया।राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह तिलोई मंडल के गंगागढ़ से अकेलवा रोड पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ पद यात्रा किया।तथा भागीरथपुर के गंगागढ़ में चौपाल भी लगाई।भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि इसी प्रकार जिले के सभी बूथों पर अटल जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा की गई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह,उमाशंकर पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा,वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह,केशव सिंह,गोविंद सिंह चौहान, कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना ब्लॉक प्रमुख तिलोई,उमेश सिंह ब्लाक प्रमुख गौरीगंज,सुधांशु शुक्ला,भवानी दत्त दीक्षित,राकेश त्रिपाठी विजयकिशोर तिवारी,भागीरथी मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।



**पुलिस व एसओजी की अपराधी गिरोह से मुठभेड़...**

पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम तथा बाइक सवार बदमाशों के बीच बुधवार की देर रात मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की ओर से बचाव में की गई फायरिंग में....

▶ शेष पेज 07 पर...

# भाऊपुर गांव के ग्रामीणों ने नम आंखों से दी शहीद करन कुमार यादव को श्रद्धांजलि





■ युगों-युगों तक याद रखा जाएगा भाऊपुर के बेटे का बलिदान





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**चौबेपुर।** जम्मू कश्मीर के राजौरी पुंछ सेक्टर में बीते 1 वर्ष पूर्व सेवा के वाहनों पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। हमले में शहीद हुए पांच जवानों में चौबेपुर के भाऊपुर गांव के रहने वाले लांस नायक करन कुमार यादव भी शहीद हो गए थे। बुधवार को उनकी प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक गांव भाऊपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर, चौबेपुर ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ ग्रामीणों ने नम आंखों से गांव के शहीद बेटे करन सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि करन का बलिदान युगों युगों तक याद रखा जाएगा। यह कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की ओर से बलिदानी के परिवार को राष्ट्रीय ध्वज देकर सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें बीते 1 वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के पुंछ सेक्टर में सर्च ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना के वाहनों के काफिले पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था इस घटना में भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे साथ ही साथ कई जवान घायल भी हो गए थे। इस घटना में भाऊपुर का बेटा करन सिंह यादव भी शहीद हो गया था। उसकी याद में बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहां कि भाऊपुर की माटी और शहीद की मां धन्य है जिन्होंने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया। देश की अखंडता को अक्षुण रखने के लिए करन सिंह जैसे वीर सपूत जन्म लेते रहेंगे।

हम सभी को ऐसे वीर सपूत के गाथाएं हमेशा याद रहेगी। ऐसे वीर सपूतों के बलिदान की वजह से ही देश की अखंडता बनी हुई है। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

### शहीद की हर पुण्य तिथि पर उनके स्मारक पर लगेगा मेला

ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला ने कहा कि करन सिंह की शहादत पर हम सभी को गर्व है। उनकी याद में हर पुण्यतिथि पर उनके स्मारक स्थल पर मेला लगेगा। क्षेत्र पंचायत से शहीद स्थल की बाउंड्री व द्वार बनाया जाएगा। बलिदान दिवस पर पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के कप्तान रविंद्र यादव कप्तान अवधेश त्रिपाठी ने करन सिंह यादव के परिजनों को राष्ट्रीय ध्वज देकर सम्मानित किया। एपीडीसी विजेंद्र द्विवेदी व चौबेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### शहीद की यादों को जीवंत रखने के लिए बनेगा शहीद स्मारक और शहीद द्वार

ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से शहीद के लिए भूमि चिन्हित कराए जाने के बाद भी शहीद स्मारक और शहीद द्वार न बनाए जाने पर रोष व्याप्त किया है। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष यह मांग रखी तो विधायक ने कहा कि लांस नायक करन सिंह यादव की यादें जीवंत रहनी चाहिए। अगली पुण्यतिथि से पहले ही शहीद द्वार और शहीद स्मारक का निर्माण कराया जाएगा।

### शहीद के पिता बोले करन में देश सेवा का था जुनून

चौबेपुर के भाऊपुर गांव के रहने वाले शहीद करन सिंह के पिता किसान बालक राम यादव का कहना है कि मेरा बेटा करन सिंह यादव 19 वर्ष की उम्र में जुलाई 2013 में 48 राष्ट्रीय राइफल रेजीमेंट में भर्ती हुए था। उसके भीतर देश की सेवा करने का जज्बा व जुनून कूट-कूट कर भरा था। करन के दो भाई व तीन बहने हैं। देश की रक्षा आवास सेवा करने के दौरान भी उसे सभी का बहुत ख्याल रहता था। 21 दिसंबर 2023 को जम्मू कश्मीर के राजौरी पुंछ सेक्टर के टोपा पीर क्षेत्र में आतंकी हमले में लांस नायक मेरे बेटे ने बलिदान दिया था। हमारा परिवार आज भी उसकी शहादत का दिन नहीं भूल पाता। गांव की मिट्टी से आज भी उसकी खुशबू ज्यों की त्यों बरकरार है।

# वीर बाल दिवस पर ज्योति बधिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बिठूर। खालसा पंथ के संस्थापक गुरुगोविन्द सिंह जी दोनों छोटे पुत्रों बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादत के सम्मान में भारत सरकार द्वारा घोषित वीर बाल दिवस ज्योति बधिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व दृगश्रम स्वयंसेवी समिति के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 सुनील शिवमंगल पाण्डेय (होम्योपैथी फिजिशियन एवं समाजसेवी) एवं दृगश्रम स्वयंसेवी समिति के निदेशक सुनील मंगल ने कार्यकम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विद्यालय के श्रवण बधिर बच्चों के बीच चित्रकला एवं खेलकूद की प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुयीं। चित्रकला जूनियर व सीनियर दो ग्रुप में सम्पन्न हुई। जूनियर ग्रप में हर्षिता पाठक कक्षा-5 द्वारा वीरबाल दिवस प्रसंग पर बनाई गई पेन्टिंग को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी ग्रुप से रितिक निगम कक्षा-4 द्वारा वीरबाल दिवस प्रसंग पर बनाई गई पेन्टिंग को द्वितीय पुरस्कार तथा जिया सिंह कक्षा-5 को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सीनियर ग्रुप में काजल गुप्ता कक्षा-6 द्वारा वीरबाल दिवस प्रसंग पर बनाई गई पेन्टिंग को प्रथम, नितिन राठौर कक्षा-8 द्वारा बनाई गई वीरबाल दिवस प्रसंग पर बनाई गई पेन्टिंग को द्वितीय तथा अर्पित कठेरिया कक्षा-11 द्वारा दिव्यांगता अभिशाप नहीं प्रसंग पर बनाई गई पेन्टिंग को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी कम में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के सब-जूनियर ग्रुप में प्रांशी (पी.पी.-2) को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया साथ ही दौड़, खो-खो व कबड्डी की प्रतियोगिताएँ भी सम्पन्न हुईं। दृगश्रम स्वयंसेवी समिति के निदेशक सुनील मंगल ने विद्यालय के विजेता बच्चों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक रमेश चन्द्र दीक्षित, प्रशासनिक अधिकारी रवीश शुक्ला, प्रधानाचार्य रामदास पाल एवम् विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी जैसा व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में अद्वितीय- शुभम बाजपेई



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शिवराजपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती के अवसर पर शिवराजपुर शिवली चौराहे के पास एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके महान व्यक्तित्व और योगदान को नमन किया। ब्लॉक प्रमुख ने संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जैसा व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में अद्वितीय था। उनकी सरलता और कृतित्व ने उन्हें भारतीय राजनीति का एक आदर्श नेता बनाया। अटल जी का जीवन सिद्धांतों और मूल्यों से प्रेरित था। उनकी मुस्कान और वाणी से न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होता था बल्कि विपक्ष भी उनके विचारों का अनुशरण करता था। यही कारण है कि उन्हें राजनीति का आजाद शत्रु कहा गया। अटल जी ने पोखरण में एटॉमिक परीक्षण कर यह संदेश दिया कि भारत विश्व में किसी से कमजोर नहीं है और ना ही किसी से डरने वाला है। यह परीक्षण भारत के आत्मविश्वास और स्वाभिमान का बाद में प्रतीक बना। अटल बिहारी वाजपेई जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि एक महान कवि पत्रकार और विचारक भी थे। उनके मार्गदर्शन में भारत ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। उनके योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान भव्य खिचड़ी भोज और मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, मंडल महामंत्री मन्नी त्रिवेदी, अनुज शंकर मिश्रा, शिवम कटियार, राघव दीक्षित, राहुल मिश्रा, गौरव अग्निहोत्री प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# समाधिलीन माँ दुलारी बाई व माँ प्रेम बाई को याद कर किया गंगा मां का पूजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। बिठूर के पौराणिक लक्ष्मण घाट पर बुधवार की शाम हिंदू किन्नर सभा की अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां की अध्यक्षता में मां दुलारी बाई व मां प्रेम बाई को याद करते हुए गंगा मां का पूजन, अर्चन, चुनरी दान, के साथ-साथ महा आरती का भव्य आयोजन किया गया। गंगा आरती से पूर्व तुलसी माता का पूजन अर्चन भी किया गया। कार्यक्रम में सुधीर कुमार मक्कड़ (गोल्डन बाबा) भी गंगा पूजन व आरती में सम्मिलित हुए। पूजन में कानपुर के समस्त किन्नर समाज ने आज अपने घाट पर गुरु जनों को याद करते हुए माँ गंगा की आरती की। पौराणिक लक्ष्मण घाट की दुर्दशा को देखते हुए मंगलामुखी मन्नत मां ने इस घाट के सुंदरीकरण के लिए जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया है। माँ गंगा की पूजा आरती के बाद सभी सन्त समाज एवम् किन्नर समाज ने माँ गंगा निर्मल एवम स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। गंगा पूजन के उपरांत मां प्रेम बाई आश्रम सूबेदार नगर में भव्य भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेहा मां मंजू मां के अलावा शिष्य तमन्ना, सारिका, राधिका, नंदिनी सौम्या रवीना आदि शिष्यगण मौजूद रहे।

# यू.सी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्रीनिवास रामानुज जयंती मनाई गई



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

यू. सी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल गणेश नगर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास कानपुर प्रांत, कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में गणित दिवस एवं 22 दिसंबर को श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर आज 26 दिसंबर को वैदिक गणित विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता वैदिक गणित प्रांत संयोजक प्रोफेसर अनोखे लाल पाठक एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव एवं संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। व्याख्यान में कक्षा 8 से कक्षा 11 तक के छात्र छात्राओं को वैदिक गणित के सूत्र निखिलं नवतः चरमं दशतः एवं ऊर्ध्वतिर्यग्भ्यां विधियों से गुणन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रांजुल मिश्रा द्वारा तैयार वैदिक गणित एप के बारे में बताया गया। जो उन्हीं के द्वारा बनाया गया वैदिक गणित को सरलतम तरीके से समझने का एक गणित एप है। अतिथियों का स्वागत शिक्षिका काजल बक्शी जी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर खुशबू सिंह जी द्वारा किया गया। संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से शिक्षक गण स्नेहा श्रीवास्तव, प्रियांशी, काजल बक्शी, खुशबू सिंह, शिफा, कुलदीप कुमार, ऋतिक एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# घर में खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, सिलेंडर हाईवे पर फेंका





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

घाटमपुर के जहांगीराबाद में घर के भीतर खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। घर के सदस्यों ने सिलेंडर को निकालकर हाईवे पर फेंक दिया। हाईवे पर जलता सिलेंडर देखकर राहगीर भयभीत हो गए। और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सिलेंडर की आग बुझाई। घटना के दौरान लगभग आधा घंटे तक हाइवें पर यातायात ठहरा रहा। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने यातायात को दोबारा चालू किया।

घटना घटनाक्रम के मुताबिक घाटमपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी कमल पुत्र शहीद मोहम्मद ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि उनका घर कानपुर सागर हाईवे के किनारे जहांगीराबाद गांव में स्थित है। बुधवार शाम घर पर खाना बन रहा था। इस समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर को जलते देखा उन्होंने उसे घर के बाहर निकाल कर हाईवे पर फेंक दिया। हाईवे पर बीचो बीच सिलेंडर जलता देख हाईवे पर चल रहे वाहनों में बैठे लोग भयभीत हो गए। दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई। सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सिलेंडर में लगी आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने के बाद हाईवे से सिलेंडर को किनारे करवा कर यातायात बहाल कराया गया। इस दौरान घाटमपुर की ओर जगन्नाथपुर और कानपुर की ओर तेनापुर मोड तक वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिली है मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

### तुलसी पूजन दिवस पर महाकालेश्वर मंदिर में हुई विशेष पूजा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** बिठूर। बिठूर के पुरातन शिव मंदिर श्री महाकालेश्वर मंदिर में हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे का लगातार पूजन करने से लक्ष्मी मां प्रसन्न होती है ऐसा माना जाता है। इस पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में महाकालेश्वर मंदिर में बाबा की भव्य सायंकाल आरती का आयोजन किया गया। आरती से पहले बाबा का अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष शुक्ला, योगेश द्विवेदी, गोपाल जी दीक्षित, व सहयोगी गाणो द्वारा संपन्न कराया गया। इसके उपरांत बाबा की महा आरती में प्रमुख रूप से सांवरे शुक्ला, उमेश चाचा पहलवान, सावरेन गौड़, आदि सैकड़ो श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# 35 साल के युवाओं की धमनियों में 65 साल वाला ब्लॉकेज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



जिस उम्र को सेहत के लिहाज से सबसे बेहतर माना जाता रहा है, अब वह हृदय रोग की उम्र हो गई है। 35 साल के युवाओं की हृदय की धमनियों में 65 साल उम्र वाला ब्लॉकेज मिल रहा है। धमनियों में बड़ा थक्का जम रहा है और कुछ की तीनों धमनियां ब्लॉक मिल रही हैं। एलपीएस कार्डियोलॉजी के अध्ययन के मुताबिक 10-15 साल में हार्टअटैक के रोगियों का आयु वर्ग 15 से 20 साल कम हो गया है। यही बात अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के शोध में कही गई है। शोध में यूरोप और देश के हृदय रोगियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट ने पहली बार हार्ट अटैक का लक्षण लेकर अस्पताल आए 1500 रोगियों के ब्योरे का अध्ययन किया है। एंजियोग्राफी रिपोर्ट में इन रोगियों के हृदय की धमनियों में ब्लॉकेज की स्थिति देखी। इसमें यह चौंकाने वाला तथ्य मिला है। कार्डियोलॉजी के निदेशक प्रोफेसर राकेश कुमार वर्मा का कहना है कि पहली बार हार्ट अटैक के लक्षण के साथ आने वाले रोगियों की एंजियोग्राफी की जाती है तो तीनों धमनियों में ब्लॉकेज मिलता है। ओपन हार्ट सर्जरी की नौबत रहती है। अध्ययन में नए रोगियों के ब्लॉकेज की स्थिति का मिलान 10-15 साल पहले आए रोगियों से किया गया।

सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि 15-20 साल पहले 55 से लेकर 75 वर्षीय हार्टअटैक के रोगी अधिक आते रहे हैं। इनकी धमनियों में ब्लॉकेज रहता था। इनमें सबसे अधिक संख्या 60 से 65 साल आयु वर्ग के रोगियों की होती थी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। अब 35 से 55 वर्ष आयु वर्ग के रोगी अधिक आ रहे हैं। इनमें 40 से 45 साल आयु वर्ग के रोगियों की संख्या अधिक होती है। इनका ब्लॉकेज जटिल प्रकार का होता है। उन्होंने बताया कि अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के शोध में भी यह कहा गया है कि यूरोप के लोगों की तुलना में भारतीयों को हृदय रोग 15-20 साल पहले हो जा रहा है। हृदय रोग होने की आयु 15-20 साल कम हो गई है।

हृदय रोग बढ़ाने के मिले चार प्रमुख कारण कम उम्र में हृदय रोग होने के कारणों के अध्ययन में चार प्रमुख कारण मिले हैं। इनमें व्यायाम की कमी, बिगड़ा खानपान, नशा और तनाव है। इसकी वजह से हृदय खतरे में पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि फास्ट फूड से मोटापा बढ़ता है। खराब कोलेस्ट्राल एलडीएल बढ़ जाता है जिससे ब्लॉकेज बनता है। तनाव, धूम्रपान आदि से ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है। इसके अलावा आरामतलबी वाली जिंदगी से वसा का जमाव होता है।

# आईआईएम नागपुर बनेगा आईआईटी के स्टार्टअप का मैनेजमेंट गुरु, दोनों संस्थानों के बीच हुआ करार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



तकनीक में पारंगत और स्टार्टअप को नई दिशा देने वाले आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप को बिजनेस मैनेजमेंट का सही गाइडेंस देने का बीड़ा आईआईएम नागपुर के विशेषज्ञों ने उठाया है। स्टार्टअप करने वालों को बढ़िया मार्केट मिल सके, विस्तार के लिए कम बजट में अधिक प्रचार प्रसार कैसे हो समेत विभिन्न जानकारियां दी जाएंगी। स्टार्टअप को आसानी से कैसे कंपनी बनाया जा सकता, इस बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसको लेकर आईआईटी के उप निदेशक प्रो. बृजभूषण और स्टार्टअप इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) के प्रोफेसर इन चार्ज प्रो. दीपू फिलिप ने आईआईएम के निदेशक संग समझौता किया है। आईआईटी में स्थापित एसआईआईसी में 200 से अधिक स्टार्टअप रिसर्च कर नवाचार कर रहे हैं। ये सभी भविष्य में आने वाली चुनौतियों का तकनीक के माध्यम से समाधान करने के लिए रिसर्च कर रहे हैं।

### संस्थान के स्टार्टअप बेहतरीन नवाचार कर रहे हैं

अभी संस्थान में तकनीकी ज्ञान से प्रोडक्ट तो अच्छा विकसित हो जाता है, लेकिन कहीं न कहीं प्रोडक्ट को बड़ा बिजनेस बनाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते संस्थान ने आईआईएम के साथ समझौता किया है। प्रो. बृजभूषण ने बताया कि संस्थान के स्टार्टअप बेहतरीन नवाचार कर रहे हैं। उनके नवाचार के बारे में संबंधित कॉमर्शियल कंपनियों के साथ उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द जानकारी मिल सके और संबंधित तकनीक को सभी समझ सकें।

### स्टार्टअप को विस्तार का मौका भी मिलेगा

इसके लिए आईआईएम के विशेषज्ञों की टीम स्टार्टअप करने वालों को बिजनेस मैनेजमेंट का प्रशिक्षण देगी। प्रो. बृजभूषण ने कहा कि इस समझौते से महाराष्ट्र और आसपास क्षेत्र में स्टार्टअप को विस्तार का मौका भी मिलेगा। कानपुर के स्टार्टअप आईआईएम नागपुर की मदद से मैनेजमेंट क्षेत्र की चुनौतियों को भी समझकर तकनीकी समाधान प्रदान करेंगे।

# केस्को जेई की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के फीलखाना थाना क्षेत्र में रहने वाले केस्को जेई का शव उसके कमरें में मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जिस तरीके से केस्को जेई का शव मिला है। उसे हार्ट अटैक से मौत होने की संभावना ज्यादा नजर आ रही है। बाकी घटना की सही बजे का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

मूल रूप से गुडंबा लखनऊ के रहने वाले घनानंद जोशी उम्र 55 वर्ष का परिवार कल्याणपुर के आदर्श नगर में रहता है। खुद घनानंद जोशी पटकापुर में कमरा लेकर रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी दीपा बेटा उत्कर्ष प्राइवेट नौकरी करते हैं। भाई नारायण जोशी ने बताया कि बुधवार को उन्होंने सुबह से दोपहर तक में घनानंद को कई सारे फोन किया मगर उनका फोन बंद आ रहा था। इसके बाद उनके मकान मालिक को फोन किया गया तो उन्होंने जाकर देखा कमरा अंदर से बंद था। इसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा तो घनानंद का शव पड़ा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस में सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। फील खाना खाना प्रभारी ने बताया कि परिवार वालों ने किसी पर शक नहीं जाते हैं। यदि परिवार की तरफ से कोई तहरीर आती है तो उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव की जयंती पर हुआ कवि सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर में नरवल के महाराजपुर में स्थित ऑक्सफोर्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व विख्यात हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां पर पहुंचे विख्यात कवियों ने समां बांधा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद के पूर्व सदस्य लाल सिंह तोमर ने राजू श्रीवास्तव की स्मृतियों को याद करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हास्य कलाकार के साथ कानपुर का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय कॉमेडियन व कई फिल्मों में काम करने वाले राजू श्रीवास्तव देश की शान थे।

राजू श्रीवास्तव का असामयिक निधन निश्चित ही दुखदाई है। इस मौके पर शायर अंसार कंबरी ने हिंदू-मुस्लिम की एकता पर बल देते हुए पढ़ा की ॐबाल्मीकि के जाप से, निकला ये परिणाम। श्रृद्धा होनी चाहिए, मरा कहो या राम। चाहे वो आशीष दें, चाहे मारे बाण। रघुनंदन के हाथ से, होता है कल्याणज्ञाकर समा बांधा।

 ▶ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## धर्म के प्रति निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर रोकेगा कौन?

**जब हिन्दू हृदय सम्राट समझे गए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, गत रविवार को अमरावती में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहते हैं कि दुनिया में धर्म के नाम पर जितने भी अन्याय, अत्याचार होते हैं, उनके पीछे धर्म की गलत समझ काम कर रही होती है। याद दिला दें कि इससे पहले बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि जगह-जगह मंदिर विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। लिहाजा संघ प्रमुख के बयानों के पीछे छिपी चिंता को समझे जाने की जरूरत है। क्योंकि ऐसा करना हालिया घटनाओं की रोशनी में खासा अहम हो जाता है।**

*धर्म और अधर्म के बीच मौजूद सूक्ष्म विभाजन को स्पष्ट करते हुए लोक रचयिता गोस्वामी तुलसीदास महाकाव्य रामचरित मानस में लिखते हैं कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई। यानी कि दूसरों का हित सोचना-करना ही धर्म है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाना ही अधर्म है। जहां तक भारत और उसकी धर्मनिरपेक्षता का सवाल है तो खुद आरएसएस और उसका राजनीतिक संगठन भाजपा (जनसंघ का परिवर्तित स्वरूप) इस पर सवाल उठाते हुए तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस और समाजवादी दलों की सरकारों पर तुष्टिकरण के आरोप मढ़ती आई है। इससे स्पष्ट है कि धर्म के प्रति बढ़ती निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर कौन रोकेगा, यह यक्ष प्रश्न है और इस नीतिगत सवाल पर आरएसएस को ढुलमुल नहीं, बल्कि स्पष्ट रवैया अपनाना चाहिए। चूंकि वह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, दुनिया के सबसे पुराने धर्म सनातन धर्म के आधार पर जीवन पद्धति को विकसित करने और प्राणी मात्र की रक्षा करने का वह पक्षधर रहा है, इसलिए उसके रवैए से देश सहित विश्व का जनमत प्रभावित होता है। क्योंकि वह अमूमन तार्किक और लोकहितैषी बातें करता आया है। उसकी शाखाओं की दिनचर्या समाज के लिए भी सेहतमंद साबित होती आई हैं। भाजपा को इस मुकाम तक पहुंचाने में उसकी मेंटर की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्ध/मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है। गाहे बगाहे होने वाले सांप्रदायिक, जातीय, क्षेत्रीय या आपराधिक हिंसा-प्रतिहिंसा की बातों को कुछ देर के लिए विराम भी दे दिया जाए, क्योंकि मानवीय सनक को काबू में रखना किसी भी प्रशासन के लिए जटिल कार्य है। फिर भी इस पर सियासी कारणों से रोक नहीं लगाना भी अधर्म है। वहीं, ऐसी ही हिंसक प्रवृत्ति से जुड़ा एक पूरक सवाल है कि यदि भारत सरकार पशु-पक्षी बद्ध के लिए लाइसेंस जारी करती है या फिर इस तरह की मिलीजुली मानवीय प्रवृत्ति पर खामोश रहती है तो मेरे विचार में वह एक अधार्मिक प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है और इससे उसका प्रशासन भी प्रभावित होगा। मेरा मानना है कि यदि देशवासियों को सही शिक्षा दी जाएगी, तो पुलिस व सैन्य खर्च में भारी कमी स्वतः आ जाएगी। आज यदि देश की जनता नाना प्रकार की नैतिक-भौतिक त्रासदी से जूझ रही है तो इसके पीछे उसकी धर्मनिरपेक्ष भावना ही है। जिसके चलते देशवासियों को सही शिक्षा की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। आश्चर्य होता है कि इसके बावजूद भी हमारे धर्मनिरपेक्ष नेता मदमस्त हैं। वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि हमारे देश में कौन सा धर्म सही शिक्षा दे रहा है और कौन सा धर्म भड़काऊ शिक्षा दे रहा है। इनकी शिनाख्त करके उसे सही राह पर चलने के लिए भारत का प्रशासन विवश नहीं करेगा, तो कौन करेगा। आप धर्मनिरपेक्ष हैं, बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप प्रकृति धर्म, प्राणी धर्म और मानव धर्म से निरपेक्ष नहीं हो सकते, क्योंकि इसका सम्मिलित स्वरूप ही राजधर्म है। मनुष्यों को नियंत्रित रखने के लिए किसी न किसी धर्म की जरूरत होती है, जो उन्हें अधार्मिक होने से रोकता है। हिंसक प्रवृत्ति अधार्मिक है, भोगवाद अधार्मिक है, क्योंकि इससे रोग उत्पन्न होता है और बढ़ता है। वहीं, अहिंसा, त्याग और सेवा की भावना धार्मिक है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए। यह प्राकृतिक गुण है, मानवीय गुण है और प्राणी मात्र के लिए हितैषी है।*

### एक्सप्रेस आलेख

अभी हाल ही महाराष्ट्र और झारखण्ड में विधानसभा के चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस को जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वैसा परिणाम नहीं रहा। झारखण्ड में गठबंधन को सफलता जरूर मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बेमेल गठबंधन ले डूबा। यहां भी फजीहत कांग्रेस की हुई। कांग्रेस के समक्ष हालात यह होते जा रहे हैं कि उसे अब तिनके की तलाश करनी पड़ रही है। देश के कई राज्यों में कांग्रेस अपने बूते चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। जहाँ अकेले चलने का प्रयास किया, वहां धड़ाम से नीचे गिर गई। लगातार झटके खाने की आदी होती जा रही कांग्रेस को एक झटका दिल्ली में मिला है।

## गठबंधन में अकेली होती कांग्रेस



सुरेश हिंदुस्तानी

**आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से दूरी बनाकर यह संकेत दे दिया है कि कांग्रेस का वजूद क्या है। इसके बाद कांग्रेस को स्वयं का आकलन करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसा करने को तैयार नहीं दिखती। कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि वह अब इंडी गठबंधन में अलग होती जा रही।**

भारत की राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा-सा आशय नहीं निकाल सकता। यानी जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी-कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे-बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाशते दिख रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है। आज कांग्रेस की सच्चाई यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाएं, उन्हें जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोबेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से दिखाई देते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे को कांग्रेस भले अपने लिए सफलता माने लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल



**अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है।**

कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज नहीं हैं। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इसका आशय पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अब नेतृत्व करने की शक्ति नहीं बची है। हर जगह से कांग्रेस को आईना दिखाने का क्रम प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन कांग्रेस में तो केवल और केवल इसी बात की राजनीति की जा रही है कि राहुल और प्रियंका को कैसे स्थापित किया जाए। इसी के चलते कांग्रेस अन्य दलों की लगभग अनदेखी-सी करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस अनेक बार उत्थान और पतन की राजनीति से गुजरी है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में पराजय का दंश झेलने वाली कांग्रेस की विसंगति यही है कि वह केवल विरोध करने की राजनीति ही कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का हर बयान मोदी या भाजपा तक ही सीमित है। यह अब कांग्रेस का स्थायी भाव सा बन गया है। इसका मतलब यह भी निकल सकता है कि उनके पास स्वयं की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर राजनीति की जा सके। अभी हाल ही में प्रियंका वाड्रा ने संसद में कांग्रेस का रटा-रटाया बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संविधान बदलना चाहती है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो राजनीति करने वाले जानते ही हैं, लेकिन ऐसे बयान इसलिए भी उचित नहीं कहे जा सकते क्योंकि यह बयान अनुमान पर ही आधारित हैं। यह बयान ठोस नहीं हैं। ऐसे बयानों का मतलब सबको समझ में भी आने लगा है। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस की राजनीति आधारहीन होती जा रही है। वास्तव में कांग्रेस को अब समय के हिसाब से प्रासंगिक होना चाहिए। प्रासंगिकता के अभाव में कांग्रेस को अब वैसा भाव नहीं मिल रहा, जैसा कांग्रेस को चाहिए। अभी हाल ही महाराष्ट्र और झारखण्ड में विधानसभा के चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस को जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वैसा परिणाम नहीं रहा। झारखण्ड में गठबंधन को सफलता जरूर मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बेमेल गठबंधन ले डूबा। यहां भी फजीहत कांग्रेस की हुई। कांग्रेस के समक्ष हालात यह होते जा रहे हैं कि उसे अब तिनके की तलाश करनी पड़ रही है। देश के कई राज्यों में कांग्रेस अपने बूते चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। जहाँ अकेले चलने का प्रयास किया, वहां धड़ाम से नीचे गिर गई। लगातार झटके खाने की आदी होती जा रही कांग्रेस को एक झटका दिल्ली में मिला है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से दूरी बनाकर यह संकेत दे दिया है कि कांग्रेस का वजूद क्या है। इसके बाद कांग्रेस को स्वयं का आकलन करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसा करने को तैयार नहीं दिखती। कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि वह अब इंडी गठबंधन में अलग होती जा रही। कांग्रेस को उसके सहयोगी राजनीतिक दल ही किसी प्रकार का भाव देने की स्थिति में नहीं है। इसलिए कांग्रेस को चाहिए कि वह अपने आपको पिछलग्गू बनने की बजाय ठोस धरातल बनाने की राजनीति करे।

### एक्सप्रेस कविता

*गए जमाने में क्या क्या गजब ढाती थी चिट्ठीयां, कभी बेतहाशा खुशी, कभी मायूसी की खबर लाती की चिट्ठीयां। लाम पर गए सपूत की हर पल की खबर लाती थी चिट्ठियां, कभी दूर गए बेटे के पैसों से लिपटे मनी ऑर्डर पर छोटी खबर लाती थी चिट्ठियां, बहन की प्यारी राखी, कभी छोटे भाई के लिए खुशखबरी लाती थी चिट्ठीयां, बूढ़े मां बाप को चिट्ठियों का होता ता था लंबा इंतजार, डाकिये को देख हो जाते थे सब बेकरार, सीमा पर चौकसी करते जवान के लिए, गांव में रहती सांवली सलोनी पत्नी के प्यार से लिपटी शब्दों की चाशनी लाती थी चिट्ठियां, गांव गांव, शहर शहर, कितना अहम किरदार थी चिट्ठियां। बहन की राखी, भाई की मंगनी, पिता की बीमारी, मां की खांसी सारी खबर लाती ले जाती थी चिट्ठीयां।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए, इसे हमेशा मंत्र के समान गुप्त रखकर, उसकी रक्षा करनी चाहिए*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 26:24 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 20:18 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | धृति, 22:30 |
| सूर्योदयः | 07:16 |
| सूर्यास्तः | 17:27 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 11:05-12:21 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:01-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### आने लगे बयान !

*बांट रहे वो पैसा ।*
*आने लगे बयान ।।*
*जब आता चुनाव है ।*
*चर्चा में सम्मान ।।*
*होने लगाती मांग ।*
*करके जांच दिखाओ ।।*
*हम हैं ईमानदार ।*
*पास ना अपने आओ ।।*
*क्या सही क्या गलत ।*
*पता नहीं चल पाता ।।*
*हर चुनावी मौसम ।*
*अपना रंग दिखाता ।।*
*फेंकते सब पासा ।*
*खेलने को खेल ।।*
*पर जनता के हाथ में ।*
*हो किस पर नकेल ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## बालों की मजबूती के लिए इस्तेमाल करें सफेद तिलों से बना आयुर्वेदिक पाउडर



**सर्दियों** में बालों से जुड़ी समस्याएं होना आम बात होती है। इस समय में महिलाएं हो या पुरुष हर कोई बालों से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना कर रहा होता है। इन परेशानियों से बचने के लिए वह कई तरह की दवाइयों और अन्य ट्रीटमेंट्स का सहारा लेते हैं। कई बार पानी की तरह पैसे बहाने के बाद भी उन्हें मनचाहा रिजल्ट नहीं मिल पाता है। ऐसे में आयुर्वेद एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। आयुर्वेद में कई ऐसे नुस्खे बताए हैं, जिन्हें आप डेली रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। इससे शरीर को किसी तरह के साइड इफेक्ट का सामना नहीं करना होगा।

**पाउडर बनाने की विधिः** बालों को मजबूती देने वाला यह पाउडर बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक पैन में सफेद तिल, कद्दू के बीज, मूंगफली, मेथी दाना और अखरोट को रोस्ट करना है। इसके बाद इन सभी चीजों को मिक्सर में अच्छी तरह पीस लें। अब एक कढ़ाई में घी और गुड़ डालें। जब यह गुड़ अच्छी तरह पिघल जाए, तो इसमें पाउडर को मिला लें। अब आखिर में आपको आंवला पाउडर मिक्स करना है। आप चाहें, तो इस सामग्री को गोल आकार दे सकते हैं। आपका लड्डू तैयार हो जाएगा।

**सफेद तिलः** सफेद तिल बालों के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें ओमेगा-3, ओमेगा-6 और ओमेगा-9 फैटी एसिड पाए जाते हैं, जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं।

**कद्दू के बीजः** कद्दू के बीजों का सेवन भी बालों के लिए गुणकारी होता है। कद्दू के बीजों में जिंक और मैग्नीशियम पाया जाता है। ये दोनों ही चीजें बालों को मजबूत और घना बनाती हैं।

**मूंगफलीः** मूंगफली में बायोटिन होता है, जिसे विटामिन-बी कहा जाता है। इससे बालों के विकास में मदद मिलती है।

**मेथी दानाः** मेथी दाने में प्रोटीन और निकोटिनिक एसिड होते हैं। ये बालों को पोषण देने का काम करते हैं।

**अखरोटः** अखरोट में बायोटिन होता है, जिसे विटामिन-बी7 भी कहा जाता है। यह बालों को लंबा और घना बनाने में मदद करते हैं।

**घीः** घी में विटामिन-ए, विटामिन-ई, प्रोटीन, और एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे गुण पाए जाते हैं। इससे बालों की कई समस्याओं से बचा जा सकता है।

**गुड़ः** गुड़ में मौजूद आयरन और फोलेट स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाते हैं, जिससे बालों का विकास होता है और बाल झड़ने कम हो जाते हैं।

**आंवला पाउडरः** आंवले में विटामिन-सी और कॉपर होता है, जो बालों के लिए फायदेमंद होता है। इससे बालों में नई चमक आती है। इससे बालों को मजबूती मिलती है। इन सभी चीजों का पाउडर बनाकर खाने से हार्मोनल इम्बैलेंस की समस्या से बचा जा सकता है। इससे बालों को मजबूती मिलती है। बता दें कि यह पाउडर बालों के लिए ही नहीं, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हो सकता है। इस पाउडर को घर पर बनाया गया है। ऐसे में आप रोजाना इस पाउडर को खा सकते हैं और इससे शरीर को नुकसान नहीं होगा।

### एक्सप्रेस विशेष

## राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घटी कई घटनाओं ने भविष्य के लिए बड़े संकेत दिये हैं



नीरज कुमार दुबे

**यह चुनाव इस मायने में ऐतिहासिक रहे कि उम्मीदवारों की तो रिकॉर्ड संख्या रही ही मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। एक दशक बाद हुए राज्य विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस ने शानदार जीत हासिल की और उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बने।**


**साल** 2024 देश दुनिया के लिए कई अहम घटनाओं से भरा रहा। राजनीतिक तौर पर देखें तो दुनिया के कई देशों में सरकारें बदल गयीं तो कई देशों में सत्तारुढ़ दलों को बड़ा झटका लगा। महंगाई, बेरोजगारी के साथ ही दुनिया तमाम तरह के द्वंद्वों से भी जूझती रही। शांति को तरजीह देने की बात करने वाले इस विश्व में जहां इस साल और संघर्ष बढ़े वहीं मौसम ने भी ऐसा तपाया कि दुनिया में यह वर्ष सबसे ज्यादा गर्म के तौर पर दर्ज हो गया। भारत में साल की शुरुआत में हिट हुआ अबकी बार 400 पार का नारा तो चुनावों में पिट गया लेकिन साल के अंत में सामने आया बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लोगों का जोरदार समर्थन मिला है। आइये एक नजर डालते हैं बीत रहे साल 2024 की बड़ी घटनाओं पर। भारत की दृष्टि से देखें तो यह साल इसलिए अहम रहा क्योंकि पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी के रूप में कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आया। हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी लेकिन जनता ने उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को शासन करने के लिए स्पष्ट जनादेश दिया। भाजपा का अबकी बार 400 पार का नारा पूरी तरह विफल रहा और उसे सरकार चलाने के लिए चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों का लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन रहा। खासतौर पर कांग्रेस ने एक दशक में अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए 99 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। साल 2024 कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए बेहद खास रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस बार वह केरल की वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से रिकॉर्डतोड़ मतों से जीते। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने भाजपा की स्मृति ईरानी को हरा दिया। बाद में राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सांसदी बरकरार रखी।

**हेमंत सोरेन के लिए साल 2024 बेहद उतार-चढ़ाव वाला साबित हुआ। साल 2024 में उनकी गिरफ्तारी हुई। उन्होंने अपनी जगह चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। जमानत मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर वापसी की तो चंपई सोरेन उनका साथ छोड़कर भाजपा में चले गये। इस साल विधानसभा चुनावों में उनके नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और वह एक बार फिर मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए।**

राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनाये गये जोकि उनके राजनीतिक जीवन में अब तक का सबसे बड़ा पद रहा। इस साल लोकसभा चुनावों से ठीक पहले शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी बड़ी राजनीतिक घटना रही। उन्होंने इस्तीफे की मांग को दरकिनार करते हुए जेल से सरकार चलाने का रिकॉर्ड भी बनाया। हालांकि जमानत मिलने पर बाहर आये केजरीवाल ने अपना इस्तीफा देकर आतिशी को मुख्यमंत्री बना दिया। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को फिर से नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा चुनावों के साथ हुए ओडिशा के विधानसभा चुनावों में इस बार बड़ा फेरबदल देखने को मिला। ओडिशा की सत्ता पर दो दशक से ज्यादा समय से काबिज नवीन पटनायक की बीजू जनता दल को इस बार हार का सामना करना पड़ा। खुद दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने वाले नवीन पटनायक एक सीट पर चुनाव हार गये। ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए राज्य में सरकार बनाई। 2024 में आंध्र प्रदेश में भी सत्ता परिवर्तन हुआ। लोकसभा चुनावों के साथ ही कराये गये आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में टीडीपी-जन सेना और भाजपा के गठबंधन ने कमाल कर दिखाया और अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। चंद्रबाबू नायडू राज्य के मुख्यमंत्री और जन सेना के पवन कल्याण उपमुख्यमंत्री बनाये गये। लोकसभा चुनावों के ठीक बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले रहे। कांग्रेस के पक्ष में आंधी होने की खबरों के बीच भाजपा का लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटना राजनीतिक रूप से तो ऐतिहासिक रहा ही साथ ही इन परिणामों ने निराश महसूस कर रही भाजपा में नई जान फूंक दी। हरियाणा चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटेंगे तो कटेंगे का जो नारा दिया उससे हिंदू समुदाय भाजपा के पक्ष में एकजुट हो गया और इसका असर महाराष्ट्र में भी दिखाई दिया। खास बात यह रही कि लोकसभा चुनाव में जहां महाराष्ट्र में महायुति को निराशा हाथ लगी थी तो वहीं विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने दिल खोलकर भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को अपना समर्थन दिया।

# ब्लॉक लखीमपुर का हाल बेहाल, पीड़ित को न्याय के लिए दौड़ते हो गये बीस साल

जन एक्सप्रेस । सुनहरा




**लखीमपुर खीरी।** ब्लाक लखीमपुर के अंतर्गत ग्राम मिदनिया गढी का मामला गरीब दलित की बीस साल से नही हुई विरासत।गरीब दलित ब्लाक व तहसील के काट रहा चक्कर 1 अक्टूबर 2004 को लेखपाल ने कोर्ट में लिख कर दिया कि रामसेवक पुत्र बलदेव है। इसके बावजूद ब्लाक ने फर्जी परिवार रजिस्टर की कॉपी दे दी। उक्त मामले में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने 2 माह पहले त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये थे उसके बाद भी ब्लॉक फर्जी परिवार रजिस्टर की सत्य प्रतिलिपि को रद्द नही कर रहा है। एक परिवार रजिस्टर दो अलग नाम से सत्य प्रतिलिपि जारी हैं बताते चलें पीड़ित के सगे बाबा सुकाली के परिवार में वर्ष 2019 में पूर्व प्रधान राजेश कुमार व ग्राम पंचायत अधिकारी रामासरे ग्राम पोस्ट. मिदनिया गढी, विकास खण्ड-लखीमपुर जिला खीरी के द्वारा शिव प्रकाश आदि की एक फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल जारी कर दी गयी है। जो अब संज्ञान में आयी है। जबकि -01. अक्टूबर.2004 को पीड़ित की बहन चमेली द्वारा अपनी वरासत के लिए क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो द्वारा न्यायालय नायाब तहसीदार लखीमपुर को लिखित बयान भी दिया जिसको न्यायालय द्वारा संज्ञान भी लिया गया। जिसकी छायाप्रति शिकायती पत्र के साथ संलग्नक कर रहा है। पीड़ित द्वारा वर्ष 2022 में मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी को शिकायती पत्र के जांच के आधार पर पुनःपरिवार रजिस्टर की नकल जारी की गयी है।

एक परिवार की दो परिवार रजिस्टर की नकल निकल रही है। शिवप्रकाश आदि की परिवार रजिस्टर की नकल फर्जी है जो क्रमांक 57 पर अंकित है। जिसको जाँच करवा कर निरस्त करने के लिए लगातार न्याय की गुहार लगा रहा है।

# कभी प्रशासनिक अधिकारी बन सरकार की सेवा करने वाला आज खुद अधिकारियों से न्याय की मांग रहा भीख

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

- खेत की पैमाइश के लिए दौड़ रहा सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी न्याय कि नहीं दिख रही कोई आस
- पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत एसडीएम ने राजस्व टीम भेज पैमाइश का दिया आदेश लेखपाल कानूनगो लेकिन इतने बड़े मामले ओयल चौकी प्रभारी एक सिपाही सिपाही भेज मामले को बहुत हल्के में ले रहे विपक्षी वाद विवाद का रच रहे षड्यंत्र



लखीमपुर खीरी। एक माह से एक सेवानिवृत्त प्राशसनिक अधिकारी न्याय के लिए दौड़ रहा है मामले में विपक्षी शिव सेना का ज़िला अध्यक्ष हैं। विपक्षियों का अपराधिक इतिहास है चौकी प्रभारी ओयल इनके आगे नतमस्तक जो न्याय में बन रहा है।रोडा बताते चलें सर्वजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्यामबिहारी सिंह निवासी ग्राम-खानपुर गुरेला, परगना व जिला खीरी का रहने वाला है। पीड़ित प्रशासनिक अधिकारी, कलेक्ट्रेट, लखीमपुर खीरी के पद से सेवानिवृत्त व्यक्ति है।पीड़ित का पैत्रक गांव खानपुर गुरेला परगना व थाना व जिला खीरी है। वही पीड़ित की भूमि गाटा सं0 895 रकबा 0.850 हेक्टेयर है, इसी भूमि में गाटा सं0 894 रकबा 0.077 हेक्टेयर पीड़िता की आबादी भी है, पीड़ित के खेत के पश्चिम रास्ता गाटा संख्या 892 रास्ता है,यह रास्ता ग्राम मझगवां की हद तक आबादी ग्राम- खानपुर गुरेला से निकला है,इस रास्ते के पश्चिम विपक्षी संतोष सिंह पुत्र सुरजन सिंह निवासी ग्राम खानपुर गुरेला की भूमि गाटा संख्या- 792 है, विपक्षी संतोष सिंह पीड़ित से रंजिश मानता है,संतोष सिंह व पीड़ित के रिश्तेदारों के मध्य मुकदमेबाजी चल रही है, इसी रंजिश के कारण संतोष सिंह व प्रधान, खानपुर गुरेला एकराय होकर पीड़ित को नुकसान पहुंचाने के लिए उक्त रास्ता को हल्का लेखपाल, खानपुर गुरेला को ले जाकर बिना किसी अधिकारी के आदेश व्यक्तिगत रूप से ले जाकर उक्त रास्ते की नाप कराई, मौके पर प्रार्थी मौजूद नहीं था, उपरोक्त रास्ता 14 मीटर चौड़ा है।पीड़ित के उक्त गाटा संख्या 895 व आबादी गाटा संख्या- 894 की तरफ बढ़ाकर नापा है, जबकि नक्शे पर उक्त रास्ता 70 कड़ी है और मौके पर रास्ता पर चकबन्दी के पूर्व से खड़न्जा लगा हुआ है। पीड़ित के खेत में रास्ते की तरफ पीड़ित के लगाये 40 पेड़ सागौन, 13 पेड़ यूकोलिप्टिस, 13 पेड़ करीब 18 साल पूर्व के लगे है, चकबन्दी में पड़ताल में उक्त पेड़ पीड़ित के खेत में लगे पाये गये थे, आज भी लगे हैं,इस कारण भी रास्ते पर पीड़ित का कब्जा नही हो सकता न ही रास्ता पीड़ित के खेत में हो सकता है।हल्का लेखपाल ने गलत तरीके से पीड़ित के खेत में रास्ता शामिल होना बता रहे है, जबकि पीड़ित का खेत जो चकबन्दी कर्मियों द्वारा दो साल पहले नाप दिया गया है, उतने पर ही व नक्शे के अनुसार काबिज है, पीड़ित की भूमि में रास्ते की भूमि नही शामिल है।रास्ते के पश्चिम 791 गाटा संख्या नाली है, नाली के पश्चिम विपक्षी का खेत है, विपक्षी ने रास्ते की भूमि व नाली सहित अपने खेत में मिल रखा है और अनावश्यक विवाद पैदा करने के लिए पीड़ित के खेत की तरफ रास्ता 14 मीटर निकाल रहे है, जबकि 14 मीटर निकलने के बाद पीड़ित का खेत एक तिहायी कम हो जायेगा। पीड़ित ने उतना ही खेत जोता है, जितना उसके चकबन्दी नक्शे में है।

न कम न ज्यादा पीड़ित को परेशान किया जा रहा है मामला प्रतिष्ठा का बना हुआ है पुलिस विपक्षियों के पक्ष में है पीड़ित जानता है अगर पुलिस इसी तरह मामले को हल्के में लेती रही तो स्थिति तनाव पूर्ण हो सकती है पीड़ित मौके की नजाकत को जानता दो साल पहले बांके तक निकल गये थे पीड़ित के बड़े पुत्र को सर पर बाका लगा 6 टांके लगे थे पुलिस ने गंभीर मामले को हल्के में एफआईआर विपक्षियों को राहत दी थी नपाई के दौरान बीना पुलिस फोर्स और राजस्व विभाग की टीम बिना कुछ नहीं हो सकता।

मामला संज्ञान में है देखते हैं उप जिला अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह।

# न बेटा मिला न भूमि मिलीं पीड़ित न इधर का रहा न उधर का रहा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री द्वारा तरह-तरह की योजनाएं बनाई गई है जैसे थाना समाधान दिवस तथा फरियादियों के लिए अगर वह थाने चौकी जाते हैं तो उनसे अच्छा प्रस्ताव किया जाए लेकिन इसके पलट दूसरा नजर सामने आ रहा है एक वृद्ध जिसके पत्नी भी नहीं है एक बड़ा पुत्र था क्ष बुढ़ापे की लाठी उसकी भी अभियुक्त ने गायब कर दिया है वजह सिर्फ अभियुक्त की विपक्षियों ने धोखाधड़ी से जमीन का फर्जी बैनामा कराया मामला जब फूल पड़ा अभियुक्त जेल गए तो उन्होंने इस गरीब रथ को दबाने के लिए इसके पुत्र को हरियाणा भिजवाया हरियाणा से पुत्र वापस नहीं आया न्याय की गुहार लगा पीड़ित 5 महीने से दर-दर भटक रहा है जिसे आश्वासन का लॉलीपॉप तो दे दिया जाता है लेकिन न्याय नहीं मिलता बताते चलें प्रधान थाने में तैनात एक दिवान प्रमोद जो इस पूरे मामले को हैंडल कर रहा है जिसके इशारे पर पीड़ित को न्याय मिलने में रोड़ा उत्पन्न हो रहा है बताते चलें जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित अनुसूचित जाति का है पीड़ित के खानदानी मंगले मिश्री व पोखई पुत्रगण पुत्तू अपनी भूमि गाटा संख्या 82 को पड़ोसी गांव रसूलपुर के निवासी जाबिर पुत्र अली असगर ग्राम रसूलपुर चौकी नकहा पिपरी थाना फरधान खीरी के हाथ बेचना चाहते थे। नियमानुसार हरीजन की भूमि हरिजन ही खरीद सकता।इस लिए हरिजन होने के नाते विपक्षी जाबिर ने उक्त भूमि पीड़ित के बैनामा कर दिया उक्त भूमि ने खेती कर रहा था पांच महीने बाद जाबिर पीड़ित के घर आया बोला मुझे परमीशन जिला अधिकारी का लेना है और सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिया जाबिर ने गाटा संख्या 82 के साथ साथ पीड़ित की भूमि गाटा संख्या 61,63,81 का बैनामा पीड़ित की जगह बाबू पुत्र हेमराज को खड़ा करके जाबिर ने अपनी पत्नी अखतरून के नाम करा दिया। जो जांच का विषय यह की पीड़ित न तहसील गया न अन्य किसी जगह उक्त प्रकरण में जांच हेतु एसडीएम नायब तहसीलदार क्षेत्रीय लेखकपाल मौके पर गये थे विपक्षी से बैनामा और परमीशन का कागज मागा विपक्षी ने बैनामा तो दिखा दिया परंतु परमिशन का आर्डर नहीं दिखाया जिससे राजस्व टीम द्वारा बैनामा फर्जी करार दिया गया जिसमें 420 में जाबिर बाबू दो बार जेल भी जा चुके हैं। उसके बाद भी पीड़ित की भूमि का फर्जी बैनामा कैंसिल नहीं किया गया विपक्षियों द्वारा जान माल की धमकी दी जा रही है। जिसका परिणाम पीड़ित के बड़े पुत्र परशुराम को जाबिर ने अपने पुत्र नाजिम मास्टर से रामकिशन पुत्र दुजई के साथ षड्यंत्र रच कर बिरजू, प्रकाश पुत्रगण छब्बू, राजा, विकास, पुत्रगण करन निवासी महमदपुर चौकी नकहा पिपरी थाना फरधान जिला खीरी महातिया पुत्र विपिन विजयपाल पुत्र संतु के साथ हरियाणा भेज दिया पांच माह हो गये हरियाणा पुत्र को ले जाने सभी लोग आ गये पुत्र नहीं आया जिसकी सूचना फरधान थाने को दी पुलिस ने विपक्षी जाबिर से सुलह कर लेने के बाद पुत्र सुपूर्द करने की बात कही पीड़ित ने सुलह से मना कर दिया तो दिवान प्रमोद ने कहा कुछ भी कर लो न अब तुम जाबिर का कुछ कर पाओगे न भूमि मिलेगी न पुत्र विपक्षियों की बात सच साबित हो रही है पांच मन हो गए हैं न्याय के लिए पीड़ित दर-दर भटक रहा है ना उसे जमीन मिलने बैनामा खारिज होने की कोई दूर तक उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है ना ही पुत्र के मिलने की कोई आस देख रही हैं इस मामले में जनपद की तेज तर्रार जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित को न्याय दिलाने का आदेश देती है कि पीड़ित इसी तरह दर-दर भटकते हुए न्याय की आस छोड़ देगा यह भविष्य के गर्भ में है।

## एसपी ने किया नेपाल सीमा का भ्रमण, थाना प्रभारी से लिया सीमा सुरक्षा का जायजा



जन एक्सप्रेस । बहराइच

**रुपईडीहा।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के स्थानांतरित होने के बाद यूपी शासन ने राम नयन सिंह को एसपी बहराइच के पद पर तैनात किया है। बहराइच में प्रेस मीट के बाद उन्होंने बुधवार की शाम लगभग 6 बजे इंडो नेपाल बार्डर का निरीक्षण किया। आदर्श थाना रुपईडीहा पर उन्होंने प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह से बार्डर की सुरक्षा व शांति व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक दलबल के साथ नेपाल गेट तक गए। थाने से वे चकिया रोड होते हुए इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर पहुंचे। इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के सभागार में उन्होंने मैनेजर सुधीर शर्मा से आईसीपी के बारे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आयात निर्यात के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसपी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, एसएसबी 42वी वाहिनी के उप कमांडेंट दिलीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह सहित थाने के एसएचओ व विभिन्न पुलिस कर्मी मौजूद रहे। परंतु सीमावर्ती पत्रकारों को इस दौरे की जानकारी तक नही दी गयी। जिससे पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है।

## बीज/खाद की गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने एवं कालाबाजारी रोकने हेतु की गई कार्रवाई

- उर्वरक विक्रेताओं द्वारा निर्धारित मानक से अधिक यूरिया की बिक्री करने पर कारण बताओ नोटिस किया गया जारी

जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सर्वेश कुमार यादव द्वारा जनपद में बीज एवं उर्वरक प्रतिष्ठानों पर बीज/खाद की गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु एवं कालाबाजारी रोकने हेतु औचक छापामार कार्यवाही संपादित किया गया।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दुकानदार द्वारा पीओएस मशीन से एक ही किसान को उनकी खतौनी हेतु निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में यूरिया देने पर आठ दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए तथा इस अवधि में उर्वरक के व्यवसाय करने हेतु प्रतिबंध लगाया गया। जबकि एक हैक्टर में गेंहू की फसल हेतु अधिकतम 07 बोरी से अधिक यूरिया की आवश्यकता होती है। जनपद की मुख्य फसल रबी सीजन में गेंहू है जो लगभग 97000 हेक्टर क्षेत्रफल में अच्छादित है। इनके द्वारा 14 से 44 बोरी तक एक किसान को देने के कारण कार्यवाही किए गए विक्रेताओं में डीसीएफ बेलहारा, गुप्ता खाद भंडार सिसई माफ़ी, जनता खाद भंडार चंद्र कला देवापुर, चौधरी कृषि सेवा केंद्र बनकटवा चौराहा, डीसीएफ लोहरौली, एग्री जंक्शन बडगो खलीलाबाद, एग्री जंक्शन महुली, चन्द्रपाल यादव खाद भंडार नैना झाला। इसके अतिरिक्त दुकानदार द्वारा पीओएस मशीन से 10 से 13 बोरी यूरिया देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गए प्रतिष्ठानों में यादव ट्रेडर्स तिघरा बघौली, साधन सहकारी समिति शनिचरा बाज़ार, इफ़को बाज़ार मुड़ा डीहा पौली, डीसीएफ मानपुर सिकटहा, आर एन ट्रेडर्स बर्दहिया बाज़ार खलीलाबाद से स्पष्टीकरण मांगा गया है, जवाब न देने पर लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

# पुलिस व एसओजी की अपराधी गिरोह से मुठभेड़, एक अपराधी घायल, घायल समेत पांच गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

> लगभग पौने दो माह पूर्व थाना फखरपुर के गजाधरपुर स्थित स्वर्ण व्यवसाई के प्रतिष्ठान में हुई चोरी का खुलासा, 1.93 किग्रा सफेद धातु व 23 हजार 640 रुपए, दो बाइक व असबलहे बरामद



घटना के बारे में जानकारी देंते एस पी रामनारायण सिंह।

पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम तथा बाइक सवार बदमाशों के बीच बुधवार की देर रात मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की ओर से बचाव में की गई फायरिंग में असलम नामक एक बदमाश घायल हो गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने असलम समेत पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से लगभग पौने दो माह पूर्व थाना फखरपुर क्षेत्रान्तर्गत गजाधरपुर बाजार में सर्राफा दुकान में हुई चोरी का खुलासा हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में से तीन पर दस-दस हजार रुपए का इनाम घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से गजाधर पुर स्थित सराफा की दुकान से चोरी किये गये कुल 01 किलो 93 ग्राम सफेद धातु व 23,640 नगद बरामद किया है। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों के पास से 02 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद तमन्चा,315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस, 01 अदद तमन्चा.12 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस, 01 अदद नाजायज चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस लाइन सभागार में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने कहा कि विगत 4 नवंबर को वादी प्रभाकर पाण्डेय पुत्र सन्तोष पाण्डेय नि0 टेड़वा उजार गजाधरपुर थाना फखरपुर बहराइच द्वारा थाना फखरपुर पर मु0अ0सं0 385/ 2024 धारा 331(4), 305 बीएनएस बनाम अज्ञात चोरों के पंजीकृत कराया गया, जिसमे असलहो से लैस चोरो द्वारा गजाधरपुर बाजार में स्थित वादी की सर्राफा दुकान का शटर काटकर दुकान से चोरी की गयी थी। इस अभियोग को विशेष अपराध की श्रेणी मे लाते हुए विवेचना थानाध्यक्ष फखरपुर राजेश कुमार शुक्ला द्वारा सम्पादित की जी रही है। अभियोग की घटना के अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की 03 टीमो का गठन किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द कुशवाहा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर के नेतृत्व में विगत 04 नवम्बर 2024 को हुई घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 385/24 धारा 331(4), 305 बीएनएस के अनावरण के क्रम मे थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला मय फोर्स, एसओजी टीम, सर्विलांस टीम द्वारा समग्र प्रयास करते हुए घटना के सम्बन्ध में सुरागरसी, तकनीकी साक्ष्यों व मैनुअल इंटेलिजेंस, आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की सहायता से घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच 25 दिसंबर को थानाध्यक्ष फखरपुर को सूचना मिली कि, गजाधरपुर ज्वेलरी की दुकान में चोरी करने वाले 03 अपराधी बाइक से बौण्डी - वजीरगँज, बेदौरा रोड से कुण्डासर की तरफ अभी निकलने वाले है। इस सूचना के क्रम मे क्षेत्र में नाकाबन्दी कर सतर्क द्रष्टि रखते हुए पुलिस टीम बेदौरा मुख्य संड़क पुलिया के पास पहुँची, तो वजीरगंज की तरफ से एक मोटर साइकिल से आते हुए तीन संदिग्ध व्यक्तियो को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया तो उनके द्वारा भागते हुए पुलिस पर फायर किया गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा अपनी आत्मरक्षा में जबाबी कार्यवाही करते हुए फायरिंग की गयी। जिसमें अभियुक्त असलम के दाहिने पैर में गोली लग गयी। इस दौरान दो अभियुक्त असलम पुत्र नदीम नि0 सरैया थाना रामगांव बहराइच, इबरार पुत्र भुर्रे उर्फ सलीम नि0 मूसेपुर थाना बौण्डी जनपद बहराइच को मौके से गिरफ्तार किया गया तथा तीसरा अभियुक्त मौके से फरार हो गया। अभियुक्त असलम के दाहिने पैर में गोली लगने के कारण उपचार हेतु जिला अस्पताल बहराइच भेजा गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मौके से भागने वाला अभियुक्त अब्दुल अजीज उर्फ खुशबुद्दीन पुत्र अब्दुल कादिर था। दोनों गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से और गहराई से पूछताछ की गयी तो उक्त दोनो अभियुक्तों ने अपने अन्य 04 सहयोगियों के साथ उपरोक्त घटना कारित करना कुबूल करते हुए बताया कि उक्त चोरी की घटना में उन दोनों के सहित कुल 06 अभियुक्त शामिल थे जिनमें से शेष 04 का नाम सलमान पुत्र झगरू निवासी आगापुर थाना कोतवाली देहात बहराइच, अब्दुल अजीज उर्फ खुशबुद्दीन पुत्र अब्दुल कादिर निवासी कटका मरौठा साइनडीह थाना हुजूरपुर बहराइच, जो मौके से भाग गया, वाहिद पुत्र छैलू, इसराफिल पुत्र छैलू निवासी सरैंया (सराय मेहराबाद) थाना रामगांव बहराइच बताया गया। चूंकि उक्त गिरोह सक्रिय व शातिर किस्म का है। अतः शेष अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु चारों अभियुक्तों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10000-10000 रुपये का इनाम घोषित करते हुए टीमों का गठन किया गया । गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों द्वारा किये जा रहे प्रयास के क्रम में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर थाना फखरपुर पुलिस व एसओजी टीम द्वारा आज दिनांक 26 दिसंबर 2024 को कन्दौली बंधा के पास से 03 ईनामी अभियुक्तों सलमान पुत्र झगरू, वाहिद पुत्र छैलू, अब्दुल अजीज उर्फ खुशबुद्दीन पुत्र अब्दुल कादिर को गिरफ्तार किया गया । 01 अभियुक्त इसराफिल पुत्र छैलू नि0गण सरैंया थाना रामगांव अभी भी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी में शामिल पुलिस बल को रु0 20,000/- (बीस हजार) की राशि के पुरस्कार की घोषणा की गयी है। सभी अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# सरकारी विभागों से टैक्स वसूलने के लिए नाकों चने चबा रहे नगर पालिका परिषद के अधिकारी

जन एक्सप्रेस । अजय त्रिपाठी

**बहराइच।** नगर पालिका परिषद बहराइच के लिए सरकारी विभागों से टैक्स वसूलना चुनौती पूर्ण कार्य बन गया है। एक तरफ शासन की ओर से टैक्स वसूली का लक्ष्य 2.83 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है वहीं दूसरी तरफ शहर में संचालित सरकारी विभाग के ऑफिस की ओर से टैक्स ही नहीं जमा किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने पांच साल से हाउस और वाटर टैक्स जमा नहीं किया है। जिसके चलते बकाया 76 लाख से अधिक हो गया है। नगर पालिका के आरआई सत्य प्रकाश ने बताया कि नवम्बर माह तक 1.76 करोड़ रूपये टैक्स वसूला गया है। उन्होंने बताया कि शहर में निवास करने वाले 32 हजार लोगों से टैक्स वसूली की जा रही है। वहीं सरकारी विभाग हाउस और वाटर टैक्स जमा करने में आनाकानी कर रहे हैं। जिसका उदाहरण पीडब्ल्यूडी विभाग है। पीडब्ल्यूडी विभाग पांच साल से टैक्स का रुपया नहीं जमा किया है। जिसके चलते विभाग पर 76 लाख आठ हजार का बकाया हो चुका है। इसके लिए नगर पालिका की ओर से पत्र भी भेजा गया है। फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे नगर पालिका परिषद बहराइच को लक्ष्य हासिल करने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि बकायदार विभागों में शीर्ष पर पीडब्ल्यूडी विभाग है जिसका 76.8 लाख रुपए टैक्स बकाया है। दूसरे नंबर पर जिला उद्योग केंद्र रहा जिसका 10.75 लाख रुपए टैक्स बकाया है। आयुर्वेदिक अस्पताल का 9.7 लाख रुपए टैक्स बकाया है। अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से निर्धारित टैक्स आम शहरवासियों के अलावा सरकारी विभागों को जमा करना होता है।

# भाषण में अवंतिका, निबंध में लजीना तथा अकाल पाठ में साक्षी ने बाजी मारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जानी है। इसी क्रम में किसान पीजी कॉलेज के डॉ.जे बी सिंह सभागार में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की ओर से एकल पाठ निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का निर्देशन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विनय सक्सेना ने किया। भाषण प्रतियोगिता में किसान पीजी कॉलेज की छात्रा अवंतिका मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर डिमांक तिवारी तथा तीसरे स्थान पर अजरा बेबी रहीं। अकाल पाठ प्रतियोगिता में साक्षी गुप्ता प्रथम, शोभित पांडेय द्वितीय तथा प्राची मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में लजीना, द्वितीय स्थान पर शिवानी तथा तृतीय स्थान पर दुर्गा सिंह रहीं। इन प्रतिभागियों भाषण और एकल पाठ के विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर 10000 द्वितीय स्थान पर 5000 तथा तृतीय स्थान पर ढाई हजार रुपए नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था है। निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर 5000 तृतीय स्थान पर 3000 और तृतीय स्थान पर 2000 नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था है। प्रतियोगिता का संचालन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ नीरज कुमार पांडे ने किया। निर्णायक मंडल में बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका की शिक्षिका अलका मौर्य तथा महिला पीजी कॉलेज बहराइच के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.श्याम कुमार चौधरी, ममता यादव, डॉ.गजाला खातून शामिल रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर।** ग्रामीण जिला युवा कल्याण एव प्रादेशिक विकास दल अधिकारी राम प्रताप सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग अंतर्गत कल्याण एवम् प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। जवाहर नवोदय विद्यालय हरिहरपुर नाथनगर में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में बालक एवम् बालिकाओं ने एथलेटिक्स, कबड्डी, भारत्तोलन, कुश्ती, जूडो, वॉलीबाल, बैडमिंटन और फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवम् भार वर्ग में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव ने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और निरंतर आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दीं। जिला युवा कल्याण एवम प्रादेशिक विकास दल अधिकारी राम प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों, निर्णायकों, जवाहर नवोदय विद्यालय के उप प्राचार्य एस के तिवारी सहित सभी खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मुकेश गुप्ता, आराधना द्विवेदी, रितेश वर्मा, राघवेंद्र पाल, विकास, गोरख, प्रदीप, राजेश, रामनाथ, विजय, इंद्रसेन पांडेय, रमेश चंद आदि उपस्थित रहे।

## सुशासन दिवस पर क्षेत्रीय विधायक ने प्रधानमंत्री सड़क पर की पद यात्रा

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** पुरैना बाजार। विशेश्वरगंज क्षेत्र के मोक्षद्वार में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई का जन्म दिवस बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं ने पुरैना से ढोरिया को जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क योजनान्तर्गत बनी सड़क पर पैदल यात्रा निकालकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई पर श्रद्धा एवं स्नेह अर्पित की। इस मौके पर विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री पद पर देश की सेवा करते हुए अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कराकर विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया। इसके बाद उनकी स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाने की शुरुआत की जिसे अब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी कर रहे हैं। योजना योजना यात्रा का आयोजन धनुही मण्डल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल की अध्यक्षता में किया।इस अवसर पर सच्चिदानंद पाठक, ओमकार नाथ पांडे,धनलाल पांडे, आनन्द् पांडे, चंद्रशेखर मिश्र,अरविन्द पांडे,मनोज शुक्ल,अरविन्द मिश्र,घनश्याम तिवारी,प्रमोद शुक्ल, भानु मिश्र, हवालदार उपाध्या, जीत बहदुर कश्यप,देशराज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## अनूठे व्यक्तित्व के स्वामी थे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी: डॉ वैश्य

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती बुधवार को नेपाल सीमा पर बसे भारत के अंतिम कस्बा नगर पंचायत रुपईडीहा में परम्परागत तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस मौके पर आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉ. वैश्य ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी एक विराट व्यक्तित्व के स्वामी थे। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी आजादी के आंदोलन से लेकर आजाद भारत के राजनीतिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। अटल जी ऐसे राजनेता थे जिनकी सराहना सभी राजनीतिक दलों के नेता करते थे। डॉ वैश्य ने कहा कि अटल जी राजनेता होने के साथ एक कवि और प्रखर पत्रकार भी रहे। वह बेहद संवेदनशील और हाजिर जवाब दे। उन्होंने कहा कि अटल जी की देश को लंबे समय तक कमी महसूस होती रहेगी। इस मौके पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ अश्वनी वैश्य, रतन अग्रवाल, संजय वर्मा, संतोष वर्मा, अजय कुमार, किशन गुप्ता, प्रतिभा सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।



## प्रभात पांडेय के मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विगत 18 दिसंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर लखनऊ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण बल प्रयोग की वजह से युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रभात पांडेय के मृत्यु की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अगुवाई निवर्तमान शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल, एआईसीसी सदस्य मेजर राना शिवम सिंह व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल ने की।

इस अवसर पर पार्टी नेता हसन इश्तियाक, मुकुंद जी शुक्ल, देवेंद्र श्रीवस्ताव, कांग्रेस नेता शिवेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपुल मिश्र, कांग्रेस नेत्री प्राची श्रीवास्तव पांडेय, हीरा लाल राव, फजल खान, खालिद हिशामी, मो. फरीद, राघवेन्द्र द्विवेदी पुल्लू, गोवर्धन लाल अवस्थी तथा गोपी नाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर में बनेगा साहित्यिक पार्क

## मुंशी प्रेमचंद - फिराक गोरखपुरी की विरासत को मिलेगा सम्मान

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर नगर निगम ने शहर की साहित्यिक धरोहर को सहेजने और प्रचारित करने के लिए बेतियाहाता स्थित मुंशी प्रेमचंद पार्क को ष्साहित्य पार्कष् के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। यह पार्क कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद और शायर फिराक गोरखपुरी की स्मृतियों का केंद्र बनेगा।

### तकनीक से जीवंत रचनाएं

पार्क में मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं, उनके पात्रों और उनके जीवन को आधुनिक तकनीक के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। यह पहल साहित्य और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है।

### मुंशी प्रेमचंद के ऐतिहासिक योगदान को मिलेगी पहचान

मुंशी प्रेमचंद ने 1916 से 1921 तक गोरखपुर में रहते हुए कई अमर रचनाएं की थीं। यह साहित्य पार्क उनकी साहित्यिक धरोहर और योगदान को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। मुख्य अभियंता संजय चौहान ने बताया कि मुंशी प्रेमचंद पार्क को साहित्यिक थीम पर सजाया जाएगा। साथ ही, सोनौली रोड पर नए साहित्य पार्क के लिए जमीन चिन्हित करने का काम जारी है।

### महेसरा में बनेगा दूसरा साहित्य पार्क

सोनौली रोड पर महेसरा क्षेत्र में नगर निगम एक और साहित्य पार्क बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस पार्क में किसी अन्य प्रमुख साहित्यकार की विरासत को स्थान दिया जाएगा।

# नागरिक सम्मान समारोह से समाजसेवी डॉक्टर मोहन तिवारी को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




### विशिष्ट कार्यो के लिए किया गया सम्मानित

समाजसेवी डॉक्टर तिवारी ने करोना कल में लोगों की मदद करने व अब तक एक हजार पोधा रोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दे चुके है। एक हजार संविधान की पुस्तक वितरित करवाने,जरूरतमंद लोगों की हॉस्पिटल पहुंचाने, राशन दवा देने से लेकर अनेकों सामाजिक आन्दोलन शामिल रहे है। जिसके चलते समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी को राष्ट्रीय रत्न अवार्ड, हरियाणा गौरव अवार्ड, फरीदाबाद गौरव अवार्ड, स्पेशल चीफगेस्ट अवार्ड, गेस्ट ऑफऑनर अवार्ड, मीडिया पर्सनालिटी अवार्ड ,प्रकृति गौरव सम्मान,श्रेष्ठ नागरीक सकारात्मक सम्मान समारोह ष्2024,नागरिक सम्मान समारोह, सहित दर्जनों भर से ज्यादा अवार्ड सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। समाजसेवी डॉ मोहन तिवारी को सम्मानित होने पर उनके शुभचिंतको में खुशी की लहर है।

सेवरही विकास खंड के अंतर्गत ग्रामसभा मठिया श्रीराम निवासी समाजसेवी, डॉ.मोहन तिवारी को तुलसी दिवस एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई, पं. मदन मोहन मालवीय के जन्मदिवोत्सव पर ब्राह्मण विकास संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम नजफगढ़ दिल्ली में दिल्ली व दिल्ली एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रो से आए विभिन्न पदों पर आसीन अतिथिगणों के मौजूदगी में सामाज में निरन्तर उत्कृष्ट कार्य करने पर नागरिक सम्मान समारोह ष्2024 से सम्मानित किया गया।

समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी को यह सम्मान उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए असीमित प्रयासों और हजारों लोगों को पर्यावरणीय संकट के प्रति जागरूक करने के अथक कार्यों की सराहना में दिया गया है। इस सम्मान ने न केवल समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी के व्यक्तिगत संघर्ष और समर्पण की पहचान दी है बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए एक संदेश भी है कि अगर एक व्यक्ति सही दिशा में काम करे, तो वह विशाल बदलाव ला सकता है। समाजसेवी डॉ. मोहन तिवारी की कड़ी मेहनत और वर्षों की पर्यावरणीय सेवा का प्रमाण है। वह एक ऐसे समाजसेवी हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी का मुख्य उद्देश्य दूसरों की समाजसेवा,प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण को बनाया है, उनके द्वारा चलाए गए अनेक अभियानों और कार्यक्रमों ने लाखों लोगों को यह सिखाया है कि अगर हमें इस ग्रह को बचाना है, तो हमें हर कदम पर जिम्मेदार बनना होगा।

# फाइनल मैच में बड़ी बेवरी को हराकर लोकल बॉय बनी विजेता

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर




उपनगर गोला रामबाग पक्का घाट में चल रहे जय मां सरयू कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार को लोकल बॉय गोला बनाम बड़ी बेवरी के बीच फाइनल मैच खेला गया।फाइनल मैच में बड़ी वेवरी टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बड़ी बेवरी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 127 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए लोकल बॉय की टीम ने 11 ओवरों में ही लक्ष्य को प्राप्त किया।इस मैच के मैन ऑफ द मैच विवेक रहे।जिन्होंने अच्छी बॉलिंग करते हुए 9 रन दे कर 5 विकेट चटकाए। और बल्लेबाजी करते हुए 39 रनों की पारी खेली।मैच में लोकल बॉय गोला की टीम इस विजेता टीम रही।मैच के मैन ऑफ द सीरीज डब्लू बेस्ट बैटस मैंन बेस्ट बॉलर विवेक रहे।इस मैच के मुख्य अतिथि जिला कोषाध्यक्ष शत्रुध्न कसौधन रहे और विशिष्ट अतिथि वार्ड नम्बर 17 के सभासद प्रतिनिधि डॉक्टर राजेश जायसवाल रहे।

मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री कसौधन और सभासद प्रतिनिधि डॉक्टर जायसवाल ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि श्री कसौधन ने विजेता तथा उपविजेता को ट्रॉफी से सम्मानित करने के पश्चात कहा कि खेल प्रतियोगिता हमारे संस्कृत एवं सभ्यता का हिस्सा होता है। इसे जीवंत बनाये रखने के लिये क्षेत्रों में इस तरह के प्रतियोगिताओं का समय समय पर आयोजन होते रहना चाहिये।ताकि प्रतिभाओ को निखरने का मौका मिल सके।मैच के कमेटी के आदित्य निषाद ,आशीष निषाद, दुर्विजय, धर्मेन्द्र, सचिन ,विशाल सहित अधिक संख्या में दर्शक गण मौजूद रहे और खेल का आनंद उठाया।

# राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैक का साक्षरता कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नवार्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम बनकटा चौराहे पर संचालित साधन सहकारी समिति पर संपन्न हुआ। देवरिया कसया जिला सहकारी बैंक मथौली के शाखा प्रबन्धक ने किसानों के हित के लिए नवार्ड द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए जागरुक किया ।

गुरुवार को सहकारी साधन समिति बनकटा में आयोजित एक दिवसीय साक्षरता कार्यक्रम के बतौर मुख्यअतिथि शाखा प्रबन्धक नर्वदेश्वर पांडेय ने समिति के किसानों को नवार्ड द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं से रुबरु कराते हुए कहा कि किसान भाईयो को समिति की सदस्यता लेकर कम ब्याज पर कृषि ऋण लेकर अपने स्थिति को बेहतर करना चाहिए. बैंक किसानों का बीमा के साथ साथ लाभकारी बचत योजना का भी लाभ लेना चाहिए. मत्सय, डेयरी, खाद, बीज के साथ अन्य कई योजना शासन द्वारा किसानों के लिए संचालित हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में किसान इससे वंचित हैं. कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्षा सरस्वती देवी ने की तथा संचालन पं श्याम नारायण तिवारी ने किया. इस अवसर पर सचिव रामसागर सिंह, उपेन्द्र मिश्र, नर्वदा सिंह, डॉ गिरीश चंद्र शर्मा, गोरख सिंह, फौजदार सिंह, महाबीर सिंह, हरिश्चन्द्र, अजय सिंह सहित तमाम किसान उपस्थित रहे।

# भाजपा नेत्री ने श्रद्धालुओं को बसों में बैठाकर किया अयोध्या धाम रवाना

जन एक्सप्रेस । देवरिया



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य भाजपा नेत्री ऋतु शाही ने जिले वृद्धाश्रम और क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों को प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए निज खर्चे से बसों में बैठाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया । उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बनने के बाद से अयोध्या में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगातार तांता लगा हुआ है इसी क्रम में गुरुवार को दो बसों में लगभग 120 लोग सवार होकर प्रभु श्री राम का दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि आगे भी हम लोगों का प्रयास रहेगा कि देवरिया से अधिक से अधिक लोग अयोध्या में भगवान का दर्शन कर सकें । इस दौरान उन्होंने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया । इस मौके पर शुभम जायसवाल, सोनू शाही, शिखर शाही, राजपूत अक्षय आनंद दीक्षित, इशांत सिंह, दुर्गेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### सड़क पर उतरे एडीजी जोन डीआईजी रेंज व एसपी सिटी

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस अधिकारियों ने रोड पर उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। एडीजी जोन डॉक्टर के एस प्रताप कुमार ,डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर आनंद कुलकर्णी, पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने पैडलेगंज मोहद्दीपुर रेलवे बस स्टेशन का निरीक्षण कर ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से चलने का निर्देश दिया रेलवे बस्ती स्टेशन के अंदर खाली जमीनों को व्यवस्थित करकर रोडवेज की बसों को खड़ा करने का निर्देश दिया जिससे रोड़ों पर बस ना खड़ी हो सके और यात्रियों को आवागमन में कोई कठिनाई न होने पाए। इस दौरान टीआई मनोज राय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएचसी में साप्ताहिक निशुल्क आंख जांच कैंप का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुबेर स्थान में बृहस्पतिवार को नि:शुल्क आंख जांच कैंप का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत 70 वर्ष से ऊपर वाले मरीजों को मोतियाबिंद, ग्लूकोमा की जांच कर उन्हें आयुष्मान कार्ड भी जारी किया गया। सी एच सी प्रभारी डॉक्टर धीरज कुमार सिंह ने बताया है कि आंख जांच कैंप हर हफ्ते में एक दिन बृहस्पतिवार को लगेगा। इसमें जो भी मरीज जांच करवाना चाहते उन्हें नि:शुल्क जांच की व्यवस्था है। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर सुरेंद्र गुप्त ग्राम प्रधान कोहार बलिया द्वारा किया गया । कैम्प में आए हुए मरीजों में 180 मरीजों का आंख जांच किया गया।साथ ही 31 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी जारी किया गया । इसमें डॉक्टर शिफा मिनहाज, डॉक्टर विनोद सिंह नेत्र सहायक ,डॉक्टर वेद प्रकाश तिवारी, डॉक्टर सत्य प्रकाश गुप्ता सहित अजय कुमार चंद्रभान यादव नरेंद्र तिवारी आदि सहयोग में लग रहे।

# गोरखपुर में पीआरडी जवान पर चढ़ाई गाड़ी

- बीच सड़क पर खड़ी की थी कार, हटाने को कहा तो भड़का, टक्कर मारते हुए गड्ढे में उतारा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर में एक मनबढ़ ने पीआरडी जवान पर बोलेरो कार चढ़ाने की कोशिश की। मनबढ़ ने तेज रफ्तार कार पीआरडी जवान के ऊपर चढ़ाते हुए अपनी कार गड्ढे में उतार दी। जिसके पीआरडी जवान गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना रामगढ़ताल इलाके बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के पास बुधवार शाम की है। घायल पीआरडी जवान अस्पताल में इलाज करने के बाद पुलिस से इसकी लिखित शिकायत की। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

दरअसल, रामगढ़ताल इलाके के सिद्धार्थ नगर कॉलोनी के रहने वाले रमेश चौरसिया पीआरडी जवान हैं। वह अभी गोरखपुर ट्रैफिक में तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि, बुधवार की शाम वे प्रेक्षागृह के पास अपने एक साथी संग ड्यूटी कर रहे थे। तभी एक बोलेरो कार (यूपी-53-ईवी-8052) का ड्राइवर आया और कार को बीच रास्ते में खड़ा कर दिया। जवान को ठोकर मारते हुए गड्ढे में उतार दी कार इसपर जब पीआरडी जवानों ने ड्राइवर को बीच सड़क से कार हटाने को बोला तो वह उलझ गया। उसने पहले तो पीआरडी जवानों को धमकी दी और फिर अपनी तेज रफ्तार कर जवानों पर चढ़ा दी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी की कार पीआरडी जवान को टक्कर मारते हुए सीधा गड्ढे में जा गिरी। जिसमे जवान रमेश को गंभीर चोटें आई और उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# सुशासन के प्रति आजीवन समर्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी : बीडीओ

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर



गोला ब्लाक सभागार में बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा शासन के निर्देश पर सुशासन सप्ताह के रुप में मनाते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी कवि व राजनितिज्ञ के रुप में सदैव अनुशासित रहे।वे अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान देश को चारों दिशाओं से जोड़ने के लिए सड़क कारीडोर व नदियों को जोड़ने की दिशा में बेहतर कदम उठाए जो आज परिलक्षित हो रहा है।हमें उनसे सीख लेते हुए अपने दायित्वों के प्रति अनुशासित रहने का संकल्प लेना चाहिए।इस अवसर पर ब्लाक के सभी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा




जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कप्तानगंज नगर के दी क्रीसेंट स्कूल में चल रहे 6 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन ब्लू हाउस और ग्रीन हाउस के बीच फाइनल कबड्डी मैच खेला गया। मैच में ब्लू हाउस ने ग्रीन हाउस को 34 - 20 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

खेल का शुभारंभ पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के सदस्य फूल बदन कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर किया। विजेता टीम को विद्यालय की सीएमडी शिफा फातिमा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। 100 मीटर गर्ल्स की रेस में प्रथम स्थान अर्पिता सिंह दूसरा राजनंदिनी सिंह तीसरा स्थान सत्या यादव का रहा प् 100 मीटर बच्चो के रेस में प्रथम स्थान मजबिल अंसारी दूसरा स्थान आदित्य सिंह तथा तीसरा स्थान अमन पासवान का रहा प् 200 मीटर रेस बच्चो में खेला गया प् प्रथम स्थान मोहम्मद अयान दूसरा स्थान अभिषेक चौहान तथा तीसरा स्थान अनुज चौहान का रहा प् 200 मीटर रेस बच्चियों में खेला गया प् प्रथम स्थान प्रतिभा निषाद दूसरा स्थान कुसुम यादव तथा तीसरा स्थान अर्चना चौरसिया का रहा प्

बच्चो में कबड्डी का पहला फाइनल मैच ब्लू हाउस और ग्रीन हाउस के बीच खेला गया प् जिसमें ब्लू हाउस की कप्तान अरमान हाशमी तथा अन्य खिलाड़ी विद्यासागर, सुल्तान अली , शिवम कुशवाहा, अभिषेक निषाद, अभिषेक सिंह, मोहम्मद समीर, दिवाकर यादव, पवित्र सिंह, रणजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन के कारण ब्लू हाउस ने ग्रीन हाउस को 34-20 से हराया प्

ग्रीन हाउस रनर उप टीम रही जिसके कप्तान अभय सिंह तथा अन्य खिलाड़ी दिव्यांश गोंड, रितेश सिंह, दीपक निषाद, कृष्णा राय, आदर्श वर्मा थे प् कबड्डी का मैन ऑफद सीरीज अवॉर्ड से अरमान हाशमी को सम्मानित किया गया प् खोखो का फाइनल मैच येलो हाउस और ब्लू हाउस के बीच खेला गया जिसमें येलो हाउस के कप्तान दीपक सिंह तथा उसके साथी खिलाड़ी अंकित कुशवाहा, आशिफ अहमद, इरफान खान, भारत कुशवाहा, अनुराग यादव ने ब्लू हाउस के कप्तान बिट्टू यादव और उसकी टीम के अन्य खिलाड़ी अखिलेश यादव, अयान सिद्दीकी, प्रियांशु त्रिपाठी, मनोहर निषाद , अभय चौरसिया को 32-30 से हरा कर येलो हाउस को विजेता बनाया प् इस दौरान प्रधानाचार्य मोहम्मद हसीब, मैनेजर सबीब, रागिनी मिश्रा, सेराज आलम, पीतांबर यादव, राकेश राय, अनिल दुबे, खुर्शीद आलम,

अमित शर्मा, कृष्णा चंद, आख्या त्रिपाठी, अंजलि त्रिपाठी, गिरिजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### चोरों ने दूसरी बार विद्यालय का ताला तोड़ किया हाथ साफले उड़े कीचेन के कई सामान

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। जनपद के पनियरा विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा उस्का में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के किचन का दूसरी बार ताला तोड़कर चोरों ने किचन में रखा गैस सिलेंडर, दो बड़े भगौने, एक कूकर, कड़ाही,एक बोरी चावल व गेंहू, व नयी पुस्तकों के कुछ बण्डल व अन्य कई सामान ले उड़े वहीं प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरों ने कुछ दिनों पूर्व भी चोरी की ऐसी ही घटना को अंजाम दिया था जिसकी लिखित शिकायत थानाध्यक्ष पनियरा को दिया था परन्तु कोई जांच पड़ताल न होने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद थे और बुधवार को फिर से उसी तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय उस्का के प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार ने बुधवार की घटना के संदर्भ में पनियरा थाने में दी लिखित शिकायत अब देखने वाली बात होगी क्या पनियरा पुलिस इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए बुलंद हौसले वाले चोरों की धर पकड़ करती है।

# एक मुश्त समाधान योजना के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस । रूद्रपुर, देवरिया

बिजली बिल बकायेदारों के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही समाधान योजना को लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत वितरण खण्ड गौरी बाजार के अधिशासी अभियंता वी के सिंह के नेतृत्व में रूद्रपुर तहसील से बसस्टेशन, इमामबाड़ा होते हुए खजुहा चौराहे तक रैली निकाली । रैली में योजना का लाभ लेते हुए बकाया बिल जमा करने की अपील की गई। वी के सिंह ने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत बिजली बिल पर सरचार्ज की छूट का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए रूद्रपुर कस्बे में यह जागरूकता रैली निकाली गई है। इसमें उपभोक्ताओं को ओटीएस स्कीम के पंजीकरण से लेकर बिल भुगतान की जानकारी दी गई। उपखंड अधिकारी चन्दन जायसवाल ने बताया कि सरकार ने उपभोक्ताओं के विलंबित भुगतान के लिए भारी छूट दी है। प्रथम चरण में 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक, द्वितीय चरण में एक जनवरी से 15 जनवरी व तृतीय चरण में 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। इस योजना का लाभ घरेलू, निजी संस्था, कॉमर्शियल के साथ उपभोक्ता छूट का लाभ ले सकते हैं। जागरूकता रैली के दौरान अवर अभियंता राजा कुमार प्रसाद, शक्ति सिंह, संगम रावत, विजय कुमार गोंड, टीजी 2 कमलेश सोनकर, रामसजीवन सहित समस्त लाईन स्टाफ तथा मीटर रीडर मौजूद रहे।

# सीएम सीटी में वीर बाल दिवस पर निकली नमन यात्रा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के जटाशंकर गुरुद्वारा से वीर बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य नमन यात्रा निकाली गई। इसमें गुरु गोविंद सिंह की माता गुजर कौर और चारों साहिबजादों के महान बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने चारों साहिबजादों के चित्र लेकर श्रद्धा के साथ यात्रा का नेतृत्व किया।



### साहिबजादों के बलिदान की कहानी

जटाशंकर गुरुद्वारा के अध्यक्ष जसपाल सिंह ने बताया कि यह नमन यात्रा पिछले कई वर्षों से आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि माता गुजर कौर और साहिबजादों ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह सदैव प्रेरणादायक रहेगा। गुरु गोविंद सिंह और उनके परिवार ने मुगलों के अत्याचारों का साहसपूर्वक सामना किया। अनंतपुर साहिब के किले से निकलने के बाद मुगलों ने हमला किया, जिससे उनका परिवार अलग हो गया। इसके बाद चारों साहिबजादों को दीवार में चुनवा दिया गया। उनके अद्वितीय बलिदान की स्मृति में यह यात्रा निकाली जाती है।

### शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्रा

नमन यात्रा जटाशंकर गुरुद्वारा से शुरू होकर सुमेर सागर, विजय चौक, सिनेमा रोड, गोलघर, टाउनहाल, शास्त्री चौक और अंबेडकर चौक होते हुए गुरुद्वारा पैडलेगंज साहिब में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और गुरबाणी के मधुर शब्दों से शहर की फिज़ा को भक्तिमय बना दिया।

# जिला महिला चिकित्सालय का नया भवन हुआ संचालित

## बढ़ी बेडों की संख्या, डीएम एवं विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

- एसएनसीयू की संख्या 12 से बढ़कर हुई 24 तथा महिला वार्ड में बेड की संख्या 30 से बढ़कर हुई 59, मिले 02 चिकित्सक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय में बने नए भवन में संचालन शुरू हो गया है इसके संचालन से बड़ों की संख्या बढ़ गई है जिससे मरीजों को और बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद हो गई है। स्नेहा भवन का सदर विधायक और डीएम ने पिता काटकर उद्घाटन कर दिया है। डीएम पवन अग्रवाल एवं माननीय विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में नए भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया एवं नए भवन में संचालित एसएनसीयू एवं महिला वार्ड , लैब आदि देखा। इस दौरान डीएम ने साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था , पार्किंग व्यवस्था आदि से संबंध में सीएमएस महिला चिकित्सालय को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

बताते चले कि जिला महिला चिकित्सालय का डीएम पवन अग्रवाल द्वारा पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान निष्प्रयोज पड़े नए भवन को संचालित कर बेड की संख्या बढ़ाए जाने के संबंध में दिशानिर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में जिला महिला चिकित्सालय में नए भवन के संचालित होने से एसएनसीयू की संख्या 12 से बढ़कर हुई 24 तथा महिला वार्ड में बेड की संख्या 30 से बढ़कर 59 हो गई है। इसके साथ ही साथ महिला चिकित्सालय में 02 नवनियुक्त चिकित्सकों की भी तैनाती की गई है, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी, सीएमएस महिला चिकित्सालय व अन्य संबंधित/अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# अटल व मालवीय की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमडीसी बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया झ। जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को एमडीके बालिका इंटर कालेज बलरामपुर में सेवा समिति के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती कार्यक्रम अवसर पर महान विभूतियों के चित्रों पर विद्यालय प्रबंधक डॉ इंद्र मोहन पाण्डेय, डॉ कृपाराम त्रिपाठी व प्रधानाचार्या साधना पाण्डेय ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर नमन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति एम एल के पी जी कालेज के पूर्व एसोसिएट्स प्रोफेसर डॉ कृपा राम त्रिपाठी ने दोनों महान विभूतियों के व्यक्तिगत व कृतित्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इन मनीषियों ने शिक्षा जगत के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं ।

# मैरी क्रिसमस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में बुधवार को मैरी क्रिसमस का आयोजन किया गया । मैरी क्रिसमस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 25 दिसम्बर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''मैरी क्रिसमस'' मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय एवं सम्मानित अतिथियों में डॉ0 शिवानंद पाण्डेय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एमएलके पीजी कालेज ने स्टाफ तथा बच्चों के साथ केक काटकर बच्चों को खिलाया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी ने बच्चों को अवगत कराया कि क्रिसमस या बड़ा दिन प्रभु ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। दुनिया की अलग-अलग जगहों पर क्रिसमस का त्योहार पूरे हर्शाल्लास के साथ मनाया जाता है। एन्नो डोमिनी काल प्रणाली के आधार पर यीशु का जन्म, 7 से 2 ई.पू. के बीच हुआ था। मैरी क्रिसमस के अवसर पर सजावट के प्रदर्शन में क्रिसमस का पेड़, रंग बिरंगी रोशनियाँ, जन्म के झाँकी और हॉली शामिल होते है। सांता क्लॉज (जिसे क्रिसमस का पिता भी कहा जाता है) क्रिसमस से जुड़ी एक लोकप्रिय पौराणिक परंतु कल्पित शख्सियत है जिसे अक्सर क्रिसमस पर बच्चों के लिए उपहार लाने के साथ जोड़ा जाता है। ''मैरी क्रिसमस'' के अवसर पर सांस्कृति कार्यक्रम, चित्रकला का आयोजन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। सर्वप्रथम क्रिसमस ट्री को छात्राओं एवं अध्यापिकाओं द्वारा सुन्दर व मनमोहक ढंग से सजाया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रेक्षागृह में सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें नर्सरी, एल0के0जी0 व यू0के0जी0 के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा गीत- मेरी क्रिसमस नामक गीत पर एक समूह नृत्य प्रस्तुत हुआ। चित्रकला में साहवी, श्लोक, मेधावी, मरियम, मानवी, आस्था, आलिया, मानविक, तनय, शशांक, पलक, अभ्युदय, प्रार्थना, विराट, आदित्य, सिफा, सुधा, आस्था, एस0के. आदित्य, प्रथमेस, अनुश्का, मिनाक्षी, आकर्श एवं दक्षेस ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में तुलसी सिंह, अविका पाण्डेय, एवं मिश्ठी ने सेन्टा क्लाथ का अभियनय प्रस्तुत किया। जिसे उपस्थित अतिथियों द्वारा सरहाना की गयी। अन्त में विद्यालय के प्रबन्ध निदेश ने सभी छात्र-छात्राओं को हैप्पी क्रिसमस कहकर बधाई दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, अध्यापको में किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, उर्वशी शुक्ला, कुंवर सिंह, हर्शित यादव उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायक ने गिनाए स्वामित्व योजना के गुण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में स्वामित्व योजना के स्थापना से पूर्व तुलसीपार्क स्थित भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पर गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सजीव चित्रण दिखाए जाने की बात कही गई।

सदर विधायक पल्टू राम ने 26 दिसंबर को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अपरान्ह साढ़े 12 बजे पूरे देश में स्वामित्व योजना की शुरुआत करेंगे। जिले के सभी ब्लॉक एवं जिले पर एमएलके पीजी कॉलेज में पीएम मोदी के कार्यक्रम का सजीव चित्रण दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को फायदा मिलेगा। पीएम मोदी ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों के लिए अपने अधिकार पाने का माध्यम स्वामित्व योजना से देने का काम किया है। नगर क्षेत्रों में जैसे लोगों के पास अपने स्वामित्व होने का प्रमाण होता है, वैसे ही अब ग्रामीण क्षेत्रों के लोग स्वामित्व योजना के तहत अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि भारत सरकार की यह एक प्रमुख पहल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति विवाद को समाप्त करने के लिए स्वामित्व योजना को लागू कर रही है। इस योजना के लागू होने से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा। इसी के साथ ही सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोग पा सकेंगे। स्वामित्व प्रमाण-पत्र मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकों से भी लाभ प्राप्त हो सकेगा।

# ऑल इंडिया हॉकी महाकुंभ का मां पाटेश्वरी विवि के प्रथम कुलपति ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रथम कुलपति रवि शंकर सिंह ने मसाल खिलाड़ियों को सौंपते हुए किया । इसी के साथ बलरामपुर हॉकी महाकुंभ का शुभारंभ हो गया । पहले दिन खेले गए दो माचो में मेघबरन सिंह करमपुर गाज़ीपुर तथा नागपुर अकैडमी नागपुर की टीम विजई रही ।

जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को पूरे देश मे खेल के क्षेत्र में पहचान दिलाने वाले हॉकी टूर्नामेंट महाकुंभ का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया । मुख्य अतिथि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति रवि शंकर सिंह द्वारा किया गया । टूर्नामेंट सचिव एमएलके महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय आयोजन सचिव वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ला, डॉ ऋषि रंजन पांडे व डॉक्टर साक्षी शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर व बैच लगाकर स्वागत अभिनंदन किया । अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य प्रोफेसर पांडे ने बलरामपुर के हॉकी टूर्नामेंट के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा के 1938 में महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह ने अपने पिता महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह की स्मृति में हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन शुरू कराया था । बाद मे 1968 से एमएलके पीजी कॉलेज को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई । तब से लगातार कॉलेज स्थानीय गणमान्य नागरिकों व्यवसायियों तथा विभिन्न व्यवसाय से जुड़े लोगों के सहयोग से सफल आयोजन किया जा रहा है । मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट ने महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर हनुमान जी की मंदिर पर पूजन अर्चन किया । आयोजन स्थल पहुंचने से पूर्व रोवर्स रेंजर्स द्वारा अतिथियों की अगवानी की गई । अतिथियों का




वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तिलक चंदन और अभिनंदन किया गया । समारोह स्थल पर एनसीसी कैडेटों द्वारा मुख्य अतिथि को गॉड ऑफ आनर दिया गया । टूर्नामेंट सचिव व आयोजन सचिव के साथ मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह, विशिष्ट अतिथि टूर्नामेंट अध्यक्ष महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव रिटायर्ड कर्नल आर मोहता व संयुक्त सचिव बीके सिंह ने खिलाड़ियों को मसाला प्रदान करने के उपरांत शांति स्वरूप कबूतर उदय तथा हवा में गुब्बारे छोड़कर शांति का संदेश दिया । एमएलके पीजी कॉलेज तथा पायनियर पब्लिक स्कूल के छत्र-छात्राओं ने स्वागत गीत के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की, जिसकी खूब सराहना की गई । समारोह में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली, भाजपा वरिष्ठ नेता अजय सिंह पिंकू, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव व संजय रस्तोगी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया । नेशनल बुक डिपो के निदेशक संजय रस्तोगी द्वारा ही सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया । समारोह के दौरान पूर्व गन्ना मंत्री हनुमंत सिंह, 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी बलरामपुर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल, पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी, जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह, डॉ अजय सिंह पिंकू, शाबान अली, वनवासी कल्याण आश्रम के विभाग प्रमुख सचिन, एमएलके पीजी कॉलेज के मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह, प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी, प्रोफेसर पीके सिंह, प्रोफेसर एसपी मिश्रा, प्रोफेसर मोहिनुद्दीन अंसारी, प्रोफेसर रेखा विशकर्मा व डॉ अनामिका सिंह, रोवर्स प्रभारी डॉ श्रीकृष्ण तिवारी व रेंजर्स प्रभारी डॉ वंदना सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान तथा सुनील मिश्रा द्वारा किया गया ।

टूर्नामेंट के पहले दिन का पहला मैच पहला मैच रवि रोशन हॉकी एकेडमी पटना बनाम श्री मेघबरन सिंह हॉकी एकेडमी करमपुर गाजीपुर के मध्य खेला गया।

# एक्सवर्स वंडरलैंड विंटर कार्निवल कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को एक्सवर्स वंडरलैंड विंटर कॉर्नवाल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह और उमंग का माहौल दिखाई दिया।

जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर में एक्सवर्स वंडरलैंड विंटर कार्निवल का आयोजन किया गया। इस विंटर कार्निवाल में बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों ने भी शिरकत की। विंटर कार्निवाल कार्यक्रम का शुभारंभ दिन में 11 बजे बहुत ही भव्यता के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के निदेशक सुयश कुमार रहे। विंटर कार्निवाल में मुख्य अतिथि सुयश कुमार ने सर्वप्रथम यीशु की मूर्ति के समक्ष कैंडल जलाई । तदुपरांत कार्यक्रम के शुरुआत की औपचारिक घोषणा कार्निवल बेल बजाकर की । इसी क्रम में नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा जिंगल बेल की धुन पर शानदार डांस प्रस्तुत की गई। सेंटा के द्वारा भी लोगों में टॉफी और चॉकलेट्स बांटी गई। एक्सवर्स वंडरलैंड विंटर कार्निवल कार्यक्रम में संजय तोमर और रिजवाना सिद्दीकी के मार्गदर्शन में मंच संचालन की भूमिका वैभवी दुबे,ओंकार शर्मा, वैभव राणा, अभ्युदय, तारूशी राणा ,भाव्या पांडे और आइसना ने सफलतापूर्वक किया। एक्सवर्स वंडरलैंड विंटर कार्निवल कार्यक्रम 10ः00 से शाम 3ः00 बजे तक आयोजित किया गया । कार्निवल में क्लास 6ह्लद्ध के काउंटर पर बच्चों और नंदिनी सिंह, रोशन मदीहा, शालिनी दुबे एवं आकांक्षा मिश्रा के द्वारा बाउलिंग बॉल,बॉल शार्ट, मैच द कलर चलेंगे रेनबो रश गेम बच्चों ने खेले । कार्निवल में क्लास 7ह्लद्ध के काउंटर पर बच्चों और रेखा सिंह आकांक्षा चौधरी अनुराधा सिंह और




अनुपमा सिंह के द्वारा बर्जर रन, एंग्री बर्ड, कैंडल एंड मैचबॉक्स बैलून पिरामिड खेल बच्चों ने खेले । कार्निवल में क्लास 8ह्लद्ध के काउंटर पर बच्चों और डीके दुबे, राजू रुबीना नासिर, एवं इंद्रजीत यादव के द्वारा स्ट्रा स्प्रिंट टिक टोक टो, बिंदी ऑन द पॉइंट,रिंग ऑन ए थिंग खेल बच्चों ने खेला। कार्निवल में क्लास 9ह्लद्ध के काउंटर पर बच्चों और दिव्या सोनी,मंजू मिश्रा, वलीसर,अलमास मैम और मोहित सिंह के द्वारा मिस्टी बॉक्सर प्राइस, जुग्गलिंग आर्किटेक्ट,रोलर बॉलर, प्लेन इन द रिंग, बॉटल फ्लिप फ्रेंज़ी खेल बच्चों ने खेला। कार्निवल में क्लास 11ह्लद्ध के काउंटर पर बच्चों और अभिषेक सर शिवम कर क मौर्य सर विनीत सर एवं आशीष सर के द्वारा रिमोट कैरम पॉप एंड शॉर्ट चलेंगे मिनी बास्केटबॉल ब्लास्ट द पिरामिड, डार्ट गेम बच्चों ने खेला तथा कार्यवाल में क्लास 12ह्लद्ध बच्चों और कंचन मिश्रा मैं के द्वारा हाउजी गेम खिलाया गया। गेम में जीतने वाले बच्चों को आकर्षक उपहार भी दिए गए। फूड काउंटर विंटर कार्निवाल में क्लास 6ह्लद्ध के बच्चों द्वारा छोला भटूरा व पुलाव क्लास 7ह्लद्ध केबच्चोंद्वारा द्वारा पिज़्ज़ा एवं स्प्रिंग रोल का काउंटर लगाया गया। इसी क्रम में क्लास 8ह्लद्ध के बच्चों ने चाइनीस कॉर्नर, क्लास 9ह्लद्ध के बच्चों ने समोसा चाय कॉफी और क्लास 11ह्लद्ध के बच्चों ने नूडल्स मोमोज इत्यादि के काउंटर्स लगे। जिन पर आने वाले अभिभावकों एवं बच्चों ने व्यंजन को खाकर लुफ्त उठाया। कूपन बंपर प्राइस में कार्निवल कूपंस पर आयोजन समिति ने बंपर प्राइस भी रखा, जिसमें प्रथम पुरस्कार साइकिल, दो द्वितीय पुरस्कार जिसमें रोलर स्कूटर एवं दो तृतीय पुरस्कार रोलर स्केट्स रहें। इसी के साथ-साथ फर्स्ट 50, 75, 100 व 150 कूपन अर्न करने वाले काउंटर्स को भी उपहार वितरित किए गए।

# स्कूलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस डे कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर संचालित डिवाइन पब्लिक स्कूल में बुधवार को क्रिसमस डे उत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बच्चे सांता क्लॉज बनाकर एक दूसरे को उपहार प्रदान किया।

जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को विद्यालय में छात्राओं ने क्रिसमस थीम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। सांता क्लॉज बनाकर बच्चों ने एक दूसरे को उपहार बांटे । बच्चों ने विभिन्न प्रकार के क्रिसमस थीम पर डांस किया । जिंगल बेल जिंगल बेल के धुन पर खूब जमकर डांस करते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। विद्यालय के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बच्चों को क्रिसमस डे के पर्व की बधाई देते हुए प्रभु ईसा मसीह के बारे में विस्तार से जानकारी दी । प्रबंधक द्वारा ईसा मसीह के त्याग एवं बलिदान से सीख लेने की अपील की गई । बच्चों को कहानी भी बताई गई कि आपके प्रभु आपके माता-पिता होते हैं, जिस प्रकार क्रिसमस डे पर यह कहा जाता है की सांता क्लास हम बच्चों को उपहार देते हैं।

स्कूल की अध्यापकों द्वारा बच्चों को बताया गया कि आपके माता-पिता ही आपके लिए सांता क्लास होते हैं जो आपकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, उपहार देते हैं । आज सभी बच्चे घर से ही सेंटा क्लोज के कपड़े में सज कर स्कूल आए और सब बच्चे एक दूसरे को उपहार देते हुए पाए गए । आखिर में डिवाइन पब्लिक स्कूल प्रबंधक आशीष उपाध्याय द्वारा बच्चों को उपहार के रूप में केक, बिस्किट टॉफी वितरित करके यह संदेश दिया गया कि यह उपहार आज आपके सांता क्लाज के द्वारा दिया गया है । इस अवसर पर डिवाइन पब्लिक स्कूल की सभी अध्यापिकाएं सुमन मिश्रा, पल्लवी शुक्ला, जूली पांडे, उषा, श्रेया तिवारी, रेनू, आफरीन, इकरा, सबिया, सोनी, प्रियंका, प्रिया, पूजा गुप्ता, निशा गुप्ता, के पाठक, आराधना सिंह, सुनीता मिश्रा, पूजा मिश्रा सहित अन्य कई लोग व अध्अयापक ध्यापिकाएं मौजूद रही।

# जेल में बंद कैदियों को अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा वितरण किया कंबल

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर




जनपद के टांडा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने अपने सीएसआर के तहत जनपद कारागार में निरूद्ध असहाय निर्धन और जरूरतमंद कैदियों को ठंड से बचने के लिए जेल अधीक्षक शशिकांत मिश्रा अल्ट्राटेक सीमेंट परियोजना प्रमुख नागेश उपाध्याय एच आर कारुणा करण तिवारी के द्वारा 200 कैदियों को कंबल वितरित किया गया इस दौरान परियोजना प्रमुख ने कहा अल्ट्राटेक अपने सीएसआर के तहत इस प्रकार के कार्यों को लगातार करती रहती है जिससे जेल में बंद असहाय कैदीयों कों ठंड से बचने के लिए कंबल के आलावा अन्य तरह की जरूरी सामानों को वितरित किया जाता है? जेल अधीक्षक ने कैदियों को कंबल वितरण करने हेतु अल्ट्राटेक सीमेंट का आभार व्यक्त किया इस दौरान अवधेश राय कृष्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3942/2024

# जमीन पर कब्जा करने की कोशिश मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । आगरा

एक ओर जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ गरज रहा है तो वहीं अवैध कब्जा करने वाले लोग बाज नहीं आ रहे हैं। बात करें भू माफियाओं की तो भू माफिया आज भी किसानों की जमीन पर आंख घड़ाई बैठे हुए हैं । ऐसा ही एक मामला थाना ताजगंज क्षेत्र के गांव तोरा में किसान की जमीन पर फर्जी तरीके से दत्तक पुत्र बन एक व्यक्ति द्वारा जमीन का सौदा कर दिया गया । जब खरीदार जमीन पर नापतोल करने को आया तो किस को इसकी जानकारी हुई और जानकारी करने पर पता चला के गांव के ही गौरव पाराशर द्वारा अपने भाई विकास के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और उसके आधार पर जमीन का सौदा कर दिया गया।

# धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल ने अलीगढ़ में सुपरस्पेशलिटी ओपीडी का शुभारंभ किया

- कार्डियोथोरेसिक और कैंसर उपचार में उन्नत देखभाल प्रदान करेंगे प्रसिद्ध विशेषज्ञ

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



धर्मशिला नारायणा अस्पताल, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली ने अलीगढ़ में सुपरस्पेशलिटी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के करीब लाना है। यह नई ओपीडी डॉ. हर्ष दीप सिंगल, हार्ट एंड चेस्ट हॉस्पिटल, रामघाट रोड, अलीगढ़ में शुरू की गई है, जहाँ कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी और हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी जैसे उन्नत चिकित्सा क्षेत्रों में विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

डॉ. अमित बठला, सीनियर कंसलटेंट, कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी, ने इस पहल के बारे में कहा कि, ÷हृदय रोगों के बढ़ते मामलों के चलते समय पर और सटीक इलाज बेहद जरूरी है। इस ओपीडी के माध्यम से अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के मरीज बिना दूर की यात्रा किए विशेषज्ञों की सलाह ले सकेंगे।÷

डॉ. अंबेश सिंह, हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ ने आगे कहा कि, ÷हेड और नेक कैंसर का अक्सर शुरुआती स्टेज में पता नहीं चलता और सही समय पर स्क्रीनिंग और जांच नहीं होने पर इलाज जटिल हो जाता है। इस ओपीडी के जरिए हम मरीजों को शुरुआती पहचान और विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध कराएंगे, जिससे बेहतर परिणाम और जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।÷

डॉ. अशुतोष भारद्वाज, डायरेक्टर - क्रिटिकल केयर मेडिसिन, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली, ने छोटे शहरों में विशेषज्ञ सेवाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि, ÷हमारा लक्ष्य महानगरों और छोटे शहरों के बीच स्वास्थ्य सेवा की कमी को खत्म करना है। अलीगढ़ में इस सुपरस्पेशलिटी ओपीडी की स्थापना के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मरीजों को वही विशेषज्ञ देखभाल मिले जो वे दिल्ली में उम्मीद करते हैं।÷

### सुपरस्पेशलिटी ओपीडी के मुख्य उद्देश्य

- अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना
- हृदय और कैंसर संबंधी रोगों की शुरुआती पहचान और रोकथाम सेवाएं प्रदान करना
- धर्मशिला नारायणा अस्पताल, दिल्ली में इलाज करा चुके मरीजों के लिए लगातार फॉलो-अप देखभाल उपलब्ध कराना
- उन्नत इलाज की आवश्यकता होने पर सुविधाजनक रेफरल सुनिश्चित करना
- चिकित्सा विशेषज्ञता के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ाना

### लाभ पहुंचने की उम्मीद

यह नई ओपीडी धर्मशिला नारायणा अस्पताल के विशेषज्ञता को अपने मुख्य स्थान से बाहर तक ले जाने और अधिक लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मिशन का महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से हर साल हजारों मरीजों को लाभ पहुंचने की उम्मीद है, जो पहले विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श के लिए लंबी यात्रा करते थे।

# आने वाली 13 जनवरी को गोरखपुर में मनाएगी निषाद पार्टी अपना दसवां संकल्प दिवस

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी द्वारा संवैधानिक अधिकार यात्रा जनपद पीलीभीत में पहुँची। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा जनपद पीलीभीत निरीक्षण भवन बाइक रैली से गौरी शंकर मंदिर से मचबा खेड़ा से बरखेड़ा से टिकरी से परसिया से बिसलपुर से वाराह पत्थर चौराहा से ईदगाह चौराहा से फैक्ट्री चौराहा से ब्लॉक चौराहा से बीसलपुर रामलीला मैदान से विलसड़ा होते जनपद शाहजहांपुर की ओर प्रस्थान किया है।

श्री निषाद ने कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा उत्तर प्रदेश के मछुआ समाज को एकजुट कर उनके हक़-हक़ूक़ के लिए लड़ी जा रही लड़ाई के प्रति जागरूक किया जायेगा साथ ही मछुआ आरक्षण पर निषाद पार्टी द्वारा उठाये गये सभी व्यापक कदम से अवगत कराया जा रहा है। श्री निषाद ने कहा कि जनपद पीलीभीत की निषाद,कश्यप,मछुआ समाज का समर्थन निषाद पार्टी को हमेशा से मिलते आया है। प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद जनपद पीलीभीत का दौरा बेशक कम हुआ है।किंतु जब मत्स्य विभाग के जनपदीय बजट के अलॉटमेंट करने की फाइल उनके पास आती है।तो वो पीलीभीत में पश्चिमांचल रूहैलखंड के बजट का अधिकतम हिस्सा पीलीभीत के मछुआ समाज के लोगो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी 2025 को निषाद पार्टी अपना 10 वाँ संकल्पन दिवस जनपद गोरखपुर में मनाने जा रही है। और इस संकल्प दिवस पर प्रदेश के सभी जनपदी से मछुआ समाज के लोग पहुचेगे और संकल्प दिवस में ही मछुआ समाज के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक आरक्षण के मुद्दे को नई दिशा देने का काम किया जायेगा।

श्री निषाद ने कहा कि जनपद पीलीभीत में हुए स्वागत और यात्रा को मिले समर्थन से अभिभूत है और इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश में मछुआ समाज का विश्वास निषाद पार्टी जीतने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा का माध्यम से मछुआ समाज की सभी उपजातियों को संदेश देने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नारे को प्रेरणा मानते हुए एक है तो सेफ़ है के नारे को बुलंद किया जा रहा है क्योंकि पूर्व की सरकारों मछुआ समाज की उपजातियों को बाटने के काम करते हुए, इनको मिलने वाले संवैधानिक अधिकारों पर डाका डालने का काम किया है।उन्होंने कहा कि जल्द ही देश में जनगणना होने वाली है। मछुआ समाज से अपील करते हुए कहा कि केवट, मल्लाह, बिंद, कहार, धीवर, रायकवार, कश्यप, बाथम, तुरैहा, भर, राजभर समेत सभी अन्य 17 उपजातियों को अपनी गिनती संविधान में सूचीबद्ध अनुसूचितजाति मझवार और तुरैहा में करवाये। उन्होंने कहा कि 1961 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में 70 लाख मझवार की आबादी अंकित थी किंतु धीरे-धीरे वो गिनती बढ़ने की बजाय घटती चली गई और 2011 की जनगणना के अनुसार मझवार की आबादी 7 हज़ार रह गई है।नोट मझवार सेंसस मैन्युअल 1961 एपेंडिक्स फॉर उत्तरप्रदेश के अनुसार अनुसूचितजाति के क्रमांक 51 नंबर पर अंकित हैं। उन्होंने कहा कि आखिर किस अधिकार के तहत पूर्ववर्ती सरकारों ने मझवार की संख्या को कम करने का कार्य किया है। आज विपक्ष में बैठे पूर्व के सत्ताधीश लोग जातीय जनगणना को लेकर घड़ियाली आंसू बहाते है। उन्होंने कहा कि वो राहुल गांधी,अखिलेश यादव और मायावती को चैलेंज देते है। आये और मझवार व तुरैहा की आबादी की में हुए हेर-फेर व कम होने के मामले पर खुली बहस करें। आखिर 1961 के अनुसार 70 लाख मझवार की आबादी थी। तो 2011 की जनगणना के अनुसार मझवार की आबादी 7 हज़ार कैसे रह गई।ऐसे में मछुआ समाज की सभी उपजातियों को मझवार और तुरैहा में गिनती करवाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से भी बात करेंगे ताकि स्पष्ट हो सके उत्तर प्रदेश में मछुआ समाज मझवार और तुरैहा की कितनी आबादी है और पूर्व की सरकारों द्वारा किए गये अत्याचार और भ्रष्टाचार को भी जगज़ाहिर किया जाये।

इस अवसर पर व्यास मुनि निषाद, दिलीप निषाद, संजीत निषाद, अरविंद बिंद, शिवकुमारी निषाद, रामचंद्र कश्यप, रोहित कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, राम नरेश कश्यप, आदित्य कश्यप, विजयपाल कश्यप, देव कश्यप, राम सिंह कश्यप, सेवा राम कश्यप, सुखदेव कश्यप, राम स्वरूप कश्यप, अनिल कश्यप, कमल कश्यप, सुखपाल कहस्यप, शांति स्वरूप कश्यप आदि मौजूद रहें है।

# राज्य मंत्री ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किये गये






**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गुरुवार को स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज़, पीलीभीत में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत एम0एड0, बी0एड0, बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 द्वितीय व तृतीय वर्ष के अध्ध्यनरत व उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग संजय सिंह गंगवार रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किये गये। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के कार्यकारी निदेशक डॉ0 हेमन्त जगोता, स्प्रिंगडेल कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द, स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज़ के प्राचार्य डॉ0 इलयास अहमद द्वारा सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। दीप प्रज्वलन के बाद सर्वप्रथम डी0एल0एड0 एवं बी0एड0 की छात्राओं मानसी, शिल्पी, नीतू, ज्योत्सना एवं तुलसी के द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गयी। सरस्वती वन्दना के बाद डी0एल0एड0 की छात्राओं द्वार मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत गाया गया। स्वागत गीत के बाद डी0एल0एड0 की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी आगुन्तकों का मन मोह लिया एवं सभी दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। एम0एड0 विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अतुल कुमार ने मंत्री संजय सिंह गंगवार एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा एवं छात्र-छात्राओं के बारे में चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग संजय सिंह गंगवार द्वारा कॉलेज के कुल 06 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व 187 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिये गये। जिसमें एम0एड0, बी0एड0, बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 के छात्र-छात्राएं शामिल थे। मुख्य अतिथि ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के सर्वप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा देश तथा समाज हित में चलाये जा रहे कार्यक्रमों को विस्तार से बताया उन्होने बताया कि योगी के शासन में बहन-बेटियाँ सुरक्षित हैं।

कार्यक्रम का संचालन कविशा कनौजिया ने किया। इस मौके पर डी0एल0एड0 विभागाध्यक्ष शिव शंकर, बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 विभाग समन्वयक राजपाल, डॉ0 कृष्णा शर्मा, शाहिद खान, डॉ0 सुमन जौहरी, संगीता गंगवार, श्रद्धा सिंह, आलोक कुमार उपाध्याय, महक तब्बसुम, कुसुम लता, सोनिया सिंगला एवं श्री अनिल कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जे.सी.आई ने श्री पिंजरापोल गौशाला में स्थित कार्यालय का सौन्दर्यीकरण करा कर उसे गौशाला समिति को समर्पित किया गया





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जेसीआई पर्ल्स द्वारा अध्यक्ष जेसी. गरिमा बंसल की अध्यक्षता में जनपद पीलीभीत में स्थित श्री पिंजरापोल गौषाला में स्थित कार्यालय का सौन्दर्यीकरण करा कर उसे गौशाला समिति को समर्पित किया गया व उसका लोकार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गौषाला में स्थित मन्दिर में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पष्चात जे.सी.आई. पीलीभीत पर्ल्स की अध्यक्ष जेसी. गरिमा बंसल ने उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प देकर स्वागत करा। इसके पष्चात नवनिर्मित कार्यालय का लोकार्पण अध्यक्ष जेसी. गरिमा बंसल, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे.सी.आई. इन्डिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी. गुरदित्त सिंह सैहमी, जे.सी.आई. मण्डल 3 के आगामी मण्डलाध्यक्ष जेसी. गौरव अरोड़ा, जे.सी.आई. मण्डल 3 के मण्डलाध्यक्ष (2018) जेसी. नितिन कौषिक, श्री पिंजरापोल गौषाला के अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल, श्री पिंजरापोल गौषाला के सचिव देवेश बंसल ने संयुक्त रुप से किया। जे.सी.आई. पीलीभीत पर्ल्स की अध्यक्ष जेसी. गरिमा बंसल ने बताया कि जे.सी.आई. पीलीभीत पर्ल्स द्वारा अलवेली द यूनिक 2024 प्रदर्षनी का आयोजन दिनांक 5 मई, 2024 को किया गया था, जिसके द्वारा अर्जित आय से इस परमानेन्ट प्रोजेक्ट के लिए पिंजरापोल गौषाला को कार्यालय के सौन्दर्यीकरण के लिए अंषदान दिया गया जिससे यह कार्यालय तैयार हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 30 मई 2024 को जे.सी.आई. इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसी. राकेष शर्मा द्वारा इस कार्यालय के सौन्दर्यीकरण का शुभारम्भ किया गया था। इसके पष्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो द्वारा गायों को चारा, हरी सब्जी व गुड़ खिलाकर गौ सेवा भी की गई। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट निदेषक जेसी. रीना अग्रवाल, जेसी. निधि अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष जेसी. भावना कौषिक, पूर्व अध्यक्ष जेसी. करिष्मा सैहमी, जेसी. नेहा अरोड़ा, संस्था की सचिव जेसी. आदिति सक्सेना आदि सदस्य मौजूद रहे।

# बीसलपुर की प्रत्येक पंचायतों में आज वितरित की जायेगी घरौनी

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

पूर्व पंधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी के जयंती शताब्दी को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

बीसलपुर तहसील सभागार में एसडीएम नागेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार पूरे देश में 27 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भूस्वामित्व योजना के अन्तर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हें जिनके द्वारा घरौनी वितरण का काम किया जायेगा। इसके अलावा नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलायी जायेगी। बैठक में तहसीलदार कर्मसिंह, नायब तहसीलदार अबधेश कुमार सिंह, रुपेश गंगवार सहित बड़ी संख्या में राजस्व व ग्राम पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुष्प इंस्टीट्यूट में स्मार्टफोन- टैबलेट प्राप्त कर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

पुष्प इंस्टीट्यूट में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति टैबलेट एवं स्मार्टफोन योजनान्तर्गत स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, महाविद्यालय के निदेशक अनुज भटनागर उपस्थित रहे। महाविद्यालय की बी.एड. बी.बी.ए. बी.एससी. (गृहविज्ञान) 2023-24 के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन व एम.एससी. (गृहविज्ञान) की छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 सरकार द्वारा युवाओं को आधुनिक दौर से जोडने और स्वाबलम्बी बनाने से लेकर प्रदेश सरकार स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण कर रही है। स्मार्टफोन का उपयोग अच्छे व खराब रूप से किया जा सकता है। सरकार की मंशा छात्र-छात्राओं के सीखने में तकनीक के सहयोग को बढ़ावा देने की है यह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं।

स्मार्टफोन/टैबलेट प्राप्त कर छात्राओं ने कहा कि तकनीक के इस समय में उ.प्र. सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्टफोन/टैबलेट से पठन-पाठन की प्रक्रिया को समझने व और अच्छे प्रकार से करने के लिए यह स्मार्टफोन अधिक उपयोगी सिद्ध होगा। साथ ही उन्होंने पीलीभीत जिले में हुए विकास की कड़ी में मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज के खुलने की भी जानकारी छात्र/छात्राओं को दी। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया व निदेशक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अरीना खान ने किया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र कुमार, प्राचार्य डॉ.मो.सलीम, डॉ.गीतिका शुक्ला, गृहविज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. विनीता बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. ओम महेश, सहित समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहें।

# घर पर काम करने वाला युवक पांच हजार रुपए लेकर हुआ गायब

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया निवासी एक ग्रामीण के घर गुजरात का रहने वाला एक लड़का आ गया था। जिसको उन्होंने पुलिस से कहकर सुपुर्दगी में ले लिया था। जो तीन दिन पूर्व कहीं लापता हो गया। मामले की गुमशुदी ग्रामीण ने कोतवाली में दर्ज करने को प्रार्थना पत्र दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया निवासी दिलीप कुमार शुक्ला ने कोतवाली में दी गई गुमशुदी की तहरीर में कहा है कि डेढ़ वर्ष पूर्व अहमदाबाद गुजरात का रहने वाला एक लड़का जिसका नाम दिनेश कुमार पुत्र रूपेश कुमार था। उनके घर आ गया। उन्होंने खनंका पुलिस चौकी को अवगत कराने के बाद अपनी सुपुर्दगी में ले लिया। जो उनके यहां खेती-बाड़ी का काम किया करता था। विगत 22 दिसंबर को शाम 4 बजे शाम लगभग घर से दुकान पर कोई चीज लेने गया था। फिर वहीं से वह लापता हो गया। काफी खोज की किंतु पता नहीं चला। वह घर से 5 हजार रुपए भी ले गया। वह घर जाने को कह रहा था। वहां भी नहीं पहुंचा उक्त युवक दिनेश कुमार की गुमशुदी दर्ज कर कार्यवाही की जाने की गुहार ग्रामीण ने पुलिस से लगाई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेने के बाद मामले में खोजबीन करना शुरू कर दिया है।

# टाइगर रिजर्व में हॉर्नबिल सप्ताह समारोह का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गुरुवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बराही और महोफ वन रेंज के वन क्षेत्र कर्मचारियों के लिए हॉर्नबिल सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में सप्तसरोवर (सातझाल) पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल पर हॉर्नबिल के बारे में जागरूकता पर एक विशेष प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण विज्ञान विभाग, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ जूलॉजी विभाग, इसाबेला थोबर्न कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड और उत्तर प्रदेश वन विभाग की एक संयुक्त पहल थी। सत्र में 30 से अधिक वन कर्मचारियों और अधिकारियों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई। प्रशिक्षण सत्र अत्यधिक जानकारीपूर्ण था, जिससे हॉर्नबिल संरक्षण से संबंधित अग्रिम पंक्ति के वन कर्मचारियों की समझ और कौशल में वृद्धि हुई। सत्रों में उनके पारिस्थितिक महत्व, उनके प्रजनन और घोंसले के बारे में छिपे तथ्यों, उनके सामने आने वाले खतरों और संभावित शमन उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागी निवास प्रबंधन, व्यवहार संबंधी टिप्पणियों और संघर्षों को कम करने की रणनीतियों पर चर्चा में सक्रिय रूप सम्मिलित हुए। यह पहल जैव विविधता के संरक्षण में, विशेष रूप से हॉर्नबिल आबादी के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश के अग्रिम पंक्ति के संरक्षण कार्यकर्ताओं को शामिल करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा थी। सत्रों को प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ प्रो. मनोवर आलम खालिद और उनकी समर्पित शोधकर्ताओं की टीम रुचिरा निगम और आसिफ अहमद सिद्दीकी ने इन प्रतिष्ठित प्रजातियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक अनुसंधान और सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में प्रभागीय वन अधिकारी मनीष सिंह ने सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम पीसीसीएफ और सी.डब्ल्यू. एल. डब्ल्यू, (वन्यजीव), अनुराधा वेमुरी. (आई.एफ.एस.) और प्रभाकर बूरा (आई. एफ. एस।), सचिव उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड का सहयोग रहा।

## दरोगा जी की मनमानी- शिकायत निस्तारण में लापरवाही का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर ।** जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता बेटी की बरामदगी के लिए पीड़ित पिता ने थाने के चक्कर काटे, लेकिन पुलिस की उदासीनता के कारण मामला ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। थक-हारकर पिता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके निस्तारण का जिम्मा दरोगा अनिल तिवारी को सौंपा गया। आरोप है कि दरोगा तिवारी ने शिकायत का निस्तारण करने के बजाय मनमाने तरीके से मुख्यमंत्री पोर्टल पर गलत रिपोर्ट प्रस्तुत कर अधिकारियों को गुमराह किया। दरोगा ने अपनी रिपोर्ट में आरोपियों के सही पते की जगह 7 किलोमीटर दूर दूसरे गांव का पता दिखाया। पीड़ित का आरोप है कि दरोगा ने जानबूझकर आरोपियों को बचाने के लिए यह कदम उठाया। अब सवाल उठ रहा है कि ऐसे लापरवाह रवैये से न्याय कैसे मिलेगा? पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# 46 हजार हे. में होंगी बसंतकालीन गन्ना बुवाई- खुशीराम भार्गव

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**






प्रभु नारायण सिंह गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गए निर्देश के क्रय में बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु माइक्रोप्लान बनाया गया है। बसंतकाल में 46 हजार हे. में गन्ना बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बुवाई कार्यक्रम हेतु गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नोडल अधिकारी होंगे। बुवाई हेतु प्रचार प्रसार के लिए 140 टीमें गठित की गयी है। इन टीमों में राजकीय गन्ना पर्वेक्षक, समिति कर्मचारी, चीनी मिलो के गन्ना पर्वेक्षक सम्मिलित होंगे। सभी चीनी मिलो के महाप्रबंधक गन्ना एवं मुख्य गन्ना अधिकारी अपनी चीनी मिलो में बुवाई हेतु जिम्मेदार होंगे। पीलीभीत चीनी मिल मे सर्वाधिक 21000 हे. में गन्ना बुवाई होंगी, बरखेड़ा में 13000 हे., बीसलपुर में 5600 हे, पूरनपुर में 3500 हे. में बुवाई होंगी स इसके अतिरिक्त 3500 हे. में चीनी मिल गुलरिया, निगोही, फरीदपुर एवं मकसूदापुर द्वारा बुवाई करायी जायेगी। बसंतकाल में को. 0118, कोशा. 13235, कोशा. 17231, को. लख. 14201, को. लख. 16202, को. लख. 15466, को. 15023, को. शा. 16233, कोशा. 9232, व अन्य किस्मो की बुवाई की जायेगी। अभी से पौधशालाओं एवं कृषक प्रक्षेत्र पर गन्ना बीज को सुरक्षित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बसंतकालीन गन्ना बुवाई के अभियान को सफल बनाने हेतु सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने गन्ना पर्वेक्षको को बताया कि वह अपने अपने क्षेत्र में गन्ना किस्म को. 0238 की बुवाई न होने दे। इसके लिए गॉव गॉव जाकर गोष्ठी आयोजित करे। जिन किसानो के पास बोने के लिए बीज नहीं है उनको बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराये। जनपद में बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। गन्ना बुवाई के लिए सभी चीनी मिलो, गन्ना विकास परिषदों को लक्ष्य दिये गए है,

दिये गए लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति किया जाना है। उक्त बैठक में गन्ना विकास परिषद पीलीभीत, मझोला बरखेड़ा के गन्ना पर्वेक्षक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव, एल. एच. चीनी मिल के गन्ना प्रमुख व अन्य लोगो ने प्रतिभाग किया।

# जहर से विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप लगाकर हंगामा

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**



शहर के कोर्ट रोड निवासी श्रुति (27) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उत्तराखंड के ज्वालापुर से पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पति, ससुर और परिवार के अन्य सदस्यों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया। हंगामे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ससुर और पति को हिरासत में लिया गया है।

कोर्ट रोड निवासी मुकुल का विवाह दो साल पहले ज्वालापुर की श्रुति के साथ हुआ था। बुधवार रात श्रुति को गंभीर हालत में शहर के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार को मायके पक्ष के लोग पहुंचे और कचहरी के सामने आवास पर हंगामा किया। परिजनों का कहना था कि जहरीला पदार्थ खिलाकर श्रुति की हत्या की गई है। सीओ सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है। श्रुति का एक साल का बेटा है, जो मां के लिए बिलख रहा था।

## विधायक ने किया गुड़बड़ी की नई लाइन का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अवनीश पांडेय ।** जौनपुर। विकास को गति देने के उद्देश्य से विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने गुरुवार को गुड़बड़ी उपकेंद्र के लिए नवनिर्मित 12 किमी लंबी बिजली लाइन का शुभारंभ किया।



यह लाइन ताखा पश्चिम से लेकर गुड़बड़ी विद्युत उपकेन्द्र तक जाएगी। जिसके बाद आस-पास के गांवों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इस दौरान श्री सिंह ने कहा, यह परियोजना क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल बिजली की समस्या दूर होगी, बल्कि औद्योगिक और घरेलू उपयोगकर्ताओं को भी लाभ मिलेगा।卐 उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था और इसे तय समय सीमा में पूरा कर लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा व निषाद पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के अलावा बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उपस्थित जनता ने इस पहल की सराहना की और विधायक का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में बिजली विभाग शाहगंज के अधिशासी अभियंता सन्तोष कुमार मिश्र ने बताया कि नई लाइन की मदद से बिजली कटौती की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी और यह भविष्य में बढ़ती बिजली मांग को भी पूरा करने में सक्षम होगी। इस दौरान विधायक ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे बिजली के उचित उपयोग और बिल भुगतान में सहयोग करें, ताकि क्षेत्र का विकास लगातार जारी रहे।

# बिल्हौर ककवन के दिव्यांग बच्चों को अंतर विभागीय समन्वय से विभिन्न योजनाओं का हुआ पंजीयन

- बीईओ टीम द्वारा स्कूलों से आने-जाने के वाहनों की व्यवस्था और भोजन की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को शासन द्वारा अवगत कराया गया था दिव्यांग बच्चों को ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों को अंतर विभागीय समन्वय से विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य खंड विकास अधिकारी बिल्हौर कार्यालय प्रांगण में एक शिविर का आयोजन किया गया शिविर के कार्यक्रमों का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा व शिव नरेश राजपूत खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह व कमलेश कुमार गुप्ता द्वारा सरस्वती पूजन हुआ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया विकास खंड बिल्हौर व ककवन के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं का पंजीकरण करा कर उनका दिव्यंगता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवास योजना एवं शौचालय आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र स्वयं सहायता समूह, जन्म प्रमाण पत्र आदि को बनवाने हेतु अलग-अलग पटल की व्यवस्था की गई स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया गया खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह व कमलेश कुमार गुप्ता द्वारा विभिन्न स्कूलों से आए छात्र छात्राओं, अभिभावकों, विभागों कर्मचारियों के लिए जलपान व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई छात्राओं व विभागों के आवागमन निशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई कुल 151 छात्राओं का पंजीकरण किया गया जिसमें आईडी में 32, एलबी में 32, आईबी में 8, एच आई में 21, लोकोमोटर में 28, सीपी में 18, एसएलडी में 27 का पंजीकरण किया गया इस मौके पर टीम एआरपी सत्येंद्र मिश्रा, दीपक सक्सेना, चंद्राकर वाजपेई, राधा मोहन कुशवाहा, अनिल राम, अमर चंद्र, अश्वनी पांडे, अजय कटियार, शिक्षक धर्मेंद्र कटियार, अवनीश कटियार, डॉ वेद प्रकाश शुक्ला, मोहम्मद ताहिर, आदित्य द्विवेदी, रामानंद त्रिपाठी, चंद्रशेखर, डॉ.पुष्पेंद्र सिंह, सौरभ कटियार, शशांक द्विवेदी, अजय पाल, आरती सिंह, नीलम कनौजिया, रेखा भांतू, शशि, मुक्ति त्रिवेदी, आशा कटियार, नरेंद्र कुमार, श्याम कुमार, अशोक कुमार, राकेश कुमार, चिंतामणि, मोहम्मद फारूक, वसुंधरा वर्धन, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। ककवन ब्लॉक का काम सुस्त होने पर वहां भीड़ लगी है जिसकी शिकायत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह से पत्रकारों ने की जिस पर वहां पर मौजूद न होने पर खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता को अधिकारी ने फटकार लगाई। शाम 4¬50 तक ककवन क्षेत्र के बच्चे व शिक्षक अशोक कुमार ब्लॉक के बाहर वाहन का इंतजार कर रहे थे।

# शिवराजपुर ब्लॉक शिक्षा कार्यालय परिसर में एक दिवसीय उन्मुखीकरण/ संगोष्ठी का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर खंड शिक्षा कार्यालय परिसर में ब्लॉक के सभी जनप्रतिनिधियों व अध्यापकों के साथ एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह के संरक्षण तथा कृपा शंकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व एवं दिशा निर्देशन ब्लाक संसाधन केंद्र शिवराजपुर में ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी- निकाय के सदस्यों एवं प्रधानाध्यापक/ इंचार्ज प्रधानाध्यापक का एक द्विवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण/संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शुभम वाजपेई (ब्लॉक प्रमुख) द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम को विस्तार देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने आज के उन्मुखीकरण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ.दिलीप यादव, गिरीश दीक्षित, संध्या यादव ने निपुण भारत मिशन के बारे में चर्चा की। वरुण प्रजापति ने प्रेरणागीत प्रस्तुत करके ऊर्जा का संचार किया। आदरणीय ब्लॉक प्रमुख महोदय ने विकासखंड शिवराजपुर में शैक्षिक परिवेश में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना की तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि विकासखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी समस्या का निस्तारण करवाने हेतु आर्थिक, सामाजिक या किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सदैव उपस्थित हैं।

उन्होंने निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापको को प्रशस्तिपत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, सभासद तथा प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग करके कार्यशाला को सफल बनाया। कार्यक्रम व्यवस्था में गजेंद्र सिंह सरिता कटियार सुबोध शुक्ला जितेंद्र गौड शैलेंद्र यादव, प्रदीप शर्मा अरविंद शुक्ला विजयसिंह, रूपांजलि अरुणिमा, निशा शाक्य, रेनू रजत तथा डॉ प्रगति रघु सक्सेना मीडिया प्रभारी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# चोरों ने ट्रांसफार्मर से तेल व कॉपर किया चोरी, दो सौ घरों की विद्युत सप्लाई हुई बाधित



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपूरा क्षेत्र में बुधवार रात अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसमें मौजूद विद्युत परिवर्तक तेल व क्वाइल चोरी कर ले गए जिससे क्षेत्र के लगभग दो सौ घरों की विधुत सप्लाई बाधित हो गई। उत्तरीपूरा विद्युत उपकेंद्र के अपर अभियंता (जेई) संदीप कुमार ने गुरुवार को पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि पूरा ग्राम पंचायत में पुरानी सड़क पर रखें 400 केवीए के ट्रांसफार्मर को बुधवार रात कुछ अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए उसे क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें मौजूद विद्युत परिवर्तन तेल व ट्रांसफार्मर के क्वाइल चोरी कर ले गए। जिससे लगभग दो सौ घरों की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई। बिजली न आने पर ग्रामीणों की शिकायत के कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग करना शुरू की तब मामले की जानकारी हुई, तब घटना की जानकारी हुई।

अपर अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की। वहीं अपर अभियंता ने विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से शुरू करने के लिए विभागीय कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिए मौके पर पहुंची पुलिस को एक कत्थई कलर की साल मिली जिससे लोगों ने अनुमान लगाया कि चोर चोरी करने के बाद साल भूल कर चले गए जो कि बाउंड्री पर साल रखी मिली साल की मदद से पुलिस चोरों तक पहुंचने की उम्मीद में जांच पड़ताल में जुट गई।

# जिलाधिकारी ने यातायात को सुगम बनाने के लिए उप जिला अधिकारी को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात सुदृढ़ीकरण, सिटी प्लानिंग, जामिंग की समस्या आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों यथा राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर सेव लाइफ फाउण्डेशन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल क्रैश प्रॉन लोकेशन पर की गयी कार्यवाही, गड्ढामुक्ति, 34 चिन्हित ब्लैक स्पॉटस के सुधार हेतु की गयी कार्यवाही, ई-रिक्शा के पड़ाव व उनके संचालन, दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों में एम्बुलेंस की उपलब्धता, डग्गामार/ अनाधिकृत वाहनों के संचालन, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, सिटी प्लानिंग की प्रगति आदि सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद में चिन्हित किए गए 34 ब्लैक स्पॉटस पर आवश्यक कार्य जैसे बार मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, लाइट की व्यवस्था, हाईमास्ट, साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप आदि निर्धारित मानकों के अनुसार तुरन्त पूर्ण करा लिए जाएं। शहर में जामिंग की समस्या को रोकने के लिए बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। डग्गामार/ अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर पूर्णतया रोक लगायी जाए तथा ओवरलोडिंग को प्रतिबन्धित किया जाए। परिवहन विभाग ज्यादा से ज्यादा प्रर्वतन कर ओवरलोडिंग व अनाधिकृत वाहनों के संचालन को रोके।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी को निर्देश दिए कि दही चौकी पर यातायात को सुगम बनाने के लिए एन0एच0-27 व पुरवा रोड से अवैध अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें। अधिशाषी अभियन्ता एन0एच0 ए0 आई0 को निर्देश दिए कि आवास विकास सर्विस रोड को सही कराएं तथा एन0एच0-27 पर चिन्हित किए गए सभी 17 अवैध कटों को बन्द करवाया जाए।

बैठक में एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी प्रान्तीय खण्ड हरदयाल अहिरवार, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी निर्माण खण्ड प्रथम सुबोध कुमार सिंह, एआरटीओ श्वेता वर्मा, डीआईओएस एस0पी0 सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

# स्काउट और गाइड्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



जन एक्सप्रेस । उन्नाव



नवाबगंज। जैतीपुर स्थित मन्नालाल इंद्राणी कुंवर इंटर कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में दो दिवसीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को प्रारंभ हुआ। जिसमें नवाबगंज के जीजीआईसी एवं श्यामलाल इंटर कॉलेज व जैतापुर के एमएलआईके इंटर कॉलेज के स्काउट और गाइड्स ने प्रतिभाग किया।

शिविर का मुख्य अतिथि तहसील हसनगंज के सहायक जिला आयुक्त स्काउट और श्याम लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर अनूप सिंह ने शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्काउट और गाइड को अनुशासित जीवन शैली अपनाने और दूसरों को मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया। कहाकि स्काउटिंग एक जीवन शैली है जो विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी निर्वाह करने को स्काउट को तैयार करती है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रवक्ता विजय सोनकर एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त वरिष्ठ लिपिक अजय प्रताप सिंह ने की। इस दौरान जिला ट्रेनिंग काउंसलर और स्काउट प्रभारी विनोद विश्वकर्मा, मुख्य प्रशिक्षक भरत कुमार, स्काउट प्रभारी संदीप कुमार मिश्र, गाइड प्रभारी अंजू गुप्ता, शालिनी त्रिपाठी समेत संदीप कुमार सिंह, आनंद कुमार, जयप्रकाश, रणवीर सिंह, प्रीती सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पंजाब से रामलला के दर्शन करने आया छह साल का बच्चा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



नवाबगंज। यह मोहब्बत अबोहर पंजाब से अयोध्या तक दौड़ेगा का स्लोगन लगा हाइवे पर चल रहे छोटा हांथी वाहन के साथ 6 वर्ष का बच्चा दौड़ लगाकर रामलला के दर्शन करने जा रहा है। कस्बे में पहुंचते ही माला पहनाकर बच्चे का स्वागत किया गया और उसके रुकने की व्यवस्था की गई। पंजाब प्रांत के अबोहर शहर निवासी यू केजी के छात्र मोहब्बत को रामलला के दर्शन का इतना नशा चढ़ा की वह दौड़ कर अयोध्या जा रहा है। साथ में पिता रिंकू बागड़ी छोटा हांथी वाहन से चल रहे हैं। रिंकू बागड़ी ने बताया कि वह 14 नवम्बर को घर से निकले थे 42 दिन में करीब 9 सौ किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं प्रतिदिन 18 से 20 किलोमीटर चलते हैं 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने पर दर्शन करेंगे। बताया कि मोहब्बत जब 3 साल का था तब से अपनी मर्जी से दौड़ लगाता है अब घर पर प्रतिदिन 15 किलोमीटर की दौड़ लगाता है। नवाबगंज कस्बे में पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष बालेन्द्र प्रताप सिंह ने मोहब्बत का हौसला बढ़ाते हुए माला पहनाकर स्वागत किया और कस्बे के एक होटल में रुकने की व्यवस्था कराई।

इस दौरान अजय प्रताप सिंह, मोहित सिंह, राहुल सिंह, अविनाश सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट के निर्देश पर धोखाधड़ी और रंगदारी के आरोप में तीन पर रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली के गांधी नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया है।

गांधी नगर

निवासी विनय कुमार बाथम ने शिकायत में कहा कि मोहल्ले के ही मोतीलाल, बृजेश और लाला ने उनके साथ धोखाधड़ी की।

जब उन्होंने इस मामले को लेकर उनसे बात की,

तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी और रंगदारी की मांग की। विनय कुमार ने इस संबंध में थाना पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई।

इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अब पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जन्मदिन के अवसर पर कंबल वितरण किया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**शुक्लागंज।** संदेश फाउंडेशन द्वारा संस्था के अध्यक्ष संदीप पांडे जी के जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सफाई कर्मचारियों और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना और ठंड के मौसम में उनकी कठिनाइयों को कम करना था।

इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्षा कौमुदी पांडे जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने संदेश फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह समाजसेवा का एक अनुकरणीय प्रयास है, जो दूसरों को प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस नेक कार्य के लिए संदीप पांडे जी को शुभकामनाएँ दीं और फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने के साथ किया गया।

# निकली पालकी, यात्रा में गूंजा जियो और जीने दो का संदेश

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**फतेहपुर।** नगर क्षेत्र में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में गुरुवार को भगवान चन्द्रप्रभु व भगवान पार्श्वनाथ का जन्मकल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पालकी यात्रा में जियो और जीने दो का संदेश गूंजा। पावन अवसर पर प्रातः काल भक्तों ने भगवान को पांडुक शिला पर विराजमान कर पंचामृत अभिषेक शांतिधारा के साथ आरती एवं चालीसा पाठ किया। ततपश्चात मंदिर मे बड़ी संख्या में शामिल होकर भक्तों ने भगवान चन्द्रपभु व भगवान पार्श्वनाथ को पालकी पर विराजमान कर पालकी शोभा यात्रा निकाली। यात्रा जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर पचघरा, ब्रह्मणी टोला, भगवान महावीर मार्ग, सब्जी मंडी व महावीर जैन चौत्यालय होते हुए पुनः पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। भक्तों ने पालकी पर विराजमान श्री जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात आरती कर लोगों में प्रसाद वितरण किया। वही संध्या वेला में मंगल आरती के साथ दीप अर्चना की गई। इस मौके पर सचिन जैन, टीनू जैन, राजा जैन, ऋषभ जैन, जीतू जैन, विजय जैन, दीपू जैन, अरविंद जैन, आलोक जैन, उमंग जैन, तरंग जैन सहित काफी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

# डुगडुगी पिटवाकर कुर्की का नोटिस किया चस्पा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शारदा नगर में रहने वाले एक हत्या के आरोपी के फरार होने पर कोर्ट ने सख्त कार्रवाई की है। कोर्ट में बार-बार हाजिर न होने पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से कुर्की उद्घघोषण की कार्रवाई करते हुए उसके घर पर डुगडुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा की है।

कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि आजाद नगर, शारदा नगर बस्ती निवासी धीरज पुत्र सुरेश पर हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। पुलिस द्वारा काफी तलाश करने के बावजूद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। इस पर पुलिस ने न्यायालय से सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कुर्की उद्घघोषण और नोटिस चस्पा करने का आदेश प्राप्त किया। गुरुवार को पुलिस बल की मौजूदगी में हत्यारोपी के घर पर डुगडुगी पिटवाई गई, जिससे आसपास के लोगों को भी इस कार्रवाई की जानकारी मिली। इसके बाद न्यायालय का नोटिस उसके घर पर चस्पा किया गया, जिसमें उसे निश्चित तिथि तक न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया गया है। इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने बताया कि यदि आरोपी इसके बाद भी हाजिर नहीं होता है, तो सीआरपीसी की धारा 83 के तहत उसकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश न्यायालय से प्राप्त किया जाएगा और उसकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

# एएसपी ने किया शिवम हत्याकाण्ड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार, कुल्हाड़ी बरामद

- पुलिस ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का किया अनावरण

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



बहन के प्रेमी ने प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे भाई की हत्या कर शव को शारदा सहायक शहाबपुर नहर मे फेंक दिया। पुलिस ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का अनावरण कर हत्याभियुक्त को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया। बताते चले कि गत रविवार को जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लालापुर मजरे पिपरौली निवासी सुशील कुमार तिवारी का 22 वर्षीय पुत्र शिवम तिवारी रविवार की सुबह बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देने के लिए अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सागर इंस्टीट्यूट में परीक्षा देने के लिए आया था जो देर रात्रि घर वापस न लौटने पर परिजनों ने किसी अनहोनी घटना को लेकर गुमशुदगी की तहरीर दी थी। सोमवार को शिवम तिवारी की मोटरसाईकिल शारदा सहायक शहाबपुर में पड़ी मिली। पुलिस ने काल डिटेल का सहारा लेते हुए मृतक के शव की दो दिनों तक एसडीआरएफ टीम के सहयोग से तलाश की। बुधवार को मृतक शिवम का शव नहर से बरामद हुआ। पुलिस ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी जय सिंह गौतम पुत्र ब्रम्हानन्द गौतम को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया। हत्याभियुक्त की निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त कुल्हाड़ी एव मृतक का मोबाईल बरामद किया। पुलिस की गिरफ्त में आये हत्याभियुक्त जय सिंह गौतम पुत्र ब्रम्हानन्द गौतम ने बताया कि मृतक शिवम तिवारी की बहन शहाबपुर राजकीय इंटर कालेज मे पढ़ती है। हत्याभियुक्त बहन का क्लासमेट है। दोनों के बींच प्रेम प्रसंग होने के कारण जय सिंह गौतम अपनी प्रेमिका के घर भी आता जाता था। दोनों के बींच प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर शिवम तिवारी ने विरोध करते हुए घर आने पर अंकुश लगा दिया जिससे प्रेम मे बाधा बन रहे शिवम को रास्ते से हटाने के लिए 20 व 21 दिसंबर को प्लान बनाया।

लेकिन सफल न होने पर 22 दिसंबर को जब परीक्षा के बाद शिवम चौपुला पुल के निकट एक दुकान पर पार्ट टाइम काम कर रहा था तभी हत्याभियुक्त ने शिवम को फोन कर छोटी बहन के पुत्री होने पर पार्टी देने के लिए बुलाया और नहर के किनारे शराब व चाउमीन खाने के बाद पहले से छिपा कर रखी कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। शव को नहर में फेंक दिया था। स्वाट एवं सर्विलांस टीम प्रभारी के सहयोग के साथ प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह, हेड कांस्टेबल विवेक सिंह, कांस्टेबल अंकित सचान, संजय विष्वकर्मा ने शहाबपुर पुलिया के निकट से गिरफ्तार किया।

# भाकियू ने घेरा थाना, आश्वासन पर माने कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**फतेहपुर।** थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस द्वारा पेड़ काटने के मामले में एक किसान का उत्पीड़न कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का मामला सामने निकलकर आया है। जिसको लेकर भाकियू अराजनेतिक गुट के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। मुकदमा समाप्त न करने पर किसानों ने वहीं से लखनऊ मार्च का एलान कर पुलिस को अल्टीमेटम दे दिया। मामले को तूल पकड़ता देख पुलिस अधिकारियों ने किसानों के बीच बैठ कर निर्णायक वार्ता की। और मुकदमा खत्म कराने का आष्वासन दिया। इस के बाद कही जाकर कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया। मामला थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के फूलपुर चौराहे का है। जहां पर विगत 23 दिसम्बर को इस थाने के एसआई श्रीराम शुक्ला ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया था कि एसआई शवाब हैदर व सिपाहियों ने लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली के साथ एनुद्दीनपुर निवासी छोटू पुत्र हैदर अली को फूलपुर चौराहे के पास से पकड़कर थाने ले आयी थी। जिस पर पुलिस की पूछताछ में छोटू ने बताया, पेड़ इसी गांव के आशीष पुत्र उमाकांत द्वारा कटाए गये है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर ट्रैक्टर ट्राली थाने में खड़ी करवा दी थी। जिसकी जानकारी रामनगर के भाकियू उमाकांत भ रामनगर के तहसील अध्यक्ष है। उन्होंने इसकी जानकारी संगठन के पदाधिकारियों को दी तो आक्रोश फैल गया। भाकियू (अरा0) के मंडल उपाध्यक्ष जैसीराम आर्य व फतेहपुर तहसील अध्यक्ष मुकुन्दीलाल समेत कई पदाधिकारी व किसानों ने थाने पहुंच कर वार्ता की।

## लोगों की मदद करो...उन्हें तकलीफ मत दोरू गोप

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। क्रिसमस का यह लाल रंग एकता, सौहार्द और प्रेम का प्रतीक है, जिनके जीवन में प्रेम नहीं वही इस रंग में दुर्भावना रखते है। क्रिसमस एक ऐसा त्यौहार जो ईसा मसीह के जन्म से शुरू होता है। यह त्यौहार हमें मानवता को प्रेम तथा करूणा से जोड़ता है। ईसा मसीह ने कहा कि लोगों की मदद करो। उन्हें तकलीफ मत दो। यही सन्देश ईसा मसीह के जन्मदिन को सार्थक बनाता है। यह बात गांधी भवन में गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा क्रिसमस के अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। इस दौरान श्री गोप ने महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के 30 नवोदित खिलाड़ियों को ट्रैकशूट व नन्हें मुन्हें बच्चों को उपहार भेंटकर क्रिसमस की खुशियां साझा की। श्री गोप ने कहा कि आज दुनिया में युद्ध और संघर्ष की आशंकाओं के बीच यीशु की शिक्षाएं शांति और सौहार्द का सार्थक संदेश दे सकती है। हमें सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि जीवन को सुखमय बनाने में शांति और अहिंसा का अभूतपूर्व योगदान है।

# हम नेहरू-गांधी की विचारधारा और बाबा साहब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे : खरगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक को संबोधित करते गुए कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि, हम नेहरू-गांधी विचारधारा और बाबासाहेब अंबेडकर के सम्मान के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा चुनाव आयोग जैसी सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है, लेकिन हम यह लड़ाई लड़ते रहेंगे।





### चुनाव प्रक्रिया में लोगों का विश्वास कम हो रहा है- खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि चुनाव प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कम हो रहा है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव नियमों में बदलाव करके यह सरकार क्या छिपाने की कोशिश कर रही है, जिसे साझा करने का आदेश अदालत ने दिया है। उन्होंने आगे कहा कि 2025 संगठन को मजबूत करने का वर्ष होगा, पार्टी में रिक्त पदों को भरा जाएगा और उदयपुर घोषणा को पूरी तरह लागू किया जाएगा। पार्टी को चुनाव जीतने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया जाएगा, वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध लोगों को ढूंढा जाएगा जो संविधान और भारत के विचार की रक्षा करेंगे।

### कांग्रेस के पास विचारधारा की ताकत- खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि कांग्रेस के पास विचारधारा की ताकत है, गांधी-नेहरू की विरासत है और महान नायकों की विरासत है। उन्होंने कहा, हम बेलगावी से नया संदेश और नया संकल्प लेकर लौटेंगे। इसीलिए हमने इस बैठक का नाम नव सत्याग्रह रखा है, क्योंकि आज संवैधानिक पद पर बैठे लोग भी महात्मा गांधी के सत्याग्रह पर सवाल उठा रहे हैं।

### पीएम आंबेडकर के 'अपमान' पर गलती स्वीकार करने को तैयार नहीं

मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार गृह मंत्री अमित शाह की तरफ से बीआर आंबेडकर के बारे में की गई बेहद अपमानजनक टिप्पणी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक नव सत्याग्रह बैठक में अपने भाषण में खरगे ने आरोप लगाया कि इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा में आंबेडकर पर शाह का बयान संविधान निर्माता का बेहद अपमानजनक है। हमने आपत्ति जताई, विरोध किया, प्रदर्शन किया। अब पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री और सरकार अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफा देने की बात तो दूर, उन्होंने आपत्तिजनक बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री के बचाव में बयान जारी किया और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया।

# कांग्रेस के कार्यक्रमों से घबराई भाजपा

## सुरजेवाला ने कहा, तुच्छ बहाने बनाना बंद करे सत्ताधारी दल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक के बेलगावी में महात्मा गांधी की तरफ से कांग्रेस की बागडोर संभालने के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों से भाजपा बुरी तरह घबरा गई है और नाराज है। इसके साथ ही कांग्रेस ने केंद्र में सत्ताधारी पार्टी से कहा कि वह तुच्छ बहाने बनाना बंद करे।



### तुच्छ बहाने बनाना बंद करे भाजपा- सुरजेवाला

रणदीप सुरजेवाला ने आगे कहा, गोडसे की विचारधारा, जिसने भारतीय संविधान को नकार दिया और छह दशकों से अधिक समय तक तिरंगा नहीं फहराया, उसे तुच्छ बहाने बनाना बंद कर देना चाहिए। सुरजेवाला ने कहा, जब भाजपा ने कांग्रेस पर अपने पोस्टरों में भारत का नक्शा प्रदर्शित करने के लिए हमला किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर में अक्साई चिन शामिल नहीं था। कांग्रेस नेता ने कहा, जब गांधीजी जीवित थे, तब उन्होंने उनका विरोध किया था और हिंसा और विभाजन की उन्हीं ताकतों की तरफ से उनकी हत्या के बाद वे उनके विचारों को नष्ट करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि गांधीजी लाखों लोगों के दिलों में रहते हैं और उनके प्रतिशोध के समय से बहुत आगे तक भारत और दुनिया का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### 'आधुनिक समय की ईस्ट इंडिया कंपनी है भाजपा'

कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आधुनिक समय की ईस्ट इंडिया कंपनी करार दिया, जो गांधीवादी विचारधारा के प्रसार से परेशान हो जाती है। बता दें कि, महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के 100 साल होने के मौके पर कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बेलगावी में हो रही है।

### सुरजेवाला ने एक्स पर साझा की तस्वीरें

उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद के 100वें वर्ष का जश्न मना रही है और उनकी विचारधारा का प्रसार और उनके आदर्शों का पालन करना जारी रखेगी, जिसे भाजपा कभी नहीं समझेगी और न ही बर्दाश्त करेगी। सुरजेवाला ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी कहा- नव सत्याग्रह बैठक, बेलगाम! महात्मा गांधी नगर, वीरा सौधा से गांधीवादी खुशबू की झलक! उन्होंने नव सत्याग्रह बैठक की तस्वीरें साझा कीं, जहां सीडब्ल्यूसी की बैठक हो रही है। उन्होंने आधिकारिक स्थल पर भारत के नक्शे की एक तस्वीर भी साझा की।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी में अंदरखाने घमासान से बेफिक्र प्रदेश संगठन

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

जनरल वी के सिंह के मिजोरम का राज्यपाल बनाकर जिला गाजियाबाद भाजपा संगठन की आपसी खींचतान को बहुत हद तक कम कर दिया है। ज्ञात हो कि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के विधायक बनने के बाद महानगर अध्यक्ष पद को लेकर महानगर की आंतरिक राजनैतिक माहौल गरम है। अनुशासन की डोर में बंधे सभी नेता अपने अपने राजनीतिक आकाओं के आवास और कार्यालय की गणेश परिक्रमा में लगे हैं। जबकि क्षेत्रीय संगठन की चुप्पी बड़े राजनीतिक बदलाव का रुख का इशारा कर रही है। कांग्रेस और सपा के पीडीए के फार्मूले की हवा को देखते हुए भाजपा किसी भी राजनीतिक प्रयोग करने से नहीं हिचकेगी। गाजियाबाद जनपद भाजपा के गढ़ के रूप में उभरा है। जिसमें लगातार दो बार के सांसद और मंत्री होने के बावजूद जनरल वी के सिंह का टिकट काटकर भाजपा ने सबको चौंका दिया था। इतना ही नहीं सेटिंग शहर विधायक अतुल गर्ग को सांसद घोषित करने से लेकर बड़ी जीत तक भाजपा का अभेद्य किला अब गाजियाबाद बन गया है न इसलिए असंतोष के स्वर का कोई असर संगठन पर होगा उम्मीद कम है।

### अगड़े पिछड़े की लड़ाई में संगठन का निर्णय ही सर्वोपरि

जनपद गाजियाबाद में जिस प्रकार से राजपूत संगठन द्वारा खुले आम प्रेस वार्ता करके अपने राजनीतिक अनदेखी को विषय बनाया उसे भी महानगर अध्यक्ष के चुनाव से जोड़कर देखा गया। लेकिन वैश्य समुदाय भी लगातार अपनी स्थिति को धार देने के लिए अंदरखाने लगा हुआ है। जबकि पिछड़े और अनसूचित जाति की राजनीति महत्वाकांक्षा को धार देने के लिए भी बड़ी जोर आजमाइश अंदरखाने शुरू है। क्षेत्रीय और प्रदेश संगठन अब सतर्क होकर ऐसा अध्यक्ष चुनने के मूड में है जिसका जुड़ाव प्रदेश संगठन के प्रति ज्यादा हो। प्रदेश संगठन अब महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी में इस पर ज्यादा ध्यान देगी कि जिले की आपसी राजनीतिक खींचतान सार्वजनिक प्रश्न नहीं बने अथवा गुटबाजी संगठन पर हावी नहीं हो। जिसका खामियाजा पूर्व सांसद और वर्तमान में नए नए राज्यपाल बनाए गए जनरल वी के सिंह ने भुगता था।



# किसी ने बचाई जिंदगी तो किसी ने कला जगत में किया नाम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के 17 विजेताओं को सम्मानित किया। कला, संस्कृति और खेल जगत के साथ ही बच्चों को बहादुरी के लिए बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये सम्मान समारोह राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं ने देशभक्ति का जो उदाहरण पेश किया है, वह इस बात का विश्वास है कि हमारे देश का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथों में सुरक्षित है। बाल पुरस्कार विजेताओं में किसी ने अपनी बहादुरी से कई जिंदगियां बचाईं तो किसी ने कला और संस्कृति के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया।






### केया हटकर

बाल पुरस्कार विजेताओं में 14 वर्षीय केया हटकर का नाम शामिल है। केया एक लेखक हैं और साथ ही वे दिव्यांगों के अधिकारियों की मुखर समर्थक हैं। स्पाइनल मस्क्युलर एट्रॉफी नामक खतरनाक बीमारी से ग्रस्त होने के बावजूद केया ने कला और संस्कृति जगत में उल्लेखनीय काम किया है। वह एक बेस्टसेलिंग किताब की लेखक हैं।

### व्यास ओम जिग्नेश

17 साल के व्यास ओम जिग्नेस खतरनाक सेरेब्रल पल्सी से ग्रस्त हैं। इसके बावजूद संस्कृत साहित्य के लिए उनका समर्पण अविश्वसनीय है। व्यास को पांच हजार श्लोक मुंहजुबानी याद हैं और वे देशभर में संस्कृत साहित्य को लेकर 500 से ज्यादा कार्यक्रम कर चुके हैं। संस्कृति के संरक्षण में व्यास को देशभर में तारीफ मिली है।

### सौरव कुमार

9 साल के सौरव कुमार को बहादुरी के लिए बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सौरव ने तीन लड़कियों को डूबने से बचाया था। वहीं 17 साल के इओना थापा ने आग लगने पर 36 निवासियों को समय रहते वहां से निकलने में मदद की थी। ऐसे गजब कारनामे के लिए थापा को सम्मानित किया गया है।

### सिंदूरा राजा

15 साल के सिंदूरा राजा को अविष्कार के लिए बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सिंदूरा राजा ने पार्किंसन के मरीजों के लिए एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जिससे पार्किंसन के मरीजों को काफी मदद मिली है।

### रिशीक कुमार

17 साल के रिशीक कुमार एंटरप्रेन्योर हैं और उन्होंने कश्मीर की पहली साइबर सिक्योरिटी फर्म की शुरुआत की है। रिशीक ने हैक फ्री भारत अभियान की भी शुरुआत की है।

### हेमबती नाग और सानवी सूद

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके से आने वाली हेमबती नाग एक जूडो खिलाड़ी हैं। खेलो इंडिया नेशनल गेम्स में हेमबती ने सिल्वर मेडल जीता। वहीं 9 साल की सानवी सूद को पर्वतारोहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। सानवी किलिमंजारो पर्वत पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुकी हैं।

# किसानों ने 30 दिसंबर को किया पंजाब बंद का एलान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पंजाब**

पंजाब के किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में 30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बंद के दौरान आम जनता की सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। किसान नेता ने कहा कि बंद के दौरान मेडिकल सेवाएं और अन्य आपातकालीन सुविधाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। एयरपोर्ट पर यात्रियों और शादी समारोहों के वाहनों को रोका नहीं जाएगा। इसके साथ ही, परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक जाने में पूरी सहायता दी जाएगी। पंधेर ने युवाओं और जनता से बंद को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि यह बंद किसानों के अधिकारों और उनके भविष्य की लड़ाई है। हम पूरे पंजाब, खासकर युवाओं से अनुरोध करते हैं कि मंच द्वारा लिए गए निर्णयों का पालन करें और इस बंद को समर्थन दें।

### पंजाब बंद को किसान-मजदूर संघर्ष कमेटी का भी मिला साथ

किसान मजदूर संघर्ष कमेटी, पंजाब के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा है कि 30 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक पंजाब बंद का आह्वान है। हमें कई यूनियनों और समूहों से समर्थन मिला है। पंजाब के सरकारी और निजी कार्यालय दोनों बंद रहेंगे। 30 दिसंबर को रेल यातायात और सड़क यातायात भी बंद रहेगा।

# गाजियाबाद पुलिस : नववर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम

- शराब के नशे में गाड़ी चलाना पड़ेगा भारी, मॉल और रेस्टोरेंट पर होगी पुलिस की तैनाती

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

जनपद गाजियाबाद में नए वर्ष पर शराब पीकर हुड़दंग अथवा ड्राइविंग पर सकती है। इसके लिए 26 दिसम्बर से एतिहातन कड़े कदम उठाए जाने शुरू हो गए हैं। पुलिस आयुक्त ने सभी अधीनस्थ को कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। नए साल की धूम में जनता और युवा अपना होश नहीं खोए इसके लिए पुलिस ने पहले ही सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। जिनमें मॉल और रेस्टुरेंट और पब इत्यादि जगहों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। शांति व्यवस्था के साथ साथ अवैधानिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस कड़ी नजर रखेगी। पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस की भी सक्रिय भूमिका को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हुए है। नशे के विरुद्ध शराबरोधी यंत्र लेकर पुलिस मॉल,रेस्टुरेंट और सड़कों पर तैनात रहेगी। जिससे नशे में वाहन चालकों पर अंकुश लगे। अगर कोई निर्देश के बाद भी कानून व्यवस्था के विपरीत कार्य होता है, तो भारी जुर्माना भुगतना पड़ेगा।







# देवदूत वानर सेना के संरक्षक मंडल ने की विनोद कांबली से मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा**

- प्राथमिक धनराशि के रूप मे करीब 25 लाख जमा किए गए

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी रहे विनोद कांबली इन दोनों गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। भिवंडी के आकृति अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरो के मुताबिक उनकी स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। विनोद कांबली को नया जीवन देने की दिशा में देवदूत वानर सेना ने सराहनीय पहल की है। वानर सेना द्वारा चलाए जा रहे हेल्प विनोद कांबली मिशन के माध्यम से अब तक करीब 25 लाख रुपए की मदद इकठ्ठा की जा चुकी है। श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन द्वारा 5 लाख रुपए की चेक राशि विनोद कांबली के इलाज के लिए दी गई है। देवदूत वानर सेना और विनोद कांबली के बीच सेतु का काम कर रहे संरक्षक मंडल में शामिल शिवसेना नेता विक्रम प्रताप सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि वानर सेना के संरक्षक मंडल में शामिल महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाईक, जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार में उपनिदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे अजीत सिंह के साथ कल उन्होंने अस्पताल में विनोद कांबली से मुलाकात की। संरक्षक मंडल ने विनोद कांबली को पूरा भरोसा दिलाया कि इलाज के लिए पैसे की किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। विनोद कांबली से अस्पताल में मुलाकात के बाद प्रताप सरनाईक के व्यावसायिक कार्यालय में एक बैठक की गई, जिसमें तय किया गया कि कांबली के परिवार से मिलकर उन्हें प्राथमिक सहायता धनराशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर कांबली के इलाज का पूरा खर्च का जिम्मा उठाने वाले प्रगति अस्पताल ग्रुप के संचालक शैलेश सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष शक्ति सिंह के अलावा अशोक दुबे,सुनील दुबे समेत अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। देवदूत वानर सेना ने लोगों से अपील की है कि वे विनोद कांबली की मदद के लिए आगे आए।

# महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत यात्रियों एव कल्पवासियों हेतु गाजियाबाद प्रशासन ने जारी की स्वास्थ्य एवं यात्रा की एडवाइजरी

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह की निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद सौरभ भट्ट द्वारा महाकुम्भ-2025 हेतु आवश्यक एडवाजरी जारी किया है। जिसमें श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य से लेकर सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक जानकारी प्रमुख रूप से साझा किया गया है।



### श्रद्धालुओं हेतु स्वास्थ्य संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश

महाकुम्भ-2025 का आयोजन दिनांक 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 के मध्य उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में किया जा रहा है। मेला क्षेत्र गंगा एवं यमुना नदी के किनारों पर लगभग 4200 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। मेला क्षेत्र में दिन के समय तापमान कभी कभी 9 डिग्री तथा रात्रि में लगभग 02 डिग्री तक हो सकता है। दिन में धूप न होने पर घने कोहरे की स्थिति भी बन जाती है।

### श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुँचने से पहले की प्राथमिक पहल

- महाकुम्भ मेला 2025 मोबाईल एप डाउनलोड करें और मेला की जानकारी प्राप्त करें।
- यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें।
- बदलते मौसम के अनुसार कपड़े एवं खान-पान का सामान साथ रखें।
- गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में अवश्य रखें।
- मौसम की पूर्व जानकारी हेतु मौसम विभाग की वेबसाइट देखें। आपदा की पूर्व चेतावनी हेतु सचेत मोबाइल एप डाउनलोड कर चेक करें।
- 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। डॉक्टर की सलाह के उपरान्त ही यात्रा करें।
- पूर्व से बीमार व्यक्ति अपने चिकित्सक का परामर्श पर्चा एवं चिकित्सक का संपर्क नम्बर एवं चिकित्सक द्वारा लिखी गयी दवाईयां अपने साथ रखें।
- हृदय रोग, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतें।
- यदि आप आयुष्मान कार्ड धारक है तो कृपया अपना आयुष्मान कार्ड साथ में रखे जिससे कि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान योजना के अतर्गत मुफ्त एलाज प्राप्त हो सके।

### मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन हेतु

- संगम क्षेत्र पहुँचने हेतु पैदल भी चलना पड़ सकता है। इसीलिए शरीर में पानी का स्तर बनाये रखने के लिए पानी और ओआरएस का घोल पीते रहें।
- मेला क्षेत्र में अत्याधिक भीड़ की सम्भावना होने के दृष्टिगत गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें।
- बच्चों, वृद्धजनों एवं गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान ना करने दें।
- गहरे पानी में जाने से बचें।
- चप्पल जूते का प्रयोग करें एवं कीचड़ वाले स्थान पर ना चलें।
- सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें।
- मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें।
- खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं।
- प्रवास के दौरान खाद्य पदार्थो के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतें तथा खुले व दूषित भोज्य पदार्थो के प्रयोग से बचें।
- धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें।
- मेला क्षेत्र में मच्छरों से बचाव हेतु यद्यपि छिड़काव, धुंआ किया जाता है, फिर भी मच्छरों से बचने हेतु मच्छर रेपेलेन्ट भी साथ रखें।

### कल्पवासियों हेतु दिशा-निर्देश

- सरकारी नल अथवा वाटर एटीएम के पानी का उपयोग करें एवं खाने पीने हेतु उबालने के बाद ही प्रयोग करें।
- सब्जी, फल इत्यादि को अच्छे से धो कर ही सेवन करें।
- खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं।
- सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खाँसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें।
- गरम कपड़े, कंबल, रजाई पर्याप्त मात्रा में रखें।
- धूम्रपान और नशीले पदार्थों का सेवन न करें।
- हीटर, अलाव, इत्यादि का प्रयोग टेंट के अंदर ना करें। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है तथा हानिकारक गैसो के एकत्र होने से स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल परिस्थितिया उत्पन्न हो सकती है।

**आपात स्थिति में सम्पर्क करें**

महाकुम्भ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112, आपदा हेल्पलाइन 1077

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)